दैनिक नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, बुधवार, 18 मार्च 2026 शुक्ल पक्ष-चर्तुदशी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-15 अंक- 38 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

अपनी ऊंचाई पर इतराने वाले ऊंट को अपनी औकात का तब पता चलता है जब वह पहाड़ के नीचे आता है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुद को सबसे बड़ा खिलाड़ी समझने का मुगालता पाले बैठी थी। किसी से भी पंगा मोल लेने से नहीं हिचकती थी। वे चुनाव आयोग से भी भिड़ गई ओर अपना पांव कुल्हाड़ी पर दे मारा है। चुनाव आयोग ने चाबुक चलाकर बंगाल के मुख्य सचिव, गृह सचिव और डीजीपी की छुट्टी कर दी। इससे बिलबिला रही दीदी समझ ले कि चुनाव आयोग ने सिर्फट्रेलर दिखाया है। अभी तो पूरी पिक्चर बाकी है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा: अनुदान मांगों पर सीएम विष्णुदेव साय ने कांग्रेस पर किया प्रहार, बोले- हमने रोके लिकेज, बढ़ाया राजस्व और विकास को दी रफ्तार

ऐसा कोई सगा नहीं, जिसे कांग्रेस ने ठगा नहीं: साय

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा में बजट अनुदान मांग पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कांग्रेस के 5 साल में ये बात फेमस थी कि कोई ऐसा सगा नहीं जिसे कांग्रेसियों ने ठगा नहीं। इसके साथ ही सीएम ने नक्सलवाद, पेपर लीक, गौठान, शराब, रेत माफिया समेत कई मुद्दों को लेकर कांग्रेस पर आरोप लगाए। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि मुझे कांग्रेस के कुशासन के 5 साल याद आते हैं। उस दौरान केवल एक ही डायलॉग चलता था। ऐसा कोई सगा नहीं, जिसे इन्होंने ठगा नहीं। ये लोग न्याय की बात करते हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ की जनता को तो छोड़िये, इन्होंने अपने लोगों के साथ ही न्याय नहीं किया।

साय ने कहा कि कांग्रेस के कुशासन काल में पशुविहीन गौठानों में आम जनता की कितनी राशि फूंक दी गई, कोई हिसाब नहीं, हमको तो बहुत पीड़ा होती थी जब हमारा दल इन गौठानों में निरीक्षण कर आता था, जब हम लोग गौठानों में गौमाता की दुर्दशा देखते थे, तो खून के आंसू पीकर रह जाते थे। सब जानते हैं कि कांग्रेस के कर्ताधर्ताओं ने शराब दुकानों में दो काउंटर खोल रखे थे। एक का पैसा विभाग को जाता था, दूसरा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

विधानसभा सत्र

- ■ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पिछली सरकार में हुए कामों पर कांग्रेस को घेरा
- ■ कुशासन, भ्रष्टाचार और ठगी की राजनीति से जनता को मिला छुटकारा: साय
- ■ प्रदेशभर में शराब दुकानों में दो काउंटर खोल रखे थे और बड़ा घोटाला किया, जांच में कई खुलासे हो रहे

पूर्व सरकार ने प्रदेश की तरक्की पर ब्रेक लगाया

आर्थिक विकास सुनिश्चित करते हुए लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने में प्रदेश के खनिज राजस्व की अहम भूमिका है। दुर्भाग्य से कांग्रेस के पांच सालों में इस तरक्की में ब्रेक लग गया। ऐसा नहीं था कि हमारी धरती ने अमूल्य संसाधन नहीं दिये, हमारी धरती से तो विपुल मात्रा में खनिज का उत्पादन होता रहा, दुर्भाग्य यह था कि इसमें से बड़ी राशि पिछली सरकार के लोगों ने हजम कर ली। ट्रांजिट पास को आनलाइन की जगह मैनुअल कर इन्होंने करोड़ों का वारा-न्यारा किया। जो पैसा जनकल्याणकारी योजनाओं में लगना था, आम जनता के खाते में जाना था, वो उन लोगों के बंगले में पहुंचा जो पहले ही चांदी के चम्मच लेकर पैदा हुए थे। यह कोई साधारण भ्रष्टाचार नहीं था, यह ऐसा भ्रष्टाचार था जिसकी मिसाल आपको कहीं नहीं मिलेगी।

प्रतियोगी परीक्षाओं में भारी भ्रष्टाचार किया

सीएम साय ने कहा कि कांग्रेस के कुशासन काल में युवाओं के साथ भी जघन्य अपराध तब हुआ, जब प्रतियोगी परीक्षाएं लेने वाली संवैधानिक संस्थाओं में ऐसे लोगों को बिठाया गया जिनका अतीत दागदार था। कांग्रेस के 5 साल हमारे युवाओं के लिए बुरे सपने की तरह थे। उनके स्टार्टअप के लिए मौके देना तो छोड़िये, प्रतियोगी परीक्षाओं में भी इन्होंने भ्रष्टाचार का मौका नहीं छोड़ा था।

ढाई-ढाई साल के मुख्यमंत्री पद का झगड़ा था

पिछली कांग्रेस सरकार में ढाई-ढाई साल के मुख्यमंत्री पद का झगड़ा था, जबकि हमारी सरकार डबल इंजन की सरकार है। यहां काम की गति दोगुनी हो गई है। इसकी झलक हमारी सरकार द्वारा किसान भाइयों के लिए किये गये कार्यों में मिलती है। पूरी दुनिया ने देखा कि एक तरफ हमारे नेतृत्व की शालीनता है और दूसरी ओर इनकी अभद्रता है। दुनिया ने यह जान लिया कि क्यों पिछले तीन चुनावों से कांग्रेस सत्ता सुख के लिए पवैलियन में बैठी इंतजार कर रही है।

डीएमएफ का पैसा गैर जरूरी कामों में खर्च किया

सीएम साय ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में डीएमएफ के काम के लिए कलेक्टरों के पास फोन जाते थे और नियमों की धज्जियां उड़ाकर गुणवत्ताहीन खरीदी की जाती थी और डीएमएफ संहिता के विरुद्ध गैरजरूरी कार्यों में राशि खपा दी जाती थी। इसकी राष्ट्रीय स्तर पर जांच हो रही है और बंदरबांट के नये-नये खुलासे सामने आ रहे हैं।

संरक्षण में रेत माफिया नदियों को छलनी करते रहे

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पिछली सरकार के संरक्षण में रेत माफिया नदियों को छलनी करते रहे, नेतृत्व के खास चहेते लोगों ने रेत के कारोबार पर पूरी तरह से कब्जा कर लिया था, उस समय मात्र 89 रेत खदाने लीगल रूप से चल रही थीं। रेत खनन को लेकर भी दो नियम बना दिये थे, जनजातीय क्षेत्रों में अलग, गैर जनजातीय क्षेत्रों के लिए अलग। इस तरह असमानता का बीज बोने का प्रयास भी किया गया। इससे रेत की कीमतें आसमान छूने लगीं, माफिया बेलगाम था, सरकार मस्त थी और खजाना खाली होता जा रहा था।

विकसित छत्तीसगढ़ बनाने की दिशा में ठोस प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में पत्रकारों पर झूठे मुकदमे दर्ज किए गए, उन्हें जेल भेजा गया और नौकरी से हटाया गया, जबकि उनकी सरकार पत्रकारों को प्रोत्साहन देने और लोकतांत्रिक वातावरण को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने वनांचल और ग्रामीण क्षेत्रों की उपेक्षा की, जबकि उनकी सरकार ने डिजिटल कनेक्टिविटी के विस्तार पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि डिजिटल भारत निधि के तहत दो वर्षों में 936 मोबाइल टावर स्वीकृत हुए, जिनमें से 751 चालू हो चुके हैं और 2300 अतिरिक्त टावरों का प्रस्ताव केंद्र को भेजा गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि उनकी सरकार पारदर्शिता, सुशासन और विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

विधानसभा में अवैध प्लॉटिंग, 'जीरामजी' पर हंगामा, भूपेश ने मनरेगा को बताया बेहतर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र के 12वें दिन सदन में अवैध प्लॉटिंग और 'जी राम जी' के मुद्दे पर जमकर हंगामा हुआ। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने मनरेगा को बेहतर बताया। जवाब में सत्ता पक्ष से अजय चंद्राकर ने कहा सदन विपक्ष की राजनीति का अड्डा नहीं है। जिसके बाद विपक्ष ने कार्यवाही का बहिष्कार कर दिया। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि यह सवाल प्रत्येक सत्र में आता है। प्रदेश में कितने अवैध कॉलोनी बने, कितने लोगों के ऊपर कार्रवाई हुई है। पटवारी पर कार्रवाई को कितने दिन हो गए। इस पर मंत्री टंक राम वर्मा- अधिकारियों को अधिकार दिया गया है कार्रवाई करने का। तीनों पटवारी के वेतन वृद्धि को रोका गया ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अवैध प्लाटिंग में कॉलोनी बन गई और कार्रवाई कब करेंगे: चंद्राकर

भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि आपने कहा अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई नहीं करने का कारण एसआईआर को बताया, लेकिन ये कॉलोनी कब बनी और कार्रवाई कब करेंगे बताइए। टंकराम वर्मा ने कहा कि नियमानुसार कार्रवाई करेंगे। इस पर अजय चंद्राकर ने कहा कि आप बताने की स्थिति नहीं हैं क्या कि कब कार्रवाई करेंगे। अजय चंद्राकर ने पूछा- ये कॉलोनी कब बनी और कार्रवाई कब करेंगे बताइए। टंकराम वर्मा ने कहा समय सीमा बताना संभव नहीं है।

छत्तीसगढ़ में अवैध कालोनियों को मंत्री का संरक्षण: भूपेश बघेल

विधायक भूपेश बघेल ने कहा कि 25 मिनट हो गए में मंत्री जवाब नहीं दे पा रहे। धमतरी का पूछो तो कांकेर का जवाब देंगे और कांकेर का पूछो तो धमतरी का। क्या विधानसभा की समिति से जांच कराएंगे? इस पर मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि इसके लिए हमारा राजस्व विभाग सक्षम है। विभाग से ही जांच कराएंगे। भूपेश बघेल ने कहा कि अवैध कॉलोनियों को मंत्री जी का विभाग बढ़ावा दे रहा है। उनको मंत्री का संरक्षण प्राप्त है।

सूरजपुर में हाथी की मौत, केंद्र ने राज्य-सरकार से मांगी रिपोर्ट

रायपुर/नवप्रदेश। सूरजपुर जिले के करंजवार में 13 मार्च की सुबह खेत में 15 साल के हाथी की मौत के मामले में केंद्र सरकार ने राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी है। वन्यजीव एक्टिविस्ट अजय दुबे की शिकायत के बाद पर्यावरण, वन-जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (प्रोजेक्ट एलीफेंट डिवीजन) ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए विस्तृत जानकारी तलब की है। मंत्रालय ने प्रमुख मुख्य वन संरक्षक को पत्र जारी कर जल्द से जल्द जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

मुद्रा योजना में एनपीए 2.3 प्रतिशत के करीब

नयी दिल्ली(वार्ता)। सरकार ने मंगलवार को बताया कि मुद्रा योजना में पिछले तीन साल में कुल 15.50 लाख करोड़ रुपये के ऋ्रण दिये गये हैं और गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) का अनुपात कुल दिये गये ऋ्रण के 2.3 प्रतिशत के आसपास है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में बताया कि मुद्रा योजना के तहत मुख्य रूप से तीन श्रेणियां हैं - शिशु, किशोर और तरुण। तीनों योजनाओं को मिलाकर कुल एनपीए लगभग 2.3 प्रतिशत के आसपास है।

रायगढ़ में रेलवे ट्रैक पर आरक्षक की मिली लाश

रायगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में ट्रेन की चपेट में आने से एक आरक्षक की मौत हो गई। सुबह रेलवे ट्रैक पर खून से लथपथ उसकी लाश मिली। हांलाकि, अभी घटना के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। इस मामले की सूचना मिलने पर जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शुरुआती जांच में मृतक की पहचान आरक्षक सुजीत मिंज के रूप में हुई है, जो पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ था। बताया जा रहा है कि वह घर से हाफ पैंट और टी-शर्ट पहनकर निकला था।

लंबे समय से फरार तत्कालीन एसडीएम निर्भय साहू गिरफ्तार

■ कोर्ट ने 13 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा

रायपुर/नवप्रदेश। भारतमाला परियोजना मुआवजा घोटाला मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी तत्कालीन एसडीएम निर्भय कुमार साहू को एसीबी-ईओडब्ल्यू ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई एसीबी-ईओडबल्यू में दर्ज अपराध के तहत की गई है। आरोपी को विशेष न्यायालय रायपुर में पेश किया गया, जहां से उसे 17 मार्च से 30 मार्च 2026 तक पुलिस रिमांड पर भेजा गया। इस दौरान उससे घोटाले के मामले में पूछताछ की जाएगी।

जांच में सामने आया है कि रायपुर-विशाखापट्नम और दुर्ग बायपास भारतमाला परियोजना के तहत भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं की गई है। आरोपी निर्भय कुमार साहू ने अनुविभागीय अधिकारी एवं सक्षम प्राधिकारी, भू-अर्जन अभनपुर, जिला रायपुर के पद का दुरुपयोग करते हुए अधीनस्थ पटवारी, राजस्व निरीक्षक और जमीन कारोबारियों के साथ मिलकर आपराधिक षड्यंत्र रचा। षड्यंत्र के तहत अभनपुर तहसील के ग्राम नायकबांधा, उगेतरा, उरला, भेलवाडीह और टोकरो की जमीनों को बैक डेट में छोटे-छोटे हिस्सों में विभाजित कर दिया गया। इसके ■ शेष पृष्ठ 8 पर

खारिज हो चुकी है जमानत याचिका

मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी ने उच्चतम न्यायालय में जमानत याचिका दायर की थी, जिसे खारिज कर दिया गया था। साथ ही विशेष न्यायालय द्वारा आरोपी और अन्य फरार लोकसेवकों के खिलाफ स्थायी गिरफ्तारी वारंट और उद्घोषणा भी जारी की गई थी। निर्भय कुमार साहू लंबे समय से फरार चल रहा था और पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी। आखिरकार उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

भिलाई में बवाल: दो पक्षों में मारपीट, सीएसपी समेत 5 घायल

भिलाई/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के भिलाई में सोमवार की देर रात दो पक्षों में मारपीट और पथराव हो गया। बताया जा रहा है कि, झगड़े की शुरुआत बच्चों के बीच हुई कहासुनी से हुई। जिसमें धीरे-धीरे दोनों पक्षों के बड़े लोग भी शामिल हो गए, जिसके बाद विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इस विवाद में सीएसपी समेत 5 लोग घायल बताए जा रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बच्चा गोद लेने वाली महिलाओं को भी मैटरनिटी लीव: सुको

■ सुप्रीम कोर्ट ने माताओं के लिए सुनाया बड़ा फैसला

नई दिल्ली/ए.। सुप्रीम कोर्ट ने बच्चे गोद लेने वाली माताओं के लिए एक बड़ा और अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने कहा कि गोद लेने वाली महिलाओं को जन्म देने वाली माताओं के समान ही मातृत्व लाभ प्राप्त करने का अधिकार है। कोई महिला चाहे कितने भी महीने का बच्चा गोद क्यों न ले, उसे 12 हफ्ते की

मातृत्व अवकाश मिलना चाहिए।

बता दें कि इसे पहले 2020 की सामाजिक सुरक्षा संहिता की धारा 60(4) कहती थी कि केवल तीन महीने से छोटे बच्चों को गोद लेने वाली माताओं को ही 12 हफ्ते की छुट्टी मिलेगी। इससे बड़े बच्चे को गोद लेने वाली माताओं को मातृत्व लाभ नहीं मिलता था।

सुप्रीम कोर्ट ने इसे अनुचित और संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) और अनुच्छेद 21 (जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार) का उल्लंघन बताया। आइए जानते हैं कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में क्या-क्या कहा? इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि केंद्र सरकार पितृत्व अवकाश को भी सामाजिक सुरक्षा का हिस्सा मानते हुए कानून में शामिल करे। इसका मतलब है कि अब पिता को भी बच्चे की देखभाल के लिए छुट्टी मिल सकेगी। यह फैसला उस याचिका पर आया जिसमें अधिवक्ता हंसानंदिनी नंदूरी ने चुनौती दी थी। कर्नाटक की वकील हंसानंदिनी नंदूरी ने इस प्रावधान को चुनौती दी थी। उन्होंने 2017 में दो बच्चों को गोद लिया था, एक साढ़े चार साल की लड़की और ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कांग्रेस ने 3 विधायकों को पार्टी से निकाला

■ राज्यसभा चुनाव में विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की, हरियाणा में कार्यकारी अध्यक्ष ने पार्टी छोड़ी

नई दिल्ली (ए.)। ओडिशा में कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने वाले तीन विधायकों को पार्टी से निकाल दिया है। पार्टी ने तीनों विधायकों को विधानसभा से अयोग्य घोषित करने के लिए स्पीकर को लेटर भी लिखा है। इधर हरियाणा में कांग्रेस पांच विधायकों को नोटिस देने की तैयारी कर रही है। इस बीच

हरियाणा कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रामकिशन गुर्जर ने पार्टी छोड़ दी है। राज्यसभा चुनाव रिजल्ट में 37 में से 22 सीटों पर एनडीए की जीत हुई है। उन्हें 10 सीटों का फायदा हुआ है। वहीं ओडिशा-हरियाणा में चुनाव को लेकर हाई वोल्टेज ड्रामा हुआ है।

ओडिशा में कांग्रेस ने रमेश जेना, दशरथी गोमांगो और सोफिया फिरदौस को पार्टी से निकाला है। तीनों विधायकों ने राज्यसभा चुनाव में भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार दिलीप राय के पक्ष में वोट दिया था। क्रॉस वोटिंग की वजह से कांग्रेस और बीजेडी के संयुक्त उम्मीदवार को हार का सामना करना पड़ा।

दरअसल, दोनों राज्यों में कांग्रेस के कुल 8 विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की थी। 16 मार्च को 11 सीटों पर हुए चुनाव में 9 सीटें एनडीए के खाते में गईं। इससे पहले 10 राज्यों की 37 सीटों में से 26 सीटों पर उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए थे।

लोकसभा से आठ विपक्षी सांसदों का निलंबन हटा

■ स्पीकर बिरला ने सांसदों से कहा- पोस्टर और एआई से बनीं तस्वीरें न दिखाएं

नई दिल्ली (ए.)। लोकसभा में मंगलवार को पहले फेज के दौरान निलंबित किए गए 8 सांसदों पर लगा सस्पेंशन हटा दिया गया। इनमें कांग्रेस के 7 और लेफ्ट के एक सांसद हैं। ये आठ सांसद 4 फरवरी को लोकसभा से पूरे बजट सत्र के लिए निलंबित किए गए थे। उन पर हंगामा करने के दौरान स्पीकर पीठासीन कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी की कुर्सी की ओर कागज फेंकने का आरोप लगा था। यह हंगामा उस समय हुआ था जब राहुल गांधी सदन में पूर्वी लद्दाख में 2020 के भारत-चीन सीमा तनाव का जिक्र कर रहे थे।

कांग्रेस सांसद के. सुरेश समेत 3 सांसदों ने सस्पेंशन प्रस्ताव रखा। इसके बाद ध्वनि मत से इसे पास कर दिया गया। इससे पहले सपा सांसद धर्मेंद्र यादव ने इसका समर्थन किया। धर्मेंद यादव ने कहा कि सदन की ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गरमा-गरम

विधानसभा घेराव : मनरेगा-सिलेंडर की कीमतों पर कांग्रेस का प्रदर्शन, विधानसभा घेराव में पहुंचे प्रदेशभर के कांग्रेसी

2028 में छत्तीसगढ़ में बनेगी कांग्रेस की सरकार, 2029 में राहुल बनेंगे पीएम: भूपेश

रायपुर/नवप्रदेश। मनरेगा का नाम बदलने, सिलेंडर की बढ़ी कीमतों समेत कई मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने विधानसभा का घेराव किया। बैरिकेड्स तोड़कर कार्यकर्ताओं ने विधानसभा कूच किया। पुलिस प्रशासन ने टीन का शेड लगाकर कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने से रोका। इसमें प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, पूर्व सीएम भूपेश बघेल और नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत समेत, पीसीसी चीफ दीपक बैज सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान भूपेश बघेल ने मोदी सरकार पर निशाना साधा और 2029 में राहुल गांधी के पीएम बनने की बात ■ शेष पृष्ठ 8 पर

भाजपा सरकार ने किसानों को दिया धोखा: बैज

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा, ये घेराव मनरेगा, बढ़ी हुई बिजली बिल, बेरोजगारी, अफीम की खेती, कानून व्यवस्था सहित कई मुद्दों को लेकर है। 2028 में हमको अफीम वाली सरकार को उखाड़ फेंकना है। 2847 पंचायतों में हमने आवाज उठाई है। मनरेगा देश की ऋण है। इस सरकार ने मनरेगा को समाप्त कर दिया है। बैज ने कहा, इस सरकार में बिजली बिल का रेट बढ़ गया है। हाफ बिजली बिल योजना को समाप्त कर दिया गया। सभा को वरिष्ठ नेता ताम्रध्वज साहू, पूर्व अध्यक्ष धनेन्द्र साहू, पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, पूर्व मंत्री मोहन मरकाम, पूर्व मंत्री अमितेष शुक्ल, पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, पूर्व मंत्री उमेश पटेल, विधायक देवेन्द्र यादव, सुबोध हरितवाल ने संबोधित किया।

भाजपा को गरीब, किसान, महिला से कोई सरोकार नहीं: सचिन

छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट ने कहा कि गरीबों, मजदूरों को वंचित, जो असहाय है, निर्बल है उन लोगों की आवाज बन कर राजधानी में विधानसभा के घेराव का निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में कांग्रेस पार्टी ने जनता की आवाज को उठाने का बीड़ा उठाया है। रोजगार का अधिकार सोनिया गांधी ने डॉ. मनमोहन सिंह ने दिया। तीसरी बार सरकार बनने के बाद पीएम मोदी इस कानून में बदलाव करना चाहती है, वो बंद करना चाहती है। पहले केंद्र सरकार नरेगा का 90 प्रतिशत पैसा दिल्ली से आता था। अब इन्होंने राज्यों पर 60-40 का रेस्यों डाल दिया।

विरोध की आवाज को दबा रही सरकार: चरणदास महंत

नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने केंद्र सरकार और भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए मनरेगा, महंगाई और मजदूरों के अधिकारों को लेकर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा गरीबों, किसानों और मजदूरों के हित में काम करती रही है और आगे भी करती रहेगी। हम भी गरीबों के सम्मान और अधिकारों की लड़ाई में पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनेगी और मनरेगा कानून को फिर से मजबूत किया जाएगा। महंत ने आरोप लगाया कि सरकार विरोध की आवाज को दबा रही है। हमें न सड़कों पर बोलने दिया जा रहा है और न ही विधानसभा में हमारी आवाज सुनी जाती है।

न्यूज गैलरी

जीएनए कॉलेज में वार्षिकोत्सव स्थगित होने पर छात्रों ने जताई नाराजगी

भाटापारा/नवप्रदेश। शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा में आयोजित होने वाला प्रतिभा सम्मान समारोह एवं वार्षिकोत्सव बिना किसी स्पष्ट कारण के अचानक स्थगित किए जाने से छात्र-छात्राओं के बीच असमंजस एवं नाराजगी का माहौल बन गया है। छात्रों का कहना है कि यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्रतिभाओं को सम्मानित करने और विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने वाला एक महत्वपूर्ण आयोजन होता है, जिसकी विद्यार्थियों को लंबे समय से प्रतीक्षा रहती है। कार्यक्रम को बिना कारण बताए स्थगित किए जाने से छात्रों में निराशा उत्पन्न हुई है। इस संबंध में छात्रों की ओर से महाविद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह की नई तिथि शीघ्र घोषित करने की मांग की गई है। छात्रों ने यह भी बताया कि वर्तमान में महाविद्यालय के स्पोर्ट्स हॉल में विभिन्न खेल गतिविधियां एवं अभ्यास नियमित रूप से संचालित हो रहे हैं, लेकिन वहां खिलाड़ियों और विद्यार्थियों के लिए पेयजल (वॉटर कूलर/फिल्टर) की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है, जिससे उन्हें काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

अमरजीत सलूजा मीडिया प्रभारी बनें

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव सिंह वरिष्ठ भाजपा नेता गौरीशंकर अग्रवाल सांसद बृजमोहन अग्रवाल , लक्ष्मी वर्मा

तथा वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा मंत्री ,, टंक राम वर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मखमूर इकबाल खान, तथा जिला भाजपा के अध्यक्ष आनंद यादव के मार्गदर्शन एवं सहमति से अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनिंदर सिंह गुंबर ने बलौदा बाजार भाटापारा जिले के कार्यकारिणी की घोषणा की है। इस घोषित कार्यकारणी में नगर के युवा अमरजीत सिंह सलूजा को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। जिले की कार्यकारणी में शमा खान बलौदा बाजार एवं अमितदास, कौशलपुरको महामंत्री ,मोहम्मद हारुन भाटापारा,, इस्लाम बेग पलारी मोहम्मद जिलानी बलौदा बाजार, आरिफ हुसैन, सिमगा, को उपाध्यक्ष अभिषेक टाटिया को कोषाध्यक्ष एवं अब्दुल रज्जाक बलौदा बाजार, बशीर खान बलौदा बाजार, जमील खान सोहेला, नमिता जैन, राजेश जैन बलौदा बाजारको मंत्री तथा बलौदा बाजार के हरजीत सिंह सलूजा एवं निर्मल सिंह सलूजा बलौदा बाजार को सोशल मीडिया प्रभारी एवं भाटापारा के अमरजीत सिंह सलूजा को मीडिया प्रभारी बनाया है।

सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान की शुरुआत

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर बीएस उइके के निर्देश पर तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यूएस नवरत्न के मार्गदर्शन में भारत सरकार के नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए आज जिला अस्पताल गरियाबंद में टीकाकरण अभियान की शुरुआत की गई। जिसमें 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाकर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। आज कुल 05 किशोरियों फजल चौधरी, अंजू सोम, कल्पना यादव, लबली ठाकुर और मिनाक्षी मानिकपुरी को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। टीका लगाए जाने के बाद इन सभी लाभार्थियों को 30 मिनट तक निगरानी कक्ष में रखा गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले में 6 हजार किशोरियों को टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में अत्यंत प्रभावी है और किशोरियों के स्वास्थ्य संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पात्रता के अनुसार वे किशोरियाँ टीकाकरण के लिए चयनित होंगी। जिन्होंने अपना 14वां जन्मदिन मना लिया है लेकिन 15वां जन्मदिन नहीं मनाया है। इसके लिए आधार कार्ड, अन्य पहचान पत्र या अभिभावक द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र मान्य होगा।

उद्योग-बैंकर्स संवाद कार्यशाला 18 को

गरियाबंद/नवप्रदेश। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) इकाइयों, महिला उद्यमियों, स्व-सहायता समूह तथा कारीगरों को बैंक ऋण और विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से रैम्प योजना के अंतर्गत उद्योग-बैंकर्स संवाद एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला 18 मार्च 2026 को प्रातः 11:00 बजे होटल सिटी जायका, गरियाबंद में आयोजित होगी। कार्यक्रम के तहत उद्यमियों और बैंकों के बीच सीधा संवाद स्थापित करना तथा ऋण से संबंधित समस्याओं का समाधान करना है, ताकि व्यवसाय को आगे बढ़ाने में सहायता मिल सके। इस अवसर पर कार्यशाला में विभिन्न बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे और प्रतिभागियों को ऋण आवेदन प्रक्रिया, वित्तीय सहायता, पुनः वित्तपोषण के अवसर तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करेंगे। इसके साथ ही व्यवसाय विस्तार के लिए आवश्यक वित्तीय सुझाव भी दिए जाएंगे। कार्यक्रम में विशेष रूप से महिला उद्यमियों और युवा व्यापारियों को मार्गदर्शन दिया जाएगा, जिससे वे अपने व्यवसाय को मजबूत बना सकें। यह कार्यशाला मौजूदा उद्योगपतियों, नए उद्यमियों, स्टार्टअप संचालकों, स्वयं सहायता समूहों तथा बैंक से ऋण लेने के इच्छुक संपन्न कर सकते है।

राजिम में श्रमिक सम्मेलन का आयोजन

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत श्रमिकों को 15 मार्च को राजिम में श्रमिक सम्मेलन एवं डमी चेक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री रोहित साहू तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थित रहें। इस दौरान श्रमिकों को मंडल की विभिन्न योजनाओं के तहत आर्थिक सहायता प्रदान की गई। मिनीमाता महतारी जतन योजना के अंतर्गत 309 श्रमिकों को 61 लाख 80 हजार रुपये की सहायता दी गई। वहीं मुख्यमंत्री श्रमिक औजार योजना के तहत 88 श्रमिकों को 3 लाख 3 हजार 512 रुपये का लाभ प्रदान किया गया। इसी प्रकार मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत 7 हजार 437 श्रमिकों को 1 करोड़ 58 लाख 59 हजार 500 रुपये की छात्रवृत्ति दी गई। मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के तहत 143 श्रमिकों को 9 लाख 92 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। इसके अलावा मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के अंतर्गत 66 श्रमिकों को 13 लाख 20 हजार रुपये तथा मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना के तहत 36 श्रमिकों को 7 लाख 20 हजार रूपये की सहायता प्रदान की गई। इस प्रकार कार्यक्रम में कुल 8 हजार 79 श्रमिकों को 2 करोड़ 53 लाख 75 हजार 12 रुपये की राशि से लाभान्वित किया गया।

विधायक भावना बोहरा ने वनांचल क्षेत्रों के विकास का मुद्दा उठाया

पंडरिया/नवप्रदेश। विधायक भावना बोहरा ने बजट सत्र के दौरान प्रदेश व कबीरधाम जिले से जुड़े प्रमुख विषयों और मुद्दों को सदन के समक्ष प्रमुखता से रखा। इस दौरान उन्होंने बजट चर्चा के दौरान क्षेत्र के युवाओं के कौशल विकास व प्रशिक्षण हेतु औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना, विधानसभा के वनांचल क्षेत्र में इको टूरिज्म को बढ़ावा देने और वनांचल व विभिन्न क्षेत्रोंन में उचित मूल्य दूकान की स्थपाना तथा जर्जर दुकानों के मरम्मत की मांग प्रमुखता से रखा। भावना बोहरा ने तकनिकी शिक्षा विभाग अंतर्गत ग्राम बाजार चारभाठा एवं नगर पंचायत पांडातराई में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना, सहकारिता विभाग अंतर्गत ग्राम बांगर, ढोठमानवापारा, मगरवाह सरइपतेराकला,नगर पांडातराई के नयापारा वार्ड 2 एवं ग्राम मजगांव में नवीन शासकीय उचित मूल्य दूकान खोलने एवं ग्राम बहरमुड़ा, सेन्हाभाठा, बसनी, रेंगाबोड़, पटुआ, माकरी, दनियाखुर्द एवं नवागाँवखुर्द स्थित उचित मूल्य दूकान की मरम्मत कार्य की मांग रखी। इसके साथ ही उन्होंने वन विभाग अंतर्गत वनांचल क्षेत्र कुकदूर में वन अग्नि नियंत्रण हेतु फायर वॉच टावर और फायर कंट्रोल सेन्टर की स्थापना और भैंसाओदार प्राकृतिक स्थल पर इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए इंटरप्रिटेशन सेंटर, व्यू पॉइंट और ट्रैकिंग ट्रेल, पर्यटक कॉटेज विकसित करने की मांग भी की।

भावना बोहरा ने प्रश्नकाल के दौरान वनांचल एवं अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र के विषय में प्रश्न किया कि कबीरधाम जिले के वनांचल एवं अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में संचालित ऐसे कितने आंगनबाड़ी केंद्र हैं, जो जनवरी, 2026 तक पक्के भवन, पेयजल, शौचालय, बिजली तथा सुरक्षित भंडारण जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं? उक्त आंगनबाड़ी केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु सरकार द्वारा क्या समयबद्ध कार्ययोजना बनाई गई है? विभाग द्वारा कबीरधाम जिले के दुर्गम वनांचल क्षेत्रों में संचालित ऐसे कितने आंगनबाड़ी केन्द्रों को चिन्हित किया गया है, जहाँ समुचित परिवहन व्यवस्था के अभाव में पोषण आहार नियमित एवं समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है? जिसके लिखित उत्तर में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े जी ने बताया कि कबीरधाम जिले के वनांचल एवं अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों मे जनवरी 2026 की स्थिति में 54 केन्द्रों में पक्के भवन, 192 केन्द्रों में शौचालय एवं 326 केन्द्रों में बिजली नहीं हैं। वित्तीय संसाधनों एवं बजट उपलब्धता के आधार पर आंगनबाड़ी केन्द्रो में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। कबीरधाम जिले में खाद्य विभाग द्वारा पण्डरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुकदुर परियोजना के 02 ग्राम पंचायत के उचित मूल्य के दूकान को पहुंचविहीन क्षेत्र के रूप में चिन्हांकित किया गया है। जिसके अंतर्गत 11 आंगनबाड़ी केन्द्र शामिल है किन्तु दुर्गम वनांचल क्षेत्रों में संचालित सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में पूरक पोषण आहार नियमित रूप से समय पर उपलब्ध हो रहा है।

राजिम में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को कुचला, युवक की मौत

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नगर में सोमवार शाम तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना भयावह था कि युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद राहगीरों और आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। घटना का लाइव फुटेज भी सामने आया है।

जानकारी के अनुसार हादसा शाम करीब 6.30 बजे संजीवनी अस्पताल के सामने हुआ। तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को बुरी तरह कुचल दिया। मृतक की पहचान प्रवीण (मन्नु) देवांगन (26 वर्ष) निवासी बुढ़ेनी (भेण्डरी) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि प्रवीण का बड़ा भाई संजीवनी अस्पताल में भर्ती है और प्रवीण उसकी देखभाल के लिए अटेंडर के रूप में अस्पताल में रह रहा था। सोमवार शाम वह किसी काम से घर जाने के लिए अस्पताल से निकला था। इसी दौरान सड़क पार करते समय पीछे से तेज रफ्तार से आ रही ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया।

सीसीटीवी में कैद हुआ हादसा: घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि युवक अस्पताल से निकलकर डिवाइडर पार कर सड़क के दूसरी ओर पहुंचा ही था कि पीछे से आ रही ट्रक के सामने हिस्से से उसकी बाइक टकरा गई। टक्कर लगते ही युवक सड़क पर गिर गया और ट्रक के पिछले पहिए के नीचे आ गया। हादसा इतना भयावह था कि युवक के सिर के चिथड़े उड़ गए और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

अव्यवस्थित पार्किंग बनी हादसे की वजह

घटना के बाद मौके पर अफरा - तफरी मच गई और आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि संजीवनी अस्पताल के सामने सड़क किनारे दोपहिया और चारपहिया वाहन अक्सर खड़े रहते हैं। वहीं सड़क के दूसरी ओर भी ट्रक और अन्य भारी वाहन खड़े रहते हैं, जिससे नेशनल हाईवे का रास्ता काफी संकरा हो जाता है। घटनास्थल पर भी एक ट्रक सड़क किनारे खड़ी थी, जिसके कारण ट्रक चालक वाहन को किनारे दबाकर ले जा रहा था और इसी दौरान बाइक सवार उसकी चपेट में आ गया।

कार्रवाई की मांग

घटना की सूचना पर नवापारा थाना प्रभारी दीपेश जायसवाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिसकर्मियों ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी भिजवाया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। जवान बेटे की मौत से परिवार में मातम छा गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों में इस हादसे को लेकर भारी आक्रोश है। लोगों ने पुलिस और प्रशासन से सड़क किनारे खड़े वाहनों पर सख्त कार्रवाई करने और यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है। फिलहाल पुलिस ट्रक को जब्त कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

भोरमदेव महोत्सव 3 दिन का किया जाए : केशरवानी

कवर्धा/नवप्रदेश। भोरमदेव महोत्सव को एक दिन का करने और स्थानीय कलाकारों की उपेक्षा को लेकर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ने कड़ी आपत्ति जताई है। पार्टी के जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी ने कहा कि भोरमदेव महोत्सव केवल कबीरधाम ही नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ की संस्कृति और पहचान का प्रतीक है। वर्षों से यह महोत्सव तीन दिनों तक आयोजित होता रहा है, जिसमें छत्तीसगढ़ की लोक कला, परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर की झलक देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष महोत्सव को घटाकर एक दिन कर देना दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे न केवल कार्यक्रम की गरिमा कम होगी बल्कि स्थानीय कलाकारों को भी मंच मिलने के अवसर सीमित हो जाएंगे। जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी ने कटाक्ष करते हुए कहा कि प्रशासन बाहरी कलाकारों पर लाखों रुपये खर्च करने में पीछे नहीं रहता, लेकिन छत्तीसगढ़ के अपने लोक कलाकारों को मात्र 5 हजार रुपये का बजट देकर औपचारिकता निभाई जा रही है।

कुरूद रोड कोहका में जाम से जनता परेशान

धमतरी/नवप्रदेश। कुरूद रोड कोहका क्षेत्र में इन दिनों जाम की स्थिति बनी रहने से आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सुबह और शाम के व्यस्त समय में सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग जाती है, जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों, नौकरीपेशा लोगों और स्थानीय व्यापारियों को काफी दिक्कत होती है।

जनहित संघर्ष समिति के संयोजक शारदा गुप्ता का कहना है कि सड़क किनारे अगर कोई बड़े वहां आ जाए और टर्न लेने में दिक्कत हो रही हो तो पूरी सड़क जाम हो जाती है ऐसा कई बार देखा गया है आमजन मानस परेशान रहता है इस सड़क का चौड़ीकरण किया जाना आवश्यक है क्योंकि शैक्षणिक संस्थान होने के कारण इस सड़क पर बहुत ज्यादा रहता है जब भी जाम लगता है उनके परिचित मुझे फोन करते हैं और पुलिस प्रशासन भी घटनास्थल तक पहुंचने में समय लगता है इसलिए स्वयं स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ जाम को हटाना पड़ता है जाम की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। कई बार एम्बुलेंस और आवश्यक सेवाओं के वाहन भी जाम में फंस सकते है, जिससे स्थिति और गंभीर हो सकती है।

शारदा गुप्ता ने तत्काल पुलिस कप्तान विजय अग्रवाल से फोन पर चर्चा कर मांग की है कि इस रोड पर 112 की गाड़ियां नियमित रूप से ग्रस्त करे। अवैध पार्किंग पर सख्त कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही आवश्यकतानुसार सड़क चौड़ीकरण और बेहतर ट्रैफिक प्रबंधन की व्यवस्था भी की जाए।

राजनांदगांव जिले में बच्चों ने लगवाई एचपीवी वैक्सीन

- **बच्चों में वैक्सीन के प्रति उत्साह, केन्द्र एवं राज्य शासन को दिया धन्यवाद**
- **कलेक्टर ने टीकाकृत बच्चों को सर्टिफिकेट देकर किया सम्मानित**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के अवसर पर जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पात्र किशोरियों ने उत्साहपूर्वक एचपीवी वैक्सीन लगवाई। टीकाकरण के बाद बच्चों ने खुशी जाहिर करते हुए केन्द्र एवं राज्य शासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने कहा कि भारत सरकार द्वारा एचपीवी टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया है, जो स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे आने वाली पीढ़ियों को गंभीर बीमारियों से बचाव में मदद मिलेगी। एचपीवी टीकाकरण महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए महत्वपूर्ण है। कलेक्टर ने कहा कि ऐसे सभी किशोरियां पात्र होंगी, जिन्होंने अपना 14वां जन्मदिन मना लिया है, किंतु अभी 15वां जन्मदिन नहीं मनाया है। शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में एचपीवी टीकाकरण निःशुल्क उपलब्ध रहेगा। अभिभावक अपनी पात्र किशोरियों का पंजीकरण युवीन पोर्टल के माध्यम से करा सकते हैं।

कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने बच्चों से कहा कि वे अपने स्कूल एवं आसपास के साथियों को भी एचपीवी टीकाकरण के महत्व के बारे में बताएं। उन्होंने कहा कि यह वैक्सीन भविष्य में गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए अत्यंत प्रभावी है और सभी को इसके प्रति जागरूक होना चाहिए। उन्होंने बच्चों से अपने मित्रों और परिवार के लोगों को भी इसके बारे में जानकारी देने की अपील की, जिससे समाज में जागरूकता तेजी से बढ़ सके। कलेक्टर ने टीकाकृत बच्चों से बातचीत कर उनसे एचपीवी वैक्सीन के संबंध में जानकारी ली। बच्चों ने बताया कि उन्हें इस टीके के बारे में उनके माता-पिता, स्कूल तथा समाचार पत्र के माध्यम से जानकारी मिली।

धर्मांतरण कराने वाले पास्टर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

खरोरा/नवप्रदेश। थाना खरोरा जिला-रायपुर (ग्रामीण) अप.क्र.154/26 धारा 298,299 BNS छ.ग.धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम 1968 की धारा 4 आरोपी का नाम व पूर्ण पता अनुप शेण्डे पिता मारोती शेण्डे उम्र 28 साल साकिन नांदाफाटा प्लॉट नंबर 05, धाबेकर कॉलोनी थाना नांदाफाटा जिला बन्द्रपुर (महाराष्ट्र) हाल पता मुकेश निषाद का मकान राजीव नगर खरोरा जिला रायपुर मान. पुलिस अधीक्षक महोदया श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के दिशा निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत शुक्ला (ग्रामीण) के मार्गदर्शन में तथा अनुविभागीय अधिकारी (विधानसभा) वीरेन्द्र चतुर्वेदी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी खरोरा के नेतृत्व में आरोपी को गिरफ्तार किया गया है विवरण- इस प्रकार है कि दिनांक 15/03/26 को कठिया नंबर 01 वार्ड क्रमांक 13 बजरंग पारा मे आरोपी अनुप शेण्डे के द्वारा गांव के लोगो को तबियत ठीक कराने का प्रलोभन देकर हिन्दू धर्म को गाली गलौज करने और हिन्दू धर्म को छोड़कर जबरन इसाई धर्म को अपनाने के लिये दबाव बनाने के संबंध मे प्रार्थी कि रिपोर्ट पर अपराध कायमकर में लिया गया।

रानी मिस्त्रियों से प्रधानमंत्री आवास के निर्माण को मिलेगी गति : अग्रवाल

कवर्धा/नवप्रदेश। जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा के ग्राम राम्हेपुर में प्रोजेक्ट उन्नति अंतर्गत 35 महिलाओं को रानी मिस्त्री का 30 दिवसीय प्रशिक्षण दिनांक 18 फरवरी से 20 मार्च तक दिया जा रहा है। जिसमे महिलाओं को स्थानीय स्तर पर निर्माण कार्यों के द्वारा आजीविका संवर्धन में प्रशिक्षित किया जा रहा है। कलेक्टर कबीरधाम गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत राम्हेपुर में आरसेटी द्वारा महिलाओं को यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि ज़िले में प्रधानमंत्री जनमन आवास एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में प्रगति लाने के लिए ग्रामीण महिलाओं को राजमिस्त्री का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जनपद पंचायत पंडरिया एवं बोडला क्षेत्र में रानी मिस्त्रियों का प्रशिक्षण 2 बैच में संपन्न हो चुका है तथा वर्तमान में जनपद पंचायत स.लोहारा अंतर्गत 35 महिलाओं का प्रशिक्षण चल रहा है। प्रशिक्षण उपरांत महिला राजमिस्त्रियों द्वारा आवास को समय पर गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने में मदद मिलेगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार का सृजन होगा। प्रशिक्षित महिलाएं स्वयं अपना आवास निर्माण करेगी।

संस्कार और एकता का संदेश देकर हर्षोल्लास के साथ मनाई कर्मा जयंती

- **घठुला परिक्षेत्र में निकली भव्य कलश यात्रा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन मोहा**

नगरी/नवप्रदेश। तहसील साहू समाज नगरी-सिहावा के अंतर्गत परिक्षेत्र घठुला में 15 मार्च को महान संत, भक्त शिरोमणि एवं साहू समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा जयंती श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण और सामाजिक एकता की झलक देखने को मिली।

कार्यक्रम का शुभारंभ कर्मा सामुदायिक भवन में माता कर्मा की विधिवत पूजा-अर्चना, खिचड़ी के भोग और आरती के साथ किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा गांव के प्रमुख चौक-चौराहों से होते हुए बस स्टैंड स्थित मुख्य कार्यक्रम स्थल तक पहुंची, जहां समाजजनों ने माता कर्मा के जयघोष के साथ यात्रा का स्वागत किया। मुख्य कार्यक्रम स्थल पर अतिथियों ने माता कर्मा की पूजा-अर्चना कर उनके जीवन चरित्र, त्याग, सेवा और समाज के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर छोटे-छोटे बाल कलाकारों ने अतिथियों का स्वागत किया तथा माता कर्मा की झांकी के माध्यम से गीत-संगीत

और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। साथ ही समाज के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित कर उन्हें पुरस्कृत किया गया। सभा को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि भक्त माता कर्मा एक नाम ही नहीं ले बल्कि सच्ची भक्ति, त्याग, समर्पण का जीवित मिशाल है, हमें भक्त माता कर्मा की आदर्शों को अपने जीवन में उतारना चाहिए अतिथियों ने आगे कहा कि समाज और परिवार को संगठित रखने तथा समाज को आगे बढ़ाने के लिए केवल पढ़ाई ही पर्याप्त नहीं होती। पढ़ाई हमें ज्ञान देती है, लेकिन संस्कार हमें सच्चा इंसान बनाते हैं। आज के समय में कई बच्चे गलत दिशा में भटकते नजर आते हैं। सवाल यह नहीं है कि बच्चे क्यों भटक रहे हैं, बल्कि यह है कि कहीं हम माता-पिता और समाज अपने कर्तव्यों से दूर तो नहीं हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि बच्चे वही सीखते हैं जो वे अपने घर के वातावरण में देखते हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रकाश बैश जिला अध्यक्ष, भाजपा जिला धमतरी रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता अंगेश हिरवानी अध्यक्ष, परिक्षेत्रीय साहू समाज घठुला ने किया।

विशिष्ट अतिथियों के रूप में विकल गुप्ता,अध्यक्ष, कर्णेश्वर मंदिर ट्रस्ट देकरयारा सिहावा, प्रेमलता नागवंशी जनपद सदस्य, जनपद पंचायत नगरी, क्षमा साहू जनपद सदस्य, जनपद पंचायत नगरी, पन्ना लाल मरकाम जनपद सदस्य, जनपद पंचायत नगरी, हनीफअली (जनपद सदस्य, जनपद पंचायत नगरी भुनेश्वरी साहू उपाध्यक्ष, तहसील साहू समाज नगरी, धनीराम साहू ,पूर्व अध्यक्ष, तहसील साहू समाज नगरी, रिखीराम देवांगन (संरक्षक, देवांगन समाज सिहावा मंडल, गणेश राम साहू संरक्षक, परिक्षेत्रीय साहू समाज घठुला, श्सरिता ध्रुव सरपंच, ग्राम पंचायत घठुला उषादेवी नेताम (सरपंच, ग्राम पंचायत पाईकभाठा), राकेश कुमार नेताम (सरपंच, ग्राम पंचायत पांवद्वार, वेदराम साहू उपसरपंच, ग्राम पंचायत घठुला एवं सरिता साहू उपसरपंच, ग्राम पंचायत पांवद्वार सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

ट्रिपलआईटी नया रायपुर में 21वीं 'युवा वैज्ञानिक कांग्रेस' का डिप्टी सीएम शर्मा ने किया शुभारंभ

क्षेत्रीय भाषाओं में विज्ञान के अध्ययन और रिसर्च पेपर लाने की आवश्यकता: शर्मा

रायपुर/नवप्रदेश। अंतरराष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, नया रायपुर में आयोजित 21वें छत्तीसगढ़ युवा वैज्ञानिक सम्मेलन (सीवाईएससीङ्क2026) का शुभारंभ आज उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने किया। दो दिवसीय इस सम्मेलन का संयुक्त आयोजन छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद तथा ट्रिपलआईटी नया रायपुर द्वारा किया जा रहा है।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि राज्य के विकास में विज्ञान, नवाचार और शोध की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने अपने छात्र जीवन और विज्ञान अध्ययन की यादें साझा करते हुए कहा कि विज्ञान पढ़ने से पहले मुझे अंग्रेजी पढ़नी पड़ती थी जिसके कारण कई लेक्चर मैंने छोड़ दिए पर धीरे धीरे सब सिख गया, आज जो रिसर्च पेपर आए हैं सभी अंग्रेजी में है और शायद परंपरागत शायद अंग्रेजी में ही होते हैं पर हमें अब क्षेत्रीय भाषाओं में भी विज्ञान के अध्ययन और रिसर्च पेपर लाने की आवश्यकता है ताकि एक ग्रामीण परिवेश का व्यक्ति भी ज्ञान अर्जित कर सके इस पर ध्यान देना चाहिए।

उन्होंने भारत में विज्ञान के उद्भव पर चिंतन करते हुए कहा कि विभिन्न विषयों पर भारत के मनीषियों एवं ऋषियों ने उस समय कितने चिंतन कर लिए थे जो आज भी चिंतन का विषय है। किसी एक विषय को समझने के लिए आप प्रायोगिक तरीकों से भी जा सकते हैं और वैचारिक तरीकों से भी जा सकते हैं पर आपको उस विषय को समझना है तो प्रायोगिक के साथ वैचारिक तरीकों का समावेश आवश्यक है। आर्यभट्ट जी ने जो किताब लिखी तो चार भागों में उसमें तीन सूत्र दिए जिनमें न्यूटन के तीन नियमों के संबंध में जानकारी प्राप्त हो जाती है। उन्होंने कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ के यंग साइंटिस्ट के द्वारा प्रस्तुत किए गए 194 पेपर्स को जांचने के लिए देश भर से जो हमारे 45 परीक्षक आए हैं मैं उनका हृदय से आभार करना चाहता हूं। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ की सरकार ने राज्य में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को प्रोत्साहित करने के लिए शोधकर्ताओं को भारत के विज्ञान तीर्थों का दर्शन कराने के लिए विज्ञान तीर्थ दर्शन योजना शुरू की जा रही है। जिसमें विज्ञान के विद्यार्थी सीवी रमन, शांति स्वरूप भटनागर, बीरबल साहनी, जगदीश चंद्र बोस, डॉ. होमी जहांगीर भाभा, विक्रम सारा भाई, सत्येंद्रनाथ बोस, हरगोविंद खुराना, सुब्रमण्यम चंद्रशेखर, अबुल कलाम आजाद जैसे भारत के महान वैज्ञानिकों के कार्यस्थल को जाकर देख सकेंगें और विज्ञान के अनुसंधानों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने अपने संबोधन में कहा कि ने छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा समर्थित विभिन्न योजनाओं और शोध परियोजनाओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि राज्य शासन किस प्रकार वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए अनुसंधान अनुदान और तकनीकी सहायता प्रदान कर रहा है। इस अवसर पर प्रो. ओम प्रकाश व्यास ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि ट्रिपल आईटी नया रायपुर में इस सम्मेलन का आयोजन संस्थान की शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि विज्ञान के बदलते स्वरूप और 'इंटरडिसिप्लिनरी' सहयोग पर जोर दिया। उन्होंने उपमुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि वर्तमान में युवा वैज्ञानिक कांग्रेस में 20 विषय श्रेणियाँ निर्धारित हैं। 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अंतरविषयी अनुप्रयोग' को 21वीं श्रेणी के रूप में जोड़ा जाए, ताकि उभरती डिजिटल तकनीकों में युवा प्रतिभाओं को विशेष मंच मिल सके। छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक पी. कवीश्वर ने कहा कि छत्तीसगढ़ युवा वैज्ञानिक सम्मेलन राज्य की एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य युवा वैज्ञानिक प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें प्रोत्साहन देना है।

न्यूज गैलरी

बीजेपी की प्रदेश कार्यसमिति व स्थायी-विशेष आमंत्रित सदस्यों की घोषणा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ बीजेपी ने प्रदेश कार्यसमिति, प्रदेश स्थायी आमंत्रित और प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्यों की घोषणा कर दी है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की सहमति से जारी सूची में 84 नेताओं को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है। घोषित सूची में प्रदेश के अलग-अलग जिलों से नेताओं को शामिल किया गया है, जिससे संगठन में क्षेत्रीय संतुलन साधने की कोशिश की गई है। जशपुर, रायपुर, दुर्ग, सरगुजा, बलरामपुर, बस्तर, कोरबा, कोंडागांव, बिलासपुर और जांजगीर-चांपा समेत कई जिलों को प्रतिनिधित्व मिला है। सूची में प्रमुख रूप से सीएम विष्णु देव साय, सरोज पाण्डेय, लता उसेंडी, अरुण साव, विजय शर्मा, तोखन साहू, रमेश बैस, देवेंद्र प्रताप सिंह, लक्ष्मी वर्मा, बृजमोहन अग्रवाल सहित कई वरिष्ठ और सक्रिय नेताओं को शामिल किया गया है। इसके अलावा संगठन में नई और जमीनी पकड़ रखने वाले चेहरों को भी मौका दिया गया है।

आरडीए ने अध्यक्ष नंदकुमार साहू का जन्मदिवस हर्षोउल्लास के साथ मनाया

रायपुर/नवप्रदेश। नन्द कुमार साहू जी वर्ष 1990 से 2020 तक लगातार 30 वर्षो तक हरदिहा साहू समाज के अध्यक्ष रहे हैं। साथ ही सन् 1993 से 1997 तक भाजपा में मण्डल अध्यक्ष एवं जिला किसान मोर्चा के अध्यक्ष का दायित्व निभाया तथा वर्ष 2008 में विधायक निर्वाचित होने के पूर्व श्री साहू जी जिला पंचायत संदस्य रायपुर एवं सरपंच, ग्राम पंचायत बोरियाकला के पदों पर कार्य कर चुके हैं। 11 अप्रैल 2025 को श्री नन्द कुमार साहू ने रायपुर विकास प्राधिकरण के छटवें अशासकीय अध्यक्ष के रूप में पद का कार्यभार संभाला। पदभार ग्रहण करने के बाद से उन्होंने प्राधिकरण की कार्यप्रणाली में सक्रियता लाते हुए विकास कार्यो को गति देने पर जोर दिया है। उनके निर्देशन में अधोसंरचना विकास, नई आवासीय योजनाओं के क्रियान्वयन और नागरिक सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता दी जा रही है। श्री साहू जी के राजनीतिक एवं प्रशासनिक अनुभव का भी उनके कार्यकाल में प्रभाव देखने को मिल रहा है। प्राधिकरण अध्यक्ष के रूप में उनके कार्यकाल में मध्यम एवं निम्न आय वर्ग के लिए आवास योजनाओं को आगे बढ़ाने के प्रयास किए गये है। साथ ही विभिन्न लंबित परियोजनाओं को गति देने के लिए प्रशासनिक स्तर पर सक्रियता बढाई गई है।

एक दौड़ भगवान झूलेलाल के नाम में सिंधी समाज के साथ शामिल हुई मुनमुन दत्ता

रायपुर/नवप्रदेश। पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के द्वारा एक दौड़ भगवान झूलेलाल के नाम मरीन ड्राइव पर आयोजित की गई जिसमें तारक मेहता फ्रेम टीवी स्टार मुनमुन दत्ता (बबिता) जी प्रदेश पंचायत के आयोजन में समाज जनों के साथ शामिल हुई। एक प्रेस विज्ञप्ति में पंचायत के प्रदेश प्रवक्ता सुभाष बजाज ने बताया कि हजारों की संख्या में समाजजन पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत महिला विंग के आयोजन में शामिल हुए बबीता द्वारा आयोलाल झूलेलाल के जयकारे लगवाए गए तथा सभी सिंधी समाजजनों को चेट्रीचंड्र की बधाइयां दी वहीं इंदौर से आई एंकर सोनम पोपटानी ने अपने चुलबुले अंदाज से समा बांध दिया। भारी उत्साह के साथ समाज जनों ने जुंबा और विभिन्न योग और एक्सरसाइज के बाद भगवान झूलेलाल के जयकारे के साथ मरीन ड्राइव से दौड़ लगाई जिसका समापन घड़ी चौक में हुआ आयोजन में प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी के साथ महिला विंग से दीक्षा रामानी, कनक खेमानी, हेमा अमेसर,जूही दरयानी, चंचल बजाज जया नेभानी, तनीषा नानजियानी, सीमा नचरानी, वंदना खुराना के साथ , बलराम आहूजा, महेश रोहरा,विकास रुपरेला, अनिल लाहोरी, मनीष पंजवानी,रतन वरल्यानी, राजू चन्दनानी, रवि चरयानी एवं पूरी टीम शामिल हुई।

महाराष्ट्र संस्कार केंद्र का सामूहिक मराठी उपनयन संस्कार 16 जून को

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल और महाराष्ट्र संस्कार केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार, 16 जून को सुबह 8:00 बजे मराठी भाषी सामूहिक उपनयन (मुंज) संस्कार का आयोजन किया गया है। महाराष्ट्र संस्कार केंद्र के संस्थापक और मंडल के सचिव व आचार्य चेतन गोविंद दंडवते के नेतृत्व में होने वाले इस आयोजन में रायपुर, छत्तीसगढ़ के अलावा मध्य प्रदेश के युवा भी शामिल होंगे। यह महाराष्ट्र संस्कार केंद्र का रजत जयंती आयोजन है। आचार्य दंडवते ने बताया कि उपनयन संस्कार के लिए पंजीयन प्रारंभ कर दिया गया है। आयोजन का उद्देश्य न्यूनतम खर्च पर श्रेष्ठतम सुविधाओं के साथ सामूहिक उपनयन संस्कार करना है। इस आयोजन में बाहर से आने वाले अतिथियों के लिए मंडल भवन में ही रुकने की व्यवस्था की गई है।

सरकार ने दो वर्षों में 11 हजार 107 करोड़ रुपए की सिंचाई परियोजनाएं की स्वीकृत

मुख्यमंत्री के विभागों के लिए 10 हजार 617 करोड़ रुपए से अधिक की अनुदान मांगें पारित

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के विभागों से संबंधित 10 हजार 617 करोड़ 73 लाख 49 हजार रूपए की अनुदान मांगे विधानसभा में पारित की गई। इसमें सामान्य प्रशासन विभाग के लिए 612 करोड़ 29 लाख 20 हजार रूपए, सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित अन्य व्यय 30 करोड़ 92 लाख रूपए, जल संसाधन विभाग के लिए 3 हजार 105 करोड़ 11 लाख 80 हजार रूपए, खनिज साधन विभाग से संबंधित व्यय 1145 करोड़ 89 लाख 99 हजार रूपए, विमानन विभाग से संबंधित व्यय 314 करोड़ 99 लाख 90 हजार रूपए, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग 416 करोड़ 99 लाख 99 हजार रूपए, सुशासन एवं अभिसरण विभाग से संबंधित व्यय 77 करोड़ रूपए, जनसम्पर्क विभाग से संबंधित व्यय 469 करोड़ 99 लाख रूपए, ऊर्जा विभाग से संबंधित व्यय 4236 करोड़ 01 लाख 61 हजार रूपए, जिला परियोजनाओं से संबंधित व्यय 208 करोड़ 50 लाख रूपए शामिल हैं।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अनुदान मांगों की चर्चा के जवाब में कहा कि पिछले दो वर्षों से राज्य सरकार संकल्पित भाव से छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा में जुटी है और विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में यात्रा प्रारंभ हो चुकी है। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को साकार करने में बजट प्रबंधन की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है।

मुख्यमंत्री ने विधानसभा में अपने विभागों से संबंधित अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान कहा कि पहले दो बजटों की थीम 'ज्ञान' और 'गति' थी, जबकि इस बार बजट की थीम 'संकल्प' रखी गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस और डिजिटल गवर्नेंस की नीति अपनाकर व्यवस्थागत लिकेज समाप्त किए हैं, जिसके कारण आम जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा अब सीधे जनकल्याण में खर्च हो रहा है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में आबकारी विभाग का राजस्व 5 हजार 110 करोड़ रुपए था, जो वर्तमान सरकार में बढ़कर 11 हजार करोड़ रुपए अनुमानित है। यह अंतर फर्जीवाड़े पर रोक लगने के कारण आया है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने नक्सलवाद के विरुद्ध चल रहे अभियान को लोकतंत्र की बड़ी जीत बताते हुए कहा कि राज्य सरकार ने माओवादी आतंकवाद के अंत का लक्ष्य तय कर उसी दिशा में प्रभावी कार्य किया है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर लोकतंत्र और संविधान पर विश्वास जताया है। उन्होंने इसे लोकतंत्र के लिए उत्सव का क्षण बताया और कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन, जवानों की वीरता और प्रदेशवासियों के विश्वास से राज्य माओवादी हिंसा के अंधकार से बाहर निकल रहा है। अब नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासनिक तंत्र को मजबूत कर शांति, पुनर्निर्माण और समग्र विकास के लक्ष्य को साकार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश के आर्थिक विकास और रोजगार सृजन में खनिज राजस्व की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2021-22 में 12 हजार 305 करोड़ रुपए रहा वहीं वर्ष 2024-25 में खनिज राजस्व बढ़कर 14 हजार 592 करोड़ रुपए हो गया है, जो राज्य के सकल घरेलू उत्पाद का 11 प्रतिशत है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंत तक 17 हजार करोड़ रुपए राजस्व प्राप्ति का अनुमान है।

मातृत्व वंदना और पेंशन योजना की राशि घर-घर पहुंचा रहीं बीसी सखियां

बस्तर के वनांचल ग्रामों में डिजिटल क्रांति

रायपुर/नवप्रदेश। वह मंजर आज भी बस्तर के वनांचलों की यादों में एक कसक पैदा कर देता है, जब एक लाचार बुजुर्ग को अपनी चंद रूपए की पेंशन के लिए तपती धूप में मीलों पैदल चलना पड़ता था। कभी शारीरिक अक्षमता तो कभी तंगहाली के कारण बैंक तक न पहुँच पाने का वह दर्द और थक-हारकर सूनी आँखों से लौट आने की वह बेबसी ग्रामीण जीवन का एक कड़वा सच थी। लेकिन वक्त बदला और बस्तर की इन पथरीली राहों पर ममता और सेवा का हाथ बढ़ाते हुए बीसी सखियों ने उस करुणा को शक्ति में बदल दिया है। आज वही बुजुर्ग अपनी देहरी पर बैठी बैंक सखी को देख मुस्करा उठता है, क्योंकि अब बैंक चलकर उसके घर तक आता है।

ग्रामीण बैंकिंग के इस मानवीय चेहरे का सबसे जीवंत उदाहरण छिदगांव में देखने को मिलता है, जहाँ के वृद्ध हितग्राही रतन राम बघेल वृद्धावस्था के कारण चलने-फिरने में पूरी तरह असमर्थ हैं। ऐसे में बीसी सखी दशोमती कश्यप हर माह उनके घर जाकर पेंशन की राशि उनके हाथों में सौंपती हैं। अपनी इस सुविधा पर खुशी जाहिर करते हुए रतन राम बघेल कहते हैं कि बढ़ती उम्र और शारीरिक कमजोरी के कारण मेरे लिए बैंक तक जाना अब संभव नहीं रह गया था, पेंशन के पैसों के लिए हमेशा दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन अब दशोमती बेटी हर महीने घर आकर पैसे दे जाती है, जिससे मुझे बहुत सहारा मिला है।

बैंक और ग्रामीणों के बीच एक मजबूत कड़ी बनकर उभरीं जिले की इन 144 बीसी सखियों ने फरवरी महीने में 4 करोड़ रुपये से अधिक का वित्तीय लेन-देन कर यह साबित कर दिया है कि यदि महिलाओं को अवसर और तकनीक मिले, तो वे पूरी अर्थव्यवस्था की तस्वीर बदल सकती हैं। इन बैंक सखियों ने न केवल बैंकिंग सेवाओं को सुलभ बनाया है, बल्कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने की जिम्मेदारी भी बखूबी निभाई है। विशेष रूप से मातृत्व वंदना योजना के तहत 67 लाख रुपये से अधिक की राशि गर्भवती और धात्री माताओं तक पहुँचाकर इन सखियों ने स्वास्थ्य और पोषण की दिशा में भी बड़ा योगदान दिया है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के दो लाइनमैन राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के मैदानी अमलों की दक्षता और कर्तव्यनिष्ठा के लिए दो लाइनमैन को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत किया गया। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी में कार्यरत श्री ओंकार साहू लाइन सहायक श्रेणी-1 (220 केवी उपकेंद्र सरायपाली) एवं श्री सीताराम लाइन परिचारक श्रेणी-1 (एमआरटी संभाग भिलाई) को दिल्ली में तकनीकी दक्षता एवं निरंतर बिजली आपूर्ति के लिए केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण, भारत सरकार विद्युत मंत्रालय द्वारा पुरस्कृत किया गया। वार्षिक कार्यों के मूल्यांकन आधार पर छत्तीसगढ़ ट्रांसमिशन कंपनी से दो लाइनमैन का चयन हुआ तथा राष्ट्रीय मंच पर उन्हें पुरस्कृत किया गया। श्री ओंकार साहू ने वर्ष 2025 में सरायपाली, बसना और सांकरा सब-स्टेशन पर अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए। इनमें 160 एमवीए ट्रांसफार्मर का आंतरिक निरीक्षण, तेल निस्पंदन, सीटी प्रतिस्थापन, पैनल इंस्टालेशन एवं बैटरी सेट रिप्लेसमेंट तथा इंसुलेटर बदलने जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को समय पर निष्पादित करने के लिए पुरस्कृत किया गया। उनकी ईमानदारी, तकनीकी दक्षता और कर्तव्यनिष्ठा से समय पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति होती रही।

भालू के हमले में घायल ग्रामीण को मिली त्वरित सहायता

रायपुर/नवप्रदेश। गरियाबंद वनमंडल के परसुली वन परिक्षेत्र अंतर्गत बाघमार परिसर में एक ग्रामीण पर भालू के हमले की घटना सामने आई है। ग्राम कोचईमुड़ा निवासी 45 वर्षीय पुराणिक यादव को आज सुबह लगभग 6 बजे भालू ने हमला कर घायल कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घायल यादव को प्राथमिक उपचार के लिए जिला चिकित्सालय गरियाबंद पहुंचाया। वन मंत्री केदार कश्यप ने घटना पर संवेदना व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि घायल व्यक्ति के इलाज में किसी प्रकार की कमी न हो और उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाए। वन विभाग ने तत्परता दिखाते हुए यादव को तत्काल सहायता राशि प्रदान की है। साथ ही विभागीय कर्मचारी उनके साथ रहकर हर संभव सहयोग कर रहे हैं।

कोरबा में मेधावी बच्चों की शिक्षा में मददगार होगा 'अनिकेत'

संत ज्ञानेश्वर सभागृह में अनिकेत की टीम जी जान से जुटी है रिहर्सल में, ताकि कोई कमी न रह जाए नाटक के मंचन में

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल के ख्याति प्राप्त नाटक 'मैं अनिकेत हूं' के चार सफलतम मंचन के बाद अब इसका पांचवा प्रयोग शनिवार, 21 मार्च को कोरबा के राजीव गांधी ऑडिटोरियम, इंदिरा स्टेडियम टीपी नगर में होगा। रोटरी क्लब कोरबा और महाराष्ट्र मंडल कोरबा के संयुक्त तत्वावधान में व्यावसायिक स्तर पर मंचित होने वाले नाटक की आय से आर्थिक कठिनाइयों के कारण अपनी शिक्षा जारी रखने में असमर्थ मेधावी विद्यार्थियों को सहयोग प्रदान किया जाएगा।

अनिकेत... टीम के सामने बड़ी चुनौती इस बात की है कि जिस सेवाभावी कार्य के लिए 'मैं अनिकेत हूं' का मंचन किया जा रहा है, ऐसा पहले नहीं हुआ था। जाहिर है, जब नाटक का मंचन व्यावसायिक स्तर पर होगा तो नाट्य मंडली पर भी अपेक्षाकृत अधिक दबाव होगा कि कहीं कोई चूक न हो जाए, कहीं कोई कमी न रह जाए। यही वजह है कि निर्देशक और नाटक में अनिकेत की केंद्रीय भूमिका निभाने वाले वरिष्ठ रंगसाधक शशि वरवंडकर के निर्देशन में पूरी टीम गत कई दिनों ने रिहर्सल कर रही है। बताते चलें कि 90 मिनट के नाटक 'मैं अनिकेत हूं में अनिकेत की पत्नी मीनाक्षी शर्मा का रोल बहुमुखी प्रतिभा की धनी वरिष्ठ रंगकर्मी डॉ. अनुराधा दुबे निभा रहीं हैं। वहीं पूरे नाटक के हर दृश्य में भारद्वाज वकील की दमदार भूमिका में आचार्य चेतन दंडवते नजर आएंगे। जज के प्रभावी रोल में दिलीप लांबे और गवाहों की भूमिकाओं में प्रकाश खांडेकर, रंजन मोड़क, रविंद्र ठेंगड़ी, समीर टुल्लू, भारती पलोसदकर, सुमीता रायजादा और श्याम सुंदर खंगन नाटक में दिलचस्प उतार-चढ़ाव लाएंगे। विनोद राखुंडे, पंकज सराफ भी अपनी अहम भूमिकाओं से प्रभावित करेंगे।

अब तक चार बार मंचन: वरिष्ठ रंगसाधक रंजन मोड़क बताते हैं कि 'मैं अनिकेत हूं' का पहला मंचन चार अक्टूबर 2025 को महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में, दूसरा मंचन 9 अक्टूबर को एम्स रायपुर के ऑडिटोरियम में, तीसरा 26 दिसंबर को नूतन कला निकेतन बालाघाट में और महाराष्ट्र मंडल धमतरी में चौथा नाट्य प्रयोग 21 जनवरी को किया जा चुका है।

एमआईसी बैठक : महापौर मीनल चौबे की अध्यक्षता में हुई बैठक, वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट प्रस्तावों पर अनुशंसा

84 निराश्रित पेंशन और 24 नये राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना प्रकरणों को स्वीकृति

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर की मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) की बैठक मंगलवार को महापौर श्रीमती मीनल चौबे की अध्यक्षता में निगम मुख्यालय महात्मा गांधी सदन में आयोजित हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट प्रस्तावों की अनुशंसा करते हुए उन्हें चर्चा के लिए सामान्य सभा की बैठक में रखने के निर्देश दिए गए।

बैठक में विभिन्न विभागों के प्रस्तावों पर एजेंडावार चर्चा कर कई अहम निर्णय लिए गए। एमआईसी ने निराश्रित पेंशन योजना के 84 नए प्रकरणों तथा राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के 24 प्रकरणों को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की।

एमआईसी ने पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग के प्रस्ताव पर शहर के चौक-चौराहों, रोड मीडियन एवं उद्यानों के विकास एवं संधारण के लिए ÷हरित रायपुर अभियान÷ के तहत ईओआई जारी करने को मंजूरी दी। वहीं, नगरोत्थान योजना अंतर्गत 10 करोड़ रुपये की लागत से 18 प्रमुख रोड जंक्शनों के विकास कार्य के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। इसके तहत चयनित 28 चौक-चौराहों में यातायात सुगमता को ध्यान में रखते हुए कार्य किए जाएंगे। निविदा प्रक्रिया में न्यूनतम दर प्रस्तुत करने वाली मेसर्स रायपुर कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड को कार्य स्वीकृत किया गया।

जोन 9 अंतर्गत लाभांडी से छोकरा नाला तक नाला निर्माण कार्य के लिए 2.04 करोड़ रुपये की निविदा को भी मंजूरी दी गई। साथ ही आकांक्षीय शौचालय योजना के तहत दो वार्डों में प्रस्तावित स्थलों में परिवर्तन को स्वीकृति प्रदान की गई।

एमआईसी ने 15वें वित्त आयोग की राशि से शहर में डामरीकरण सहित विभिन्न विकास कार्यों को भी मंजूरी दी। वहीं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत डस्टबिन क्रय करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में बलिदानी सैन्य अधिकारियों मेजर यशवंत गोविंद गोरे एवं मेजर सत्य प्रदीप दत्ता की प्रतिमाएं स्थापित करने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अनापत्ति स्वीकृति दी गई। प्रस्ताव के अनुसार एक प्रतिमा साइंस कॉलेज उद्यान तथा दूसरी शंकरनगर स्थित गार्डन में स्थापित की जाएगी। वर्ष 2016 में खालसा स्कूल के सामने से हटाए गए 69 दुकानदारों के पुनर्वास के संबंध में एमआईसी ने अपने पूर्व संकल्प पर पुनर्विचार का निर्णय लिया। इस प्रस्ताव को सामान्य सभा के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। प्रस्ताव के अनुसार किस्टल आर्केड के सामने भूमि पर दुकानों का निर्माण कर प्रभावितों को आवंटित किया जाएगा।

एमआईसी ने जोन 7 के प्रस्ताव पर पुलिस कमिश्नरेट के पश्चिम कार्यालय के संचालन हेतु सामुदायिक भवन को अस्थायी रूप से आवंटित करने की मंजूरी दी। साथ ही दिव्यांग पार्क निर्माण के लिए प्रस्तावित भूमि के स्थान परिवर्तन पर भी चर्चा की गई। बैठक में निगम आयुक्त श्री विश्वदीप सहित एमआईसी सदस्य, अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के प्रभारी उपस्थित रहे।

सुविचार

सबसे सुंदर रिश्ता दो आंखों के बीच होता है। कभी एक दूसरे को देख नहीं पाते लेकिन एक साथ खुलते और बंद होते हैं। एक साथ रोते और सोते हैं।

डोनाल्ड ट्रंप की नाटो को धमकी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल के साथ मिलकर ईरान पर हमला तो कर दिया लेकिन अब यह जंग लगातार तेज होती जा रही है। स्थिति यह है कि डोनाल्ड ट्रंप की धमकी के बावजूद ईरान झुकने का नाम नहीं ले रहा है और अमेरिका तथा इजराइल को मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। खाड़ी देशों में अमेरिका के जितने भी सैन्य अड्डे थे उन्हें ईरान चुन चुन कर निशाना बना रहा है। अब तो ईरान ने अपनी सबसे घातक मिसाइल सेज्जिल का भी उपयोग करना शुरू कर दिया है। जिसकी मारक क्षमता ढाई हजार किलो मीटर तक है। यही नहीं बल्कि ईरान ने होर्मूज पर भी अन्य देशों के जहाजों की आवाजाही रोक कर पूरी दुनिया के लिए तेल और गैस का संकट खड़ा कर दिया है। इससे बौखलाकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जो खुद होर्मूज के पास अपना युद्धपोत भेजने से डर रहे हैं। उन्होंने नाटो से इसके लिए मदद मांगी है। यही नहीं बल्कि उन्होंने चीन से भी मदद की अपील की है। किन्तु कोई भी देश उनकी बात मानने के लिए तैयार नहीं है। जर्मनी में तो दो टूक शब्दों में कह दिया है कि इस युद्ध से नाटों का कोई लेना देना नहीं है। फ्रांस ने भी वहां अपना युद्धपोत भेजने से साफ इंकार कर दिया है। इंग्लैंड और जापान ने भी इससे किनारा कर लिया है। नतीजतन अब डोनाल्ड ट्रंप नाटो को इसके गंभीर दुष्परिणाम भुगतने की धमकी दे रहे हैं लेकिन उनकी यह धमकी भी बेअसर साबित हो रही है। दरअसल जब डोनाल्ड ट्रंप ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति का अगवा करा कर वहां की चुनी हुई सरकार को अस्थिर कर दिया था तब नाटो ने इसका दबी जुबान से विरोध किया था। उस समय अपनी ताकत के नसे में चूर डोनाल्ड ट्रंप ने यूरोपीय देशों की जमकर बेइज्जती की थी। जिसे वे भूले नहीं है यही वजह है कि डोनाल्ड ट्रंप के अनुरोध को उन्होंने ठुकरा दिया है। खुद को दुनिया का बेताज बादशाह समझने वाले डोनाल्ड ट्रंप के लिए यह चूल्लू भर पानी में डूब मरने की बात है कि कोई भी देश उनके मदद के लिए आगे ही नहीं आ रहा है। दूसरे शब्दों में कहें तो अमेरिका और इजराइल दोनों ही अलग थलग पड़ गये हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान से पंगा तो मोल ले लिया है लेकिन अब वे संघर्ष विराम के लिए मरे जा रहे हैं किन्तु ईरान ने साफ कह दिया है कि यह जंग अमेरिका ने शुरू की थी और इसे खत्म ईरान करेगा। ईरान के पास अभी भी बैलैस्टिक मिसाइलों का और ड्रोनों का इतना बड़ा जखिरा है कि वह छह माह तक जंग लड़ सकता है। ईरान में अमेरिका के सामने यह शर्त रख दी है कि अमेरिका खाड़ी देशों से अपने सैनिक अड्डे हटाये और इस जंग में ईरान को जो भी नुकसान हुआ है उसकी अमेरिका भरपाई करें तथा भविष्य में उस पर कभी युद्ध न थोपे और इसके लिए अंतर्राष्ट्रीय कानून बनाया है। इनमें से एक भी शर्त को मानने का सीधा सा मतलब यह होगा कि अमेरिका ने हार मान ली है। जाहिर है। ईरान की ये शर्तें अमेरिका को हरगिज कबूल नहीं होगी और यह जंग अभी पता नहीं और कितने समय तक जारी रहेगी।

राज्यसभा चुनाव में इंडी गठबंधन को झटका

राज्यसभा की 37 रिक्त हुई सीटों के लिए हुए चुनाव में आईएनडीआईए को करारा झटका लगा है। इनमें से 26 सीटों पर निर्विरोध चुनाव हुआ था। इसमें एनडीए के 14 सांसद चुने गये थे जिसमें से 7 भाजपा के हैं। शेष 11 सीटों के लिए एनडीए और आईएनडीआईए के बीच मुकाबला हुआ लेकिन इनमें से सिर्फ एक सीट हरियाणा की कांग्रेस के खाते में गई शेष 10 सीटों पर एनडीए को जीत मिली। बिहार की सभी पांच सीटों एनडीए ने जीत ली वहीं उड़िसा की भी सभी 4 सीटों पर एनडीए को सफलता मिली। सिर्फ हरियाणा में ही एक सीट भाजपा को और एक सीट कांग्रेस को मिली। इस तरह एनडीए की राज्यसभा में 9 सीटें बढ़ गई। जबकि आईएनडीआईए की सीटों कम हो गई। दरअसल इस बार भी कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के विधायकों के क्रास वोटिंग करके एनडीए को जीत दिला दी। विपक्षी पार्टियों में एकजुटता का अभाव दिखा। बिहार में तो बिहार में तो तेजस्वी यादव ने राज्यसभा की एक सीट हथियाने के लिए अस्सदुद्दीन ओवैसी से भी हाथ मिला लिया था इसके बावजूद कांग्रेस और खुद उनकी पार्टी राजद के विधायकों की दगाबाजी के चलते वे एक सीट भी नहीं जीत पाये। कुल मिलाकर राज्यसभा चुनाव में एक बार फिर आईएनडीआईए में सेंध लगाने में एनडीए सफल हो गई।

सद्‌गुरू बोधामृतम्



सदगुरू ऋतेश्वर

◆ बड़ी मजाक की बात है सारी दुनिया को समझने निकले हैं और खुद को समझते नहीं। मैं कहता हूं जिस दिन खुद को समझ गए, सारी दुनिया समझी समझाई है। अब किसी को नहीं समझना है!

◆ आपके जीवन में अपने जीवन को बनाए रखने के लिए आपको अपनी मर्यादा रखनी पड़ेगी।

आज का इतिहास

नई दिल्ली वार्ता। 1801 भारत में हथियार बनाने का पहला कारखाना स्थापित किया गया। 1915 डिफेंस ऑफइंडिया एक्ट को मंजूरी दी गई। 1919 रॉलेट एक्ट पारित किया गया और इसने 1915 में पारित डिफेंस ऑफ इंडिया एक्ट की जगह ली। इसके जरिए भारतीयों के नागरिक और राजनीतिक अधिकारों को कुचलने का काम किया गया। 1922 महात्मा गांधी को कारावास की सजा सुनाई गई। 1940 इटली का शासक मुसोलिनी, हिटलर के साथ बातचीत के बाद युद्ध में प्रवेश के लिए सहमत। 1944 नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व में आजाद हिंद फौज ने बर्मा की सीमा पार कर भारत में प्रवेश किया। 1965 रूसी अंतरिक्ष यात्री एलेक्सी लियोनोव अंतरिक्ष में प्रवेश करने वाले पहले व्यक्ति बने। 1972 विश्व पुस्तक मेले की शुरुआत। 2000 उगांडा में प्रलय दिवस सम्प्रदाय के 230 सदस्यों ने आत्मदाह किया। 2006 संयुक्त राष्ट्र ने 'मानवाधिकार परिषद' के गठन का प्रस्ताव मंजूर किया। 2007 उत्तर कोरिया ने परमाणु कार्यक्रम बन्द करने का कार्य प्रारम्भ किया। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कोच बॉब वूल्मर का निधन।

डोनाल्ड ट्रम्प पर भारी पड़ता युद्ध

इजरायल ईरान युद्ध में अमरीका की भूमिका को नकारा नही जा सकता। या यू भी कहा जा सकता है कि अगर अमरीका इजराइल का साथ न देता तो इजरायल ईरान से भिड़ने की हिम्मत भी न करता। लेकिन यह युद्ध अब ट्रम्प पर भारी पड़ता नजर आ रहा है। यही नही अमेरिकी मध्यावधि चुनावों के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। तेल की बढ़ती कीमतों, आर्थिक दबाव, और लंबे युद्ध की संभावना से मतदाताओं में नाराजगी बढ़ सकती है, जो सीधे तौर पर चुनाव परिणामों को प्रभावित कर सकती है। युद्ध के कारण तेल की कीमतों में उछाल और मुद्रास्फीति में वृद्धि मतदाताओं के लिए मुख्य चिंता बन गई है, जो रिपब्लिकन पार्टी के खिलाफजा सकती है।

प्रेम शर्मा

यदि युद्ध लंबा चलता है, तो यह डोनाल्ड ट्रंप के लिए एक बड़ी राजनीतिक कमजोरी बन सकता है, क्योंकि यह उनके विदेशी युद्धों को रोकने के वादे के विपरीत है। युद्ध को लेकर रिपब्लिकन पार्टी के भीतर ही मतभेद सामने आ रहे हैं, और कई नेता चुनाव को ध्यान में रखते हुए इसे जल्द खत्म करने की मांग कर सकते हैं। यही नही इसके परिणाम स्वरूप उनका राजनैतिक कैरियर भी ध्वस्त हो सकता है। इस युद्ध का वैश्विक स्तर पर जो असर दिखाई पड़ रहा है वह वाकई राष्टपति ट्रम्प की वैश्विक छबि खराब कर चुका है। ईरान पर हमले के बाद बाधित समुद्री मार्ग होर्मुज को ऊर्जा आपूर्ति के लिए सुरक्षित बनाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ने मित्र राष्ट्रों समेत अन्य देशों से वहां अपनी नौसेनाएं भेजने का जो आग्रह किया था, उस पर इन देशों की अनिच्छा भरी प्रतिक्रिया यही बताती है कि ट्रंप अलग-थलग पड़ते जा रहे हैं। जहां जापान और आस्ट्रेलिया ने होर्मुज जल मार्ग की सुरक्षा के लिए आगे आने में अनिच्छा प्रकट की, वहीं दक्षिण कोरिया ने कहा कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति के प्रस्ताव पर विचार करेगा। यही नही जर्मनी ने तो दो टूक कह दिया कि नाटो का इस युद्ध से कोई लेना-देना नहीं। ऐसी प्रतिक्रियाओं से ट्रंप को किस तरह झटका लगा है, इसका प्रमाण यह है कि अब वे नाटो देशों को चेतावनी दे रहे हैं कि इस संगठन का भविष्य खतरे में पड़ सकता है, लेकिन उन्हें यह याद होना चाहिए कि उन्होंने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की धमकी देकर इस संगठन के देशों के भरोसे को ठेस ही पहुंचाई थी।यह पहली बार नहीं, जब ट्रंप किसी मामले में अलग-थलग पड़े हों या फिर उन्हें वांछित समर्थन न मिला हो। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि जब गाजा के विकास के लिए उन्होंने संयुक्त राष्ट्र को किनारे कर बोर्ड आफपीस का गठन किया था और खुद उसके सर्वेसर्वा बन बैठे थे तो इस बोर्ड में भी नाटो देशों के साथ अन्य कई प्रमुख देश

शामिल नहीं हुए थे। यह अब किसी से छिपा नहीं कि अमेरिका के मित्र देश भी ट्रंप के रवैये से आजिज आ चुके हैं और वे उनकी मनमानी के समक्ष झुकने के लिए तैयार नहीं। इसके लिए ट्रंप अपने अलावा अन्य किसी को दोष नहीं दे सकते। उन्होंने अपनी टैरिफनीति से दुनिया को तंग ही किया है। सबसे अधिक तंग तो उन्होंने सहयोगी देशों को किया है। ट्रंप किस तरह मनमानी करते हैं, इसका उदाहरण अमेरिकी सेनाओं की ओर से वेनेजुएला पर हमला करना भी रहा। वेनेजुएला में अपनी कठपुतली सरकार बनाने के बाद उन्होंने इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर हमला बोल दिया। लगता है वे यह भूल गए कि ईरान वेनेजुएला नहीं है। ट्रंप भले ही बार-बार दोहरा रहे हों कि ईरान ने हार मान ली है, लेकिन सच यह है कि वह इजरायल के साथ खाड़ी देशों में उसके ठिकानों को निशाना बनाने में लगा हुआ है।उसकी रणनीति युद्ध को लंबा खींचने के साथ होर्मुज जल मार्ग बाधित कर दुनिया में ऊर्जा संकट बढ़ाने की जान पड़ती है। ट्रंप के पास ईरान की इस रणनीति का कोई जवाब नहीं दिख रहा है। ईरान ने खाड़ी के देशों में नागरिक ठिकानों पर हमले जारी रखकर ट्रंप की समस्या और बढ़ा दी है। उनका संकट केवल यही नहीं कि उन्हें अपेक्षित अंतरराष्ट्रीय समर्थन नहीं मिल रहा है, बल्कि यह भी है कि अमेरिका में भी उनका विरोध बढ़ता जा रहा है।

ईरान संग युद्ध डोनाल्ड ट्रंप पर इस लिए भी भारी पड़ रहा है कि एक साथ उन्हें आर्थिक, कूटनीति, घरेलू समर्थन समेत कई मोर्चों पर मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है.ट्रंप ने फ्रांस, जापान, दक्षिण कोरिया और ब्रिटेन सहित कई देशों से युद्धपोत भेजने की अपील की, ताकि ईरानी हमलों के बीच वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति बाधित न हो. उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर जरूरत पड़ी तो अमेरिका ईरान के प्रमुख तेल निर्यात केंद्र खर्ग द्वीप पर अतिरिक्त सैन्य कार्रवाई कर सकता है. इन बयानों से स्पष्ट है कि अमेरिका इस संघर्ष को केवल सैन्य ही नहीं, बल्कि व्यापक कूटनीतिक दबाव के माध्यम से भी नियंत्रित करने की कोशिश कर रहा है.आर्थिक मोर्चे पर भी यह संघर्ष ट्रंप के लिए गंभीर चुनौती बन गया है। होर्मुज़ स्ट्रेट में बाधा के कारण वैश्विक तेल बाजार में अस्थिरता बढ़ी है, जिससे ऊर्जा और उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि हुई है. अमेरिकी मतदाता आमतौर पर आर्थिक संकेतकों से अधिक अपने रोजमर्रा के खर्च के आधार पर सरकार का मूल्यांकन करते हैं. ऐसे में बढ़ती महंगाई और आर्थिक अनिश्चितता ट्रंप की लोकप्रियता को कमजोर कर रही है। ट्रंप के लिए यह संघर्ष केवल युद्धभूमि तक सीमित नहीं है। यह अमेरिकी जनमत, अर्थव्यवस्था और वैश्विक कूटनीति के जटिल समीकरणों में भी लड़ा जा रहा है. यही कारण है कि ईरान के खिलाफयह युद्ध, सैन्य दृष्टि से चाहे जैसा भी हो, घरेलू मोर्चे पर ट्रंप के नेतृत्व की सबसे बड़ी परीक्षा बनता जा रहा है।

भारत में अस्पतालों में आग की बढ़ती घटनाएं...

किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर ओडिशा के कटक स्थित श्रीराम चंद्र भांजा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में सोमवार 16 मार्च 2026 को अर्ली मॉर्निंग घटी भयावह आग की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया। इस घटना ने एक बार फिर देश के अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था, फायर ऑडिट और प्रशासनिक जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।अस्पताल उपचार का केंद्र या जोखिम का स्थल?अस्पताल समाज के लिए जीवन रक्षक संस्थान माने जाते हैं। यहां आने वाला हर व्यक्ति यह उम्मीद करता है कि उसे सुरक्षित वातावरण में इलाज मिलेगा।लेकिन जब वही अस्पताल आग जैसी दुर्घटनाओं के कारण मौत का केंद्र बन जाएँ,तो यह पूरे स्वास्थ्य तंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय बन जाता है।

भारत में पिछले एक दशक में अस्पतालों में आग लगने की घटनाएँ बार-बार सामने आई हैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि इन घटनाओं में सैकड़ों मरीजों की जान जा चुकी है।अधिकतर मामलों में जांच बैठती है, कुछ अधिकारियों को निलंबित किया जाता है,लेकिन अंतिम सजा बहुत कम मामलों में होती है।यही कारण है कि यह समस्या बार-बार दोहराई जाती है।अस्पतालों में आग की घटनाओं के बाद अक्सर जांच समितियां गठित की जाती हैं। कई बार अस्पताल प्रबंधन और अधिकारियों को निलंबित भी किया जाता है।लेकिन अंतिम दोषसिद्धि और सजा बहुत कम मामलों में होती है।उदाहरण के लिए एएमआरआई अस्पताल मामले में निदेशकों कोगिरफ्तार किया गया और उन पर भारतीय दंड संहिता की धारा 304 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया, लेकिन लंबे समय बाद कई आरोपियों को जमानत मिल गई। अस्पताल आग दुर्घटनाओं में दोषसिद्धि कम होने का एक बड़ा कारण कानूनी प्रक्रिया की जटिलता भी है।अक्सर यह साबित करना कठिन होता है कि दुर्घटना सीधे किसी व्यक्ति की लापरवाही के कारण हुई है। कई मामलों में अस्पताल प्रबंधन,ठेकेदार,बिजली विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त जिम्मेदारी होती है, जिससे जिम्मेदारी तय करना मुश्किल हो जाता है।इसके अलावा साक्ष्यों का अभाव भी बड़ी समस्या है।आग लगने के बाद कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और तकनीकी प्रमाण नष्ट हो जाते हैं। इससे जांच कमजोर पड़ जाती है।रात लगभग तीन बजे अस्पताल की पहली मंजिल पर स्थित ट्रॉमा केयर आईसीयू में अचानक आग लग गई। उस समय वहां करीब 23 मरीज भर्ती थे। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। अस्पताल प्रशासन और कर्मचारियों ने मरीजों को बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन तब तक कई मरीज गंभीर रूप से झुलस चुके थे। इस दुखद हादसे में 10 मरीजों की मौत हो गई, जिनमें से

7 मरीजों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि 3 मरीजों की मृत्यु इलाज के दौरान हुई। बचाव कार्य के दौरान अस्पताल के कम से कम 11 कर्मचारी भी झुलस गए। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारण विस्तृत जांच के बाद ही स्पष्ट होगा। साथियों बात अगर हम अस्पतालों में आग लगने केप्रमुख कारणों को समझने की करें तो, विश्लेषकों और अग्नि सुरक्षा विशेषज्ञों के अनुसार अस्पतालों में आग लगने के कई प्रमुख कारण होते हैं। इनमें सबसे बड़ा कारण शॉर्ट सर्किट और खराब विद्युत व्यवस्था है। कई अस्पतालों में पुरानीवायरिंग होती है,जो अत्यधिक विद्युत भार के कारण गर्म होकर आग पकड़ लेती है। इसके अलावा आईसीयू और अन्य वार्डों में उपयोग होने वाले इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी अत्यधिक गर्मी उत्पन्न करते हैं।दूसरा बड़ा कारण ऑक्सीजन सिलेंडरों की अधिकता है। कोविड-19 महामारी के दौरान यह समस्या और स्पष्ट हुई। ऑक्सीजन अत्यधिक ज्वलनशील वातावरण बनाती है, जिससे छोटी सी चिंगारी भी बड़े विस्फोट का रूप ले सकती है।तीसरा कारण फायर एनओसी का अभाव या उसका नवीनीकरण न होना है। कई अस्पताल बिना उचित फायर सुरक्षा प्रमाणपत्र के ही संचालित होते रहते हैं। चौथा कारण आपातकालीन निकास मार्गों का अभाव है। कई अस्पतालों में निकास मार्ग या तो बंद रहते हैं या उनमें अवैध निर्माण कर दिया जाता है।इसके अलावा अवैध निर्माण, भवन की खराब डिजाइन, फायर अलार्म और स्प्रिंकलर सिस्टम का अभाव तथा कर्मचारियों को फायर सुरक्षा का प्रशिक्षण न होना भी बढ़ी महत्वपूर्णसटीक समस्या है। साथियों बात कर हम सबसे अधिक खतरा आईसीयू और नवजात वार्ड में क्यों? इसको समझने की करें तो अस्पतालों में होने वाली अधिकांश मौतें आईसीयू और नवजात शिशु वार्ड में होती हैं। इसके कई कारण हैं। आईसीयू में भर्ती मरीज अक्सर गंभीर स्थिति में होते हैं और स्वयं चलने-फिरने में सक्षम नहीं होते। इसलिए आग लगने की स्थिति में उन्हें तुरंत बाहर निकालना कठिन हो जाता है।दूसरा कारण यह है कि आईसीयू में ऑक्सीजन सिलेंडरों की संख्या अधिक होती है। तीसरा कारण यह है कि वहां कई प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लगातार चलते रहते हैं, जिससे शॉर्ट सर्किट की संभावना बढ़ जाती है। चौथा कारण यह है कि बंद कमरों में धुआं बहुत तेजी से फैलता है, जिससे मरीजों का दम घुटने का खतरा बढ़ जाता है। साथियों बात कर हम कागजों में फायर ऑडिट-जमीन पर लापरवाही को समझने की करें तो विशेषज्ञों के अनुसार अस्पतालों में आग की घटनाएं इसलिए भी नहीं रुक रही हैं क्योंकि फायर ऑडिट अक्सर केवल कागजों में ही सीमित रह जाते हैं। कई अस्पताल निरीक्षण से पहले ही अस्थायी व्यवस्था कर लेते हैं और निरीक्षण के बाद फिर लापरवाही शुरू हो जाती है। कई राज्यों में फायर विभाग के पास निरीक्षण के लिए पर्याप्त कर्मचारी भी नहीं होते।इसके अलावा अस्पतालों में सुरक्षा उपकरण तो लगाए जाते हैं, लेकिन उनका नियमित रखरखाव नहीं होता। फायर अलार्म सिस्टम काम नहीं करते, स्प्रिंकलर जाम हो जाते हैं और अग्निशमन यंत्रों की समय-समय पर जांच नहीं होती। साथियों बात अगर हम आरोपियों को सजा नहीं होने व शीघ्र जमानत पर छूटने को समझने की करें तो यही वह बिंदु है जहां भारत की प्रशासनिक व्यवस्था की कमजोरी सामने आती है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

हर बात को बढ़ा चढ़ाकर पेश करना जैसे सोशल मीडिया पर आदत बन चुकी है । सत्य की तह में जाए बिना सिर्फ मीम बनाना लाइक और व्यू पाने का सिर्फएक तरीका ही है बाकी देश की सच्चाई सभी जानते हैं । बाहरी देशों में क्या चल रहा है और हमारा देश कितना सुरक्षित है ये सब बात सभी भूल चुके हैं । पहले सच को जानो तभी कोई प्रतिक्रिया दो। दूसरे देशों में अपने देश की तारीफ और अपने देश में बुराई क्या ये सही है ?

– वर्षा वार्ष्णेय

गंदे तजिए आचरण, मन को रखिए शुद्ध। करना ऐसे काम तुम, हो ना कोई क्रुद्ध। हो ना कोई क्रुद्ध, चार दिन लेकर आए। कपट द्वेष अरु झूठ, डूब इनमें क्या पाए। सदा सत्य की राह, धरे चलते जा बंदे। जप हरिहर का नाम, छोड़ दे कारज गंद।।

– सुनिल शर्मा नील

सुनो युद्ध शान्ति के लिए कभी न हुआ है न हो सकता है,,, युद्ध होता है सिर्फ़और सिर्फ़ युद्ध के लिए ,,, शान्ति सीखनी है तो फूलते फलते वृक्ष से सीखे मानव जो काटने वालों पर भी अपने पुष्पों की वर्षा करता है पत्थर मारने वालों को भी रसीले फल देता है काश! शान्ति के लिए युद्ध न होते कभी ।

– शुचि 'भवि'

आज गरीबी लाइन में लग, हर मुश्किल से जूझ रही है कहाँ मिलेगी मुझको राहत,यही पहेली बूझ रही है दर-दर भटक रही है कबसे, दो रोटी पाने की ख़ातिर मगर देश के नेताओं को , केवल कुर्सी सूझ रही है।

– संजय कुमार गिरि

हमारे बिन कहो कैसी है दिल्ली ? सुना है खून से भीगी है दिल्ली कहीं कुछ तो लगा होगा अधूरा हमारी याद में रोती है दिल्ली ? चले आए हैं दिल्ली छोड़ कर हम हमारे बिन भी क्या दिल्ली है दिल्ली ? ये तो मालूम था अब हम नहीं हैं रुकी क्यों आपकी गाड़ी है दिल्ली हवाएं कह रही हैं हम से आ कर विरह की राग अब गाती है दिल्ली चलो इतना बता दो आप केवल अभागन या सुहागन सी है दिल्ली ? निगाहें ढूँढती तो होगी हमको हमारे प्रेम की काशी है दिल्ली।

– ममता लड़ीवाल

मैं नवभारत की नारी हूँ, इक इक मैं सौ पे भारी हूँ, मैं अबला थी बेचारी थी, मेरी हद चारदीवारी थी, आंचल का बोझ उठाती हूँ, घर को परिवार बनाती हूँ, अब सबला है मेरा यौवन, उन्मुक्त भाव मेरा जीवन, अब आसमान में उड़ती हूँ, अब विश्वज्ञान से जुड़ती हूँ!

– कुलदीप मिश्रा

कुछ लोग आपके करीब आते हैं। फिर बहुत करीब आने लगते हैं। अगर आप हट जाएं तो ठीक नही तो वो आदमी आपके सोच को कंट्रोल करने लगते हैं। फिर अपनी सोच आपपर डालने लगते हैं। फिर आप जब उसकी सोच को धारण कर लेते हैं तो समझो आप उसके गुलाम बन जाते हैं। ये रिश्ता कोई भी हो सकता है।कोई भी सोचिएगा जरा

– प्रीति श्रीवास्तव

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज आप आस-पास बन रहे वातावरण से क्षुब्ध होकर एकांतवास करना पसंद करेंगे। परन्तु सांसारिक मोह अधिक रहने के कारण ज्यादा समय एक निर्णय पर नहीं टिक पाएंगे।

वृषः आज का दिन आप आनंद से बितायेंगे। किसी मनोकामना अथवा बनाई योजना में सफलता मिलने की खुशी दिन भर रहेगी। परिजन आपकी बात मानेंगे।

मिथुनः आज के दिन आप में परोपकार की भावना अधिक रहेगी। अपने कार्यो को छोड़ दुसरो के कार्य करने के कारण परेशानी होगी परन्तु मानसिक संतोष भी रहेगा।

कर्कः आज के दिन कार्यो में निरंतर मिल रही असफलता के कारण नकारात्मक विचार मन को परेशान करेंगे। शारीरिक रूप से भी शिथिल रहेंगे। परिजनों से सम्बन्ध ठीक नहीं रहेंगे।

सिंहः आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा।नए कार्यो की शुरुआत फिलहाल टालें। सुख के साधनों में वृद्धि होगी। विरोधी परास्त होंगे। परिवार में शांति रहेगी।

कन्याः आज के दिन आप स्वार्थ सिद्धि के कारण आपसी मनमुटाव भुलाकर नए सिरे से कार्य करेंगे। परन्तु अधिकारियो से कार्य निकालना आसान नहीं रहेगा। विरोधी चाह कर भी आपका बुरा नहीं कर पाएंगे।

तुलाः आज दिन का पूर्वार्द्ध पहले की भांति शांति से व्यतीत करेंगे परन्तु इसके बाद का समय थोड़ा कष्टदायक रहने वाला है सभी महत्त्वपूर्ण कार्य आलस्य छोड़ जल्दी निपटाने का प्रयास करें।

वृश्चिकः आज के दिन की शुरुआत में किसी से विवाद हो सकता है जिस के कारण मध्यान तक मन अशांत रहेगा। कार्य व्यवसाय में भी दिन उदासीन रहेगा परिश्रम का उचित फल नहीं मिलेगा।

धनुः आज के दिन धन लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यो में गति आने एवं घर एवं कार्य क्षेत्र पर अव्यवस्था में सुधार होगा। भविष्य के प्रति निश्चिन्त रहेंगे।

मकरः आज आपका ध्यान कार्य क्षेत्र पर कम ही रहेगा फलस्वरूप लाभ की आशा भी छोड़नी पड़ेगी। रिश्तेदारी में उपहारों का आदान प्रदान होगा।

कुंभः आज के दिन आप तन मन से एकदम चुस्त रहेंगे। मानसिक प्रसन्नता रहने से कार्यो को बेहतर ढंग से कर पाएंगे अपने आस-पास का वातावरण विनोदी स्वभाव से हास्यमय बनाएंगे।

मीनः आज के दिन सभी कार्यो में आशा के विपरीत फल रहेगा। विशेष कर धन सम्बंधित कार्य अनुभवी व्यक्ति की सलाह के बाद ही करें। कार्य क्षेत्र पर गलत निर्णय लेने से धन के साथ मान हानि भी हो सकती है।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) किस राज्य सरकार ने काले हिरणों को उनके प्राकृतिक आवास में वापस लाने के लिए पाँच वर्षीय पुनर्परिचय कार्यक्रम (2021इ2026) शुरू किया है?

2) हाल ही में चर्चा में रहे कोको द्वीपसमूह, निम्नलिखित में से किस जल निकाय में स्थित एक छोटा द्वीप समूह है?

3) 1987 से 1990 के बीच श्रीलंका में भारतीय सेना द्वारा चलाए गए उस सैन्य अभियान का नाम क्या था, जिसके लिए सेना प्रमुख ने पहली बार श्रद्धांजलि अर्पित की?

4) भारतीय डाक विभाग द्वारा भारत में डिजिटल एड्रेसिंग सिस्टम बनाने के लिए प्रस्तावित पहल का नाम क्या है?

5) हाल ही में भौगोलिक संकेत (GI) टैग प्राप्त करने वाली पोंडुरु खादी किस राज्य से संबंधित है?

उत्तरमाला- (1) छत्तीसगढ़ (2) बंगाल की खाड़ी (3) ऑपरेशन पवन (4) डिजीपिन (5) आंध्र प्रदेश

पहेली

शब्द सामर्थ्य -345

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 344 का हल

दुर्ग निगम बजट सभाः मंत्री गजेंद्र समर्थक पार्षदों का हंगामा, कहा- कचरे के धुएं से शहरवासियों का सांस लेना मुश्किल, ठेके और सामग्री खरीदी में धांधली के आरोप

■ निर्दलीय और कांग्रेस पार्षदों ने भी महापौर समेत शहर सरकार को घेरा

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम की बजट सभा में आज भाजपा में गुटीय लड़ाई उभरकर सामने आ गई। बजट सभा शुरू होते ही मंत्री गजेंद्र यादव समर्थक भाजपा पार्षदों ने महापौर अलका बाघमार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। निर्दलीय पार्षदों ने भी जमकर हंगामा किया। पार्षदों ने आरोप लगाया कि विकास कार्यों में भेदभाव हो रहा है। गिने-चुने वार्डों में ही विकास कार्य कराए जा रहे हैं। पार्षदों ने कहा कि नागरिकों से टैक्स लिया जा रहा है। बदले में जलते कचरे का धुआं, धूल और मिट्टी के सिवा शहरवासियों को कुछ नहीं मिल रहा है।

पार्षदों ने आरोप लगाया कि शहर में बने एसएलआरएम सेंटरों में कचरे को जलाया जा रहा है। आसपास के नागरिकों को सांस लेना भी दूभर हो गया है। इस दौरान सभापति श्याम शर्मा ने भी कहा कि कचरे के धुएं से सांस लेना मुश्किल हो जाता है। सभापति समेत पार्षदों ने निगम के स्वास्थ्य प्रभारी निलेश अग्रवाल और स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता को इस मामले में जमकर घेरा। उरला वार्ड में एक हफ्ते तक सफाई कार्य न होने और डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का काम बंद होने पर भी स्वास्थ्य विभाग की जमकर खिंचाई हुई।

महापौर ने पेश किया बजट

भोजन अवकाश के बाद सदन में महापौर अलका बाघमार ने वित्तीय वर्ष के लिए 580.12 करोड़ का बजट पेश किया। कुल 5 लाख 20 हजार रुपए के लाभ के बजट को लेकर कई पार्षदों ने महापौर अलका बाघमार समेत शहर की सरकार को घेरा।

महापौर अलका बाघमार ने अपने बजट भाषण में वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को शहर के समग्र विकास का रोडमैप बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट जनता की उम्मीदों और शहर की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, जो विकास के पहियों को और गति देगा। उन्होंने सदन से इस बजट को पारित करने का आग्रह भी किया।

बैठक में सिकोला नाला निर्माण के लिए 316.62 लाख रुपए, मिनीमाता चौक से महाराजा चौक तक पाइपलाइन शिफ्टिंग के लिए 439.50 लाख रुपए जैसे बड़े कार्यों पर चर्चा हुई। नया बस स्टैंड की दुकानों में किए गए अतिरिक्त निर्माण को नियमित करने और कुशाभाऊ ठाकरे भवन के किराया निर्धारण जैसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी प्रस्तुत किए गए। महाराजा चौक से पुलगांव चौक मार्ग का नाम पद्मश्री स्व. डॉ. सुरेन्द्र दुबे मार्ग रखने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से सामान्य सभा में प्रस्तुत किया गया।

पार्षदों का सम्मान घटाने का काम हो रहा

भाजपा और निर्दलीय पार्षदों ने कहा कि यह पहली परिषद है जिसमें पार्षदों का सम्मान घटाने का काम हो रहा है। इस दौरान पार्षद संजय अग्रवाल ने शौचालय संचालन का ठेका दो समूहों को देने का मामला उठाया। कई अन्य पार्षदों ने शौचालयों की जर्जर हालत के बावजूद मरम्मत न कराने पर हंगामा किया। उन्होंने कहा कि मरम्मत की राशि कहां गई। सभापति ने इस मामले में निगम कमिश्नर को 10 दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट तैयार कर अवगत कराने कहा। संजय ने कहा कि महापौर सामान्य सभा की बैठक ही नहीं बुलाती हैं।

जल कार्य विभाग में सामग्री खरीदी में करप्शन का आरोप

निर्दलीय पार्षद मंगेश वैद्य ने प्रश्नकाल के दौरान जल कार्य विभाग में सामग्री खरीदी में भ्रष्टाचार को लेकर तीखे आरोप लगाए। जल कार्य प्रभारी लीना देवांगन ने भ्रष्टाचार से इंकार करते हुए कहा कि अत्यंत आवश्यक होने पर ही भावपत्र के अनुसार सामग्री खरीदी की जाती है। शासन ने अब भावपत्र के रेट के अनुसार सामग्री खरीदी पर रोक लगा दी है। चार गुना दर पर खरीदी करने का आरोप सरासर गलत है। वार्षिक निविदा में सामग्री शामिल न होने या टेंडर समाप्त होने पर ही सामग्री की खरीदी की जाती है।

हफ्तेभर तक सफाई कर्मी हटाने के मुद्दे पर भी सभा में बवाल

उरला पश्चिम के पार्षद सरस कुमार निर्मलकर ने 9 जनवरी से 15 जनवरी तक वार्ड में सफाई कर्मियों को हटाने और डोर टु डोर कचरा कलेक्शन कार्य बंद होने पर कड़ा ऐतराज जताया। सरस ने कहा कि स्वास्थ्य प्रभारी को फोन करने पर उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। इस मामले में सभापति श्याम शर्मा समेत अन्य पार्षदों ने इसे गंभीर मामला बताते हुए जांच की मांग की। पार्षदों ने कहा कि ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। सभापति ने निगम प्रशासन से 10 दिनों के भीतर इस मामले की जांच कर पार्षदों को अवगत कराने कहा है।

कई वार्डों में नहीं हुआ विकास कार्य

प्रश्नकाल के दौरान भाजपा पार्षद आशीष चंद्राकर ने विकास कार्यों का मुद्दा उठाया। आशीष ने कहा कि वार्ड 11 में नई परिषद के गठन के बाद से निगम मद से एक रुपए का विकास कार्य भी नहीं हुआ है। कई पार्षदों ने आशीष का समर्थन करते हुए कहा कि उनके वार्डों में भी विकास कार्य नहीं कराए गए हैं। इस पर पीडब्लूडी प्रभारी देवनारायण चंद्राकर ने कहा कि जैसे जैसे राशि मिल रही है, विकास कार्य कराए जा रहे हैं। पार्षद जितेंद्र ताम्रकार ने एसएलआरएम सेंटरों में कचरा जलाने का मुद्दा उठाया। इस मामले में सभापति श्याम शर्मा ने भी कहा कि नागरिकों को कचरे के धुएं से सांस लेना दूभर हो रहा है। इस दौरान पार्षद कुलेश्वर चंद्राकर सहित अन्य पार्षदों ने भी निगम के स्वास्थ्य विभाग को जमकर घेरा।

जवाब नहीं मिला तो सभा नहीं चलने दूंगा: भाजपा पार्षद

सबसे ज्यादा विवाद नगर निगम द्वारा जारी एक प्रेस रिलीज को लेकर हुआ। सभा शुरू होते ही पद्मनाभपुर के भाजपा पार्षद संजय अग्रवाल ने कहा कि उन्हें बोलने का मौका दिया जाए। सभापति द्वारा इससे इंकार करने पर अग्रवाल ने हंगामा शुरू कर दिया। कई भाजपा, कांग्रेस और निर्दलीय पार्षदों ने भी संजय का समर्थन किया। सभापति श्याम शर्मा ने हंगामे के कारण सभा एक घंटे के लिये स्थगित कर दी। दोबारा सभा शुरू होने पर पार्षद अग्रवाल के दोबारा हंगामा करने पर सभापति ने उन्हें बोलने का मौका दिया। अग्रवाल ने शौचालयों की सफाई के ठेके का मुद्दा उठाया। उन्होने कहा कि बोरसी और शिवनाथ मुक्तिधाम के उन्नयन के लिये मंत्री गजेंद्र यादव ने नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से चर्चा कर 50-50 लाख रुपए की स्वीकृति दिलाई है। इसके बावजूद नगर निगम से प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई कि हाई कोर्ट के आदेश पर मुक्तिधाम का उन्नयन किया जाएगा।

मंत्री द्वारा राशि स्वीकृत कराने के बावजूद उन्हें श्रेय न देने पर अग्रवाल समेत अन्य पार्षदों ने जमकर हंगामा किया। इस मामले को लेकर कमिश्नर से जवाब देने और खेद व्यक्त करने की मांग की। अग्रवाल ने कहा कि जब तक इस मामले में स्पष्टीकरण नहीं दिया जाएगा, तब तक वे सभा नहीं चलने देंगे।पार्षद कुलेश्वर साहू ने भी इस मामले में निगम प्रशासन को घेरा। कुलेश्वर ने साफ कहा कि विकास कार्य मंजूर कराने के बावजूद मंत्री गजेंद्र यादव को श्रेय न देना मंत्री का अपमान है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पार्षद संजय अग्रवाल और कुलेश्वर साहू के अलावा कमल देवांगन, गुलाब वर्मा, रामचंद्र सेन, सुयश निर्मलकर, जितेंद्र महोबिया, सविता चंद्राकर, मंगेश वैद्य ने भी इस मामले को लेकर जमकर हंगामा किया और धरने पर बैठ गए। बाद में कमिश्नर सुमीत अग्रवाल ने कहा कि हाई कोर्ट के निर्णय की उन्हें जानकारी है, लेकिन नगर निगम द्वारा प्रेस बयान जारी करने से उन्होंने इंकार कर दिया।

न्यूज गैलरी

नवरात्रि: शैलपुत्री की नयनाभिराम पेंटिंग

भिलाई। प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार डीएस विद्यार्थी ने आगामी चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य में मां दुर्गा के शैलपुत्री अवतार की नयनाभिराम पेंटिंग का निर्माण किया है। उन्होंने कहा है कि भारत त्योहारों का देश है, जहां वर्ष भर खुशहाली का माहौल बना रहता है। इस कलात्मक चित्रकारी पर मशहूर चित्रकार बीएल सोनी, मूर्तिकार मोहन बराल, मीना देवांगन, गुंजन शर्मा, रंगकर्मी प्रवीण कालमेघ, विजय शर्मा, साहित्यकार मेनका वर्मा और ललित कला अकादमी नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ से बोर्ड मेंबर डॉ. अंकुश देवांगन ने उन्हें बधाई दी है। बीएसपी से सेवानिवृत्ति के बाद चित्रकार डीएस विद्यार्थी निरंतर अपनी सृजनशीलता जारी रखे हुए हैं। वे छत्तीसगढ़ के धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी अनेक वर्षों से बच्चों को चित्रकला सिखाते आ रहे हैं ताकि वे हिंसा के रास्ते में न जाएं। सामाजिक सरोकारों के विषय को उठाने में उन्होंने अपनी तूलिका को मां दुर्गा के हथियार रूप में उपयोग किया है। प्रस्तुत पेंटिंग में उन्होंने नवरात्रि के प्रथम दिन पूजे जाने वाले मां शैलपुत्री अर्थात हिमालय की पुत्री का विहंगम वर्णन किया है। जिसमें उन्होंने अपनी शैली अनुरूप शोख चटख रंगों का भरपूर इस्तेमाल किया है।

विस घेराव करने रायपुर आए सैकड़ों कांग्रेसी

दुर्ग। प्रदेश कांग्रेस द्वारा आज रायपुर में आयोजित विधानसभा घेराव में शामिल होने दुर्ग से सैकड़ों कांग्रेसी राजधानी रायपुर के लिए रवाना हुए। इस दौरान प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बकलीवाल सहित शहर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके अलावा दुर्ग ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में भी कांग्रेसी रायपुर रवाना हुए।

जिले के स्कूलों में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेशन शिविर

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निरंतर मॉनिटरिंग और मार्गदर्शन में जिले के शासकीय व अशासकीय स्कूलों में विद्यार्थियों का मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेशन का कार्य निरंतर किया जा रहा है। कई स्कूलों में परीक्षाएं चल रही हैं, जबकि कुछ स्कूलों में परीक्षाएं समाप्त हो चुकी हैं, विद्यार्थियों की स्कूल में उपस्थिति कम होने की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर सिंह ने जिला शिक्षा अधिकारी को समन्वय बनाकर स्कूलों में शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं, ताकि सभी बच्चों का अपडेशन सुनिश्चित किया जा सके। फरवरी माह में स्कूलों में कुल 12122 मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेट और 677 आधार अपडेट किया गया है। भारत सरकार के निर्देशानुसार यह प्रक्रिया वर्तमान में निःशुल्क की जा रही है। कलेक्टर ने कहा कि बायोमेट्रिक अपडेशन आधार सेवा केंद्रों या स्कूलों में आयोजित शिविरों के माध्यम से कराएं। वर्तमान में यह सेवा निःशुल्क उपलब्ध है, बाद में प्रति बच्चे से 125 रुपये का शुल्क लिया जाएगा।

महापौर परिषद ने बजट 2026-27 को दी मंजूरी

■ भिलाई निगम में विकास और जन-सुविधाओं पर रहेगा जोर

भिलाई नगर/नवप्रदेश। नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय में आज महापौर परिषद की एक बैठक संपन्न हुई। महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता व निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय की उपस्थिति में आयोजित बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए शहर के विकास का वित्तीय खाका तैयार किया गया।

बजट प्रस्तुतिकरण के दौरान आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निगम द्वारा तैयार किया गया आगामी वित्तीय वर्ष का बजट महापौर के समक्ष प्रस्तुत किया। महापौर नीरज पाल ने बजट के प्रावधानों पर विस्तृत चर्चा प्रारंभ की, जिसमें परिषद के सदस्यों ने बजट की बारीकी से समीक्षा की और शहर हित में अपने महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए।

गहन विचार-विमर्श के बाद परिषद के सदस्यों ने जनहितैषी कार्यों और शहर की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए बजट में आवश्यक संशोधनों को शामिल किया। इसके बाद वित्तीय वर्ष 2026-27 के इस बजट को अंतिम निर्णय हेतु सामान्य सभा में भेजने का सर्वसम्मति से फैसला लिया गया।

बैठक में महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, सीजू एन्थोनी, संदीप निरंकारी, साकेत चंद्राकर, केशव चौबे, एकांश बंछोर, आदित्य सिंह, लालचंद वर्मा, मन्नान गफ्फार खान, चंद्रशेखर गवई, रीता सिंह गेरा, नेहा साहू, अपर आयुक्त राजेन्द्र कुमार दोहरे, उपायुक्त डीके कोसरिया, प्रभारी अधीक्षण अभियंता वेशराम सिन्हा, सभी जोन आयुक्त अजय राजपूत, येशा लहरे, कुलदीप गुप्ता, अमरनाथ दुबे, अजय गौर, कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, संजय अग्रवाल, संजय वर्मा, अनिल सिंह, अरविन्द शर्मा, लेखाधिकारी चंद्रभूषण साहू, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, राजस्व अधिकारी जे पी तिवारी, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

मियावाकी प्लांटेशन और जल संरक्षण पर जोर

भिलाई नगर/नवप्रदेश। नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव पाण्डेय ने आज जोन-2 वैशाली नगर और कैलाश नगर क्षेत्र का दौरा कर विकास कार्यों और व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने मियावाकी वृक्षारोपण, अतिक्रमण हटाने और मुख्य नहर के माध्यम से जल संवर्धन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयुक्त ने इंदु आईटी के पीछे निगम स्वामित्व के रिक्त भूखण्ड का अवलोकन किया। शासन की मंशा के अनुरूप यहाँ 'मियावाकी पद्धति' से सघन पौधारोपण की तैयारी कर ली गई है। स्थल पर बोरवेल और फेंसिंग का कार्य संपन्न हो चुका है। इस पद्धति से न केवल पर्यावरण हरा-भरा होगा, बल्कि वायु प्रदूषण पर भी प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकेगा। शांति नगर के स्थानीय निवासियों ने आयुक्त से मुलाकात कर क्षेत्र में सुगम आवागमन हेतु नई सड़क निर्माण की मांग रखी। आयुक्त ने निवासियों को आश्वस्त किया कि नियमानुसार प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र प्रेषित किया जाएगा। कैलाश नगर में निरीक्षण के दौरान सड़क किनारे नागरिकों द्वारा बाउंड्रीवाल निर्माण और बिल्डिंग मटेरियल रखकर मार्ग अवरुद्ध करने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तत्काल बाधाएं हटाने के निर्देश दिए। एकता चौक, कैलाश नगर और कुरूद रोड किनारे स्थित मुख्य नहर का निरीक्षण भी किया गया। इस नहर के माध्यम से क्षेत्र के तालाबों को भरा जाएगा, जिससे भू-जल स्तर में सुधार होगा और स्थानीय निवासियों को निस्तारी कार्यों में सुविधा मिलेगी। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त येशा लहरे, कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू, उप अभियंता श्वेता महेश्वर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी शंकर सहानी व स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

एलपीजी गैस की कालाबाजारी रोकें, कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आज अधिकारियों की बैठक में समय-सीमा प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए जनगणना 2027 की तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने मकान सूचीकरण ब्लॉक कार्य को 31 मार्च तक हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इंचार्ज अधिकारियों को सूची में एकरूपता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। खाद्य अधिकारी को एलपीजी गैस वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता या कालाबाजारी रोकने के सख्त निर्देश दिए गए। शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई करने कहा गया।

बैठक में ग्राम पंचायतों में राजस्व संबंधी अविवादित नामांतरण, बंटवारा और पंजीयन की स्थिति की समीक्षा की गई। जिन पंचायतों में अब तक कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, वहां के सचिवों के एक माह का वेतन रोकने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधीनस्थ अनुविभाग, ब्लॉक स्तरीय कार्यालयों और तहसीलों में ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने के निर्देश दिए। सभी विभागों को ई-एचआरएमएस में ऑनबोर्डिंग के लिए निर्धारित प्रारूप में जानकारी 31 मार्च से पहले सामान्य प्रशासन विभाग को भेजने कहा गया। समग्र शिक्षा के तहत स्वीकृत निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

धान उठाव की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को सभी समितियों से 25 मार्च तक शत-प्रतिशत डीओ कटवाकर धान उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा सभी विभागों को लंबित बिजली बिलों का जल्द भुगतान करने और निष्क्रिय खातों को सक्रिय कर संबंधित विभागों को राशि लौटाने के निर्देश भी दिए गए। बाल देखरेख संस्थाओं की स्थिति की समीक्षा की। कलेक्टर ने 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए।

बैठक में एडीएम वीरेन्द्र सिंह, अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव पाण्डेय, नगर निगम दुर्ग के आयुक्त सुमित अग्रवाल, नगर निगम भिलाई चरोदा के आयुक्त दशरथ राजपूत, नगर निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी व सिल्ली थॉमस सहित सभी एसडीएम व जनपद सीईओ और समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

देर रात दो पक्षों में हिंसक झड़प

भिलाई/नवप्रदेश। सोमवार को देर रात कैंप 2 में दो पक्षों में विवाद हो गया। झगड़े की शुरुआत बच्चों के बीच कहासुनी से शुरू हुई। धीरे-धीरे दोनों पक्षों के बड़े लोग भी शामिल हो गए, जिसके बाद विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इस मामले में लव अफेयर के मामले की जानकारी भी मिली है। एक पक्ष का आरोप है कि कुछ दिन पहले मोहल्ले का युवक एक युवती को लेकर भाग गया था। बाद में दोनों को वापस बुलाया गया, युवती को उसके घर भेजा गया। लेकिन युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया गया। युवक को जेल जाना पड़ा।

इसी रंजिश के कारण देर रात विवाद होने की जानकारी मिली है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। दोनों पक्षों के बीच विवाद के दौरान पत्थरबाजी की घटना भी हुई। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों को चोटें आई है। छावनी टीआई समेत 5 लोग घायल हुए हैं। स्थिति नियंत्रित करने के लिए पूरे क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

मोहल्ले में लगातार गश्त जारी है। जिले के कई थाना प्रभारियों को मौके पर बुलाया गया। दुर्ग, भिलाई, छावनी के सीएसपी के साथ एडिशनल एसपी सिटी और ग्रामीण भी देर रात तक मौजूद रहे। दोनों पक्ष सोनकर मोहल्ले में रहते हैं। विवाद के बीच हिंदू संगठनों ने छावनी थाने का घेराव कर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने समझाइश देकर भीड़ को शांत कराया, हालात पर नियंत्रण पाया। पुलिस के अनुसार फिलहाल इलाके में स्थिति नियंत्रण में है।

हॉट मेटल फैलने का सीन क्रियेटः कर्मचारी के बेहोश होने की स्थिति प्रदर्शित करते हुए सुरक्षित बाहर निकाला

बीएसपी के एसएमएस-3 में मॉक ड्रिल

भिलाई/नवप्रदेश। वैधानिक सुरक्षा आवश्यकताओं के अनुरूप भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप 3 के कन्वर्टर फ्लोर पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। ड्रिल में एक गंभीर आपात स्थिति का सिमुलेशन किया गया, जिसमें कन्वर्टर 1 और कन्वर्टर 2 के मध्य हॉट मेटल ले जा रही लैडल में पंक्चर होने से पिघला हुआ हॉट मेटल फैलने और तीन कर्मचारियों के झुलसने का सीन क्रियेट किया गया। एक कर्मचारी के बेहोश होने की स्थिति प्रदर्शित करते हुए सुरक्षित बाहर निकालने की कार्रवाई की गई।

आपात स्थिति की घोषणा सुबह 10 बजे कन्वर्टर शिफ्ट इंचार्ज महाप्रबंधक अतुल बेंडाले व टीम के सदस्य उप महाप्रबंधक सुधीर रामटेके द्वारा इमरजेंसी सायरन बजाकर की गई। सायरन सुनते ही कन्वर्टर फ्लोर पर उपस्थित सभी कर्मी तत्परता से निर्धारित असेंबली प्वाइंट पहुंच गए।

मुख्य महाप्रबंधक (एसएमएस3) त्रिभुवन बैठा घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति की कमान संभाली। उनके साथ महाप्रबंधक विभागीय सुरक्षा अधिकारी (एसएमएस 3) पुष्पा एम्ब्रोस, महाप्रबंधक (प्रभारी संचालन) डी. विजिथ, महाप्रबंधक (ऑपरेशन बीओएफ) पीके अग्रवाल, महाप्रबंधक (रखरखाव) पी सतपथी और महाप्रबंधक (यांत्रिकी) अजित नारायण भी मौके पर उपस्थित रहे। नेतृत्व टीम ने प्रभावी समन्वय के साथ आपात स्थिति का प्रबंधन करते हुए त्वरित एवं संगठित कार्रवाई सुनिश्चित की।

मेन मेडिकल पोस्ट, फायर ब्रिगेड, सीआईएसएफ, सिविल डिफेंस व सेफ्टी कंट्रोल सहित सभी सहायक सेवाओं ने तुरंत सहयोग प्रदान किया। घायल कर्मियों को शीघ्र प्राथमिक उपचार प्रदान कर सुरक्षित बाहर निकाला गया व बेहोश कर्मचारी को भी समन्वित प्रयासों के माध्यम से बाहर लाया गया। ड्रिल परिदृश्य के अनुसार मेन मेडिकल पोस्ट द्वारा सभी प्रभावित व्यक्तियों की स्थिति सामान्य बताई गई।

रेस्क्यू कार्य पूर्ण होने के बाद फायर ब्रिगेड द्वारा फैले हुए गर्म धातु को ठंडा करने की कार्रवाई की गई, जिससे किसी भी संभावित खतरे को रोका जा सके। क्षेत्र की गहन जांच कर यह सुनिश्चित किया गया कि कोई भी व्यक्ति जोखिम में न हो। स्थिति पूर्णतः नियंत्रण में आने के बाद फायर ब्रिगेड द्वारा विभागाध्यक्ष को ऑल क्लियर सिग्नल दिया गया, जिसके बाद एरिया इंचार्ज ने लगातार सायरन बजाकर स्थिति सामान्य होने की पुष्टि की गई।

ड्रिल के समापन पर आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्य महाप्रबंधक त्रिभुवन बैठा ने सभी टीमों की त्वरित प्रतिक्रिया, उत्कृष्ट समन्वय व अनुशासन की सराहना की। समग्र रूप से यह मॉक ड्रिल सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यह अभ्यास उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों, जैसे कन्वर्टर फ्लोर, में आपात स्थितियों से निपटने हेतु सतत तैयारी की जांच एवं जागरूकता के लिए किया गया।

फोर्ब्स इंडिया के गेम चेंजिंग लीडर्स सूची में दुर्ग के मनीष पारख का नाम शामिल

भिलाई/नवप्रदेश। फोर्ब्स इंडिया ने एक विशेष सूची जारी की है जिसमें भारत के गेम चेंजिंग लीडर्स के नाम शामिल हैं। सूची में भारत के कई दिगज्जों को शामिल किया गया है। सूची में मेघ गंगा ग्रुप के चेयरमैन दुर्ग के मनीष पारख का नाम दूसरे स्थान पर रखा गया है। इस अवसर पर मनीष पारख ने कहा कि सभी के साथ, विश्वास का यह परिणाम उनके और परिवार के लिए हर्ष और उल्लास का विषय है। इस भरोसे को बनाए रखने के लिए वे सदैव कर्तव्यबद्ध रहेंगे। फोर्ब्स मैगज़ीन में उनकी इस उपलब्धि पर पूरा शहर गौरवान्वित महसूस कर रहा है। मेघ गंगा ग्रुप दुर्ग शहर का प्रख्यात व्यवसायिक समूह है, जिसके नींव मनीष पारख ने रखी है। यह समूह समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं देने प्रतिबद्ध है। लाइफ केयर डायग्नोसिस-एनएबीएल, एनएबीएच की मान्यता, अविश एडुकॉम, महावीर ज्वैलर्स, जयदीप गैस एजेंसी, डिजाइनो डिज़ाइन एनीथिंग, टीआईएसडी-द इंटरनेशनल स्कूल ऑफ डिज़ाइन, फेड एंड केएसी-गेटवे ऑफ ग्लोबल एजुकेशन जैसे संस्थान इस ग्रुप में शामिल हैं। बीते कुछ महीनों में इनके विशेष कार्य हेतु प्राइड ऑफइंडिया एवं भारत प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। राज्य स्तरीय धन्वंतरि सम्मान से भी मनीष पारख सम्मानित हो चुके है। पिछले 2 वर्ष में मनीष पारख के निर्देशन में मोर शहर मोर जिम्मेदारी के अंतर्गत दुर्ग शहर के गांधी चौक, शहीद चौक दुर्ग, राजेंद्र प्रसाद चौक, वाय शेप ब्रिज स्थित चौक का पुनर्निर्माण किया गया है। उन्हें स्वच्छता के मापदण्डों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राज्यपाल छत्तीसगढ़ द्वारा सम्मानित किया गया है। स्वास्थ्य क्षेत्र में विशेष योगदान हेतु धन्वंतरि अवार्ड से सम्मानित किया गया। मेघ गंगा ग्रुप में टीआईएसडी, फेड वन्नाखम एंड चॉकलेट स्टोरी, केएसी- गेटवे ऑफ़ ग्लोबल एजुकेशन जैसे नए उपक्रम जुड़े हैं।

लखपति महिला पहल के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए समन्वय समिति की बैठक संपन्न

कलेक्टर एवं सीईओ ने बिहान द्वारा प्रकाशित पत्रिका उजास का किया विमोचन

गरियाबंद/नवप्रदेश। लखपति महिला पहल अंतर्गत जिला स्तरीय समन्वय समिति के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर बीएस उइके की अध्यक्षता में आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यापालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर सहित जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान महिलाओं के स्वावलंबन, आत्मनिर्भरता एवं सशक्तिकरण पर जोर दिया गया। बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत संचालित लखपति महिला पहल का उद्देश्य स्व सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना एवं उन्हें स्वरोज़गार से जोड़ते हुए उनकी वार्षिक आय को एक लाख रुपये से

अधिक तक बढ़ाना है। इसके लिए महिलाओं को कृषि, पशुपालन, मत्स्यपालन, बागवानी, वन आधारित गतिविधियों एवं लघु उद्योगों से जोड़कर सतत् आजीविका के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

गरियाबंद जिले में अब तक 28 हजार से अधिक लखपति दीदी बन चुकी हैं, जो महिलाओं के आर्थिक स्वालंबन एवं सशक्तिकरण को दर्शाती है। इसके लिए सभी विभागों की योजनाओं का लाभ महिलाओं तक पहुँचाना शामिल है। कार्यक्रम के दौरान लखपति दीदी ग्राम की संकल्पना के बारे में पावर पॉइंट प्रस्तुतिकरण के माध्यम से विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। बताया गया कि इस मॉडल के अंतर्गत ग्राम स्तर पर महिलाओं को विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जोड़कर समग्र रूप से उनके आय में वृद्धि सुनिश्चित की जाएगी।

कलेक्टर श्री उइके ने कहा कि इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय एवं संयुक्त प्रयासों के साथ कार्य करें, ताकि लखपति दीदी ग्राम की परिकल्पना को सफलतापूर्वक साकार किया जा सके। बैठक में लखपति महिला पहल आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शित की गई। जिसमें जिले के महिलाओं द्वारा किए जा रहे विभिन्न आजिविका मूलक कार्यों को सफलता की जा रही है। इसके अलावा बिहान गरियाबंद की ओर से प्रकाशित पत्रिका उजास स्वावलंबन व आत्मनिर्भरता का बिहान का विमोचन किया गया। कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे अपनी-अपनी विभागीय योजनाओं का अधिकतम लाभ स्व सहायता समूह की महिलाओं तक पहुँचाना सुनिश्चित करें।

ओलावृष्टि के बाद सफेद चादर में ढका ओड़ गांव, प्रकृति का अनोखा करिश्मा

ओलावृष्टि से गरियाबंद में कश्मीर जैसा नजारा

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ का गरियाबंद जिला एक बार फिर प्रकृति के अद्भुत और दुर्लभ रूप का गवाह बना है। जिले के ओड़ गांव में देर रात हुई तेज बारिश और जबरदस्त ओलावृष्टि ने पूरे इलाके की तस्वीर ही बदल दी। सुबह जब लोग अपने घरों से बाहर निकलेए तो उनके सामने जो दृश्य थाए वह किसी सपने से कम नहीं थाकृचारों ओर सफेदी ही सफेदीए मानो धरती पर बर्फ की मोटी चादर बिछ गई हो।

ओलों की इतनी अधिक मात्रा गिरी कि खेत.खलिहानए पेड़.पौधेए कच्चे रास्तेए जंगल और घरों के आसपास का पूरा इलाका पूरी तरह सफेद हो गया। दूर से देखने पर यह नजारा किसी पहाड़ी क्षेत्र या हिमाच्छादित पर्यटन स्थल जैसा प्रतीत हो रहा था। स्थानीय लोगों ने इस अद्भुत दृश्य को षरियाबंद का कश्मीरष् नाम दे दिया है।

सुबह की ठंडी हवा और हल्की धुंध के बीच जैसे ही सूरज की किरणें इस सफेद परत पर

पड़ींए पूरा क्षेत्र चमक उठा। ऐसा लग रहा था मानो धरती ने चांदी की चादर ओढ़ ली हो। पेड़ों की शाखाओं पर जमी ओलों की परत और जमीन पर फैली सफेदी ने पूरे वातावरण को बेहद आकर्षक और मनमोहक बना दिया।

इस अनोखे नजारे को देखने के लिए गांव के बच्चेए युवा और बुजुर्ग सभी घरों से बाहर निकल आए। कई लोगों ने इस दुर्लभ पल को अपने मोबाइल कैमरों में कैद किया और सोशल मीडिया पर साझा कियाए जहां यह दृश्य तेजी से वायरल हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने अपने जीवन में पहली बार ऐसा नजारा देखा है।

हालांकि इस प्राकृतिक सौंदर्य के पीछे कुछ चिंताएं भी छिपी हुई हैं। अचानक हुई भारी ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। किसान अपनी तैयार फसलों को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैंए क्योंकि ओलों की मार से कई जगहों पर फसलें प्रभावित हुई हैं।

इस संबंध में उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के डीएफओ वरुण जैन ने बताया कि बीती रात अचानक मौसम में बदलाव हुआ और तेज बारिश के साथ भारी ओलावृष्टि हुई। इसके कारण इलाके में ओलों की मोटी परत जम गईए जो कि इस क्षेत्र में एक दुर्लभ प्राकृतिक घटना है। उन्होंने इस घटना के फोटो और वीडियो भी साझा किए हैंए जो लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। मौसम विशेषज्ञों के अनुसारए इस तरह की घटनाएं अचानक मौसम परिवर्तन और स्थानीय वायुमंडलीय परिस्थितियों के कारण होती हैं। हालांकि छत्तीसगढ़ जैसे मैदानी इलाके में इस स्तर की ओलावृष्टि बेहद कम देखने को मिलती हैए जिससे यह घटना और भी खास बन जाती है।

किसान अपनी फसलों के नुकसान का आकलन करने में जुटे

फिलहाल यह अनोखा नजारा लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। जहां एक ओर लोग प्रकृति के इस अद्भुत रूप का आनंद ले रहे हैं, वहीं दूसरी ओर किसान अपनी फसलों के नुकसान का आकलन करने में जुटे हैं। गरियाबंद का यह सफेद चमत्कार न सिर्फस्थानीय लोगों के लिए यादगार बन गया है, बल्कि यह साबित करता है कि प्रकृति जब अपना रंग दिखाती हैए तो हर बार कुछ नया और अनोखा जरूर होता है।

4 किलो गांजा के साथ दो गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स एवं बसना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध गांजा तस्करी में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 4.070 किलोग्राम गांजा जब्त किया है, जिसकी अनुमानित कीमत 2 लाख 3 हजार 500 रुपये बताई जा रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 16 मार्च को वाहन चेकिंग के दौरान बसना थाना क्षेत्र में एक बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल (क्रमांक सीजी 06 जी एक्स 4909) को रोककर जांच की गई। बाइक सवार दो व्यक्तियों से पूछताछ करने पर

उन्होंने अपने नाम सुरेंद्र कुमार गडतिया (32) निवासी पझरापाली और संजय विशाल (22) निवासी चारभांठा थाना सांकरा बताया। तलाशी के दौरान उनके पास मौजूद सफेद झोले से 4 पैकेट में टेप से लिपटा गांजा बरामद हुआ। तौल करने पर इसकी मात्रा 4.070 किलोग्राम पाई गई। पुलिस ने मौके पर ही गांजा, बाइक और दो मोबाइल फोन जब्त कर लिए। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) के तहत अपराध दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। जब्त संपत्ति की कुल कीमत करीब 2 लाख 83 हजार 500 रुपये आंकी गई है। दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2026 में अब तक जिले में 52 मामलों में 3076.460 किलोग्राम गांजा जब्त किया जा चुका है, जिसकी कुल कीमत 15 करोड़ 33 लाख 4 हजार रुपये है। इन मामलों में कुल 139 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें 40 आरोपी छत्तीसगढ़ और 99 अन्य राज्यों के हैं।

पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन 27 से

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम खरोरा में रामनवमी के पावन अवसर पर 27 मार्च से 1 अप्रैल तक पांच दिवसीय अखण्ड रामायण सम्मेलन का आयोजन होगा। इस पांच दिवसीय अखण्ड रामायण सम्मेलन का आयोजन गुडी चौंक खरोरा में रखा गया है। अखण्ड रामायण सम्मेलन में प्रथम पुरस्कार 10001 रुपए

द्वितीय पुरस्कार 7001 रुपए, तृतीय पुरस्कार 5001 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 3001 रुपए

पंचम पुरस्कार 2001 रुपए रखा गया है। इसके अलावा प्रत्येक मानस मंडली को दिया 1100 रुपए दिए जाएंगे। रामायण मंडली के उपाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने बताया कि प्रत्येक मानस मंडली में 5 से 7 प्रतिभागी शामिल हो सकता है। हर व्यक्ति को मंच में एक ही बार स्थान दिया जायेगा।? रात्रि 12 बजे के बाद मंच नहीं दिया जायेगा।

115 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में अवैध शराब के निर्माण और कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत महासमुंद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 115 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की है। इस दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार थाना सरायपाली और चौकी भंवरपुर पुलिस ने संयुक्त रूप से ग्राम नूनपानी और बुंदेलाभाटा में छापामार कार्रवाई की। थाना सरायपाली क्षेत्र से 100 लीटर और भंवरपुर क्षेत्र से 15 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की गई, जिसकी कुल कीमत लगभग 23 हजार रुपये आंकी गई है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने शराब बनाने में उपयोग

किए जाने वाले बर्तन और अन्य सामग्री भी जब्त की। साथ ही मौके पर 600 किलो महुआ लाहन को नष्ट किया गया। थाना सरायपाली में दो अलग-अलग मामलों में सुमित्रा भारती (51 वर्ष) और दीपक रात्रे (23 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया, जबकि चौकी भंवरपुर क्षेत्र से मनोज जांगड़े (27 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया है।

मामूली विवाद पर चाकू से जान लेवा हमला

महासमुंद/नवप्रदेश। चाकू से वार करने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस को टेका निवासी जितेंद्र बरिहा ने बताया कि 15 मार्च को गांव के प्रदीप साहू की बारात में उसका भाई नरेंद्र बरिहा, उमेश बरिहा और चंद्रशेखर बरिहा और गांव के अन्य लोग बस से ग्राम मोहतरा थाना बिलाईगढ़ गए थे। बारात में शामिल होकर वापस ग्राम टेका आते समय बस में उसके भाई नरेंद्र बरिहा ने अपना पैर राम सिन्हा के पैर के ऊपर रखा था, जिसे लेकर दोनों में विवाद हुआ। टेका पहुंचने पर बस से उतरते समय नरेंद्र बरिहा के साथ विवाद करते हुए राम सिन्हा ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से नरेंद्र के बांये कंधा के पास वार किया। बीच बचाव करने आए उमेश बरिहा और चंद्रशेखर साहू के साथ भी गाली-गलौज कर मारपीट की।

महुआ बीनने गए ग्रामीण पर भालू का हमला

■ **गंभीर हालत में ग्रामीण रायपुर रेफर, इलाके में दहशत**

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले के जंगल क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक खतरनाक घटना सामने आई हैए जहां महुआ संग्रहण के लिए जंगल गए एक ग्रामीण पर जंगली भालू ने अचानक हमला कर दिया। इस हमले में ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गयाए जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया है। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

गरियाबंद वनमंडल के

परसुली परिक्षेत्र अंतर्गत कोचई मुड़ा गांव निवासी 45 वर्षीय पुराणिक ;पिता सूघो राम यादवद्ध मंगलवार सुबह करीब 6 बजे अपनी पत्नी के साथ घर के समीप स्थित जंगल में महुआ बीनने गया था। इस दौरान उसकी पत्नी कुछ दूरी पर महुआ एकत्र कर रही थीए जबकि पुराणिक पास ही पेड़ों के नीचे गिरे महुआ इकट्ठा कर रहा था। इसी बीच अचानक झाड़ियों से निकलकर एक जंगली भालू ने उस पर हमला कर दिया। भालू ने बेहद आक्रामक तरीके से पुराणिक के सिरए चेहरेए हाथ और कंधे को अपने पंजों और दांतों से बुरी तरह नोच डाला। हमले के दौरान पुराणिक की दर्दनाक चीखें सुनकर उसकी पत्नी घबराकर मौके पर पहुंची और शोर मचाने लगी। शोरगुल सुनकर भालू जंगल की ओर भाग गयाए जिससे पुराणिक की जान बच सकी। घटना के बाद घायल अवस्था में पड़े पुराणिक को ग्रामीणों ने तत्काल मदद पहुंचाई। परिजनों और ग्रामीणों ने मिलकर उसे निजी वाहन के जरिए जिला अस्पताल पहुंचायाए जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। हालांकि उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे तत्काल रायपुर रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।इस घटना के बाद कोचई मुड़ा सहित आसपास के गांवों में भय का माहौल व्याप्त है। ग्रामीणों ने जंगल जाने में डर जताया हैए खासकर महुआ संग्रहण के इस मौसम में जब बड़ी संख्या में लोग रोजाना जंगल का रुख करते हैं।

हिन्दू जागरण मंच ने निःशुल्क फिल्म करेला स्टोरी-2 दिखाया

धमतरी/नवप्रदेश। सनातन नारी समाज की रक्षा और समाजिक जागरुकता को लेकर हिन्दू जागरण मंच जिला धमतरी के नेतृत्व में धमतरी के जनप्रति निधि,समाजसेवियों ने सहयोग करते हुए फिल्म केरला स्टोरी 2 देखने के लिए माननीय रामू रोहरा जी महापौर नगर निगम धमतरी,शुभांक मिश्रा भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष ,समाज सेवी हरगुण दास फाउंडेशन धमतरी के संस्थापक कैलाश बख्तानी कोमल संभाकर,दिग्विजय सिंह कृदत्त,जागरण मंच जिला कार्यकारणी के साथ प्रशांत टॉकीज में 12 से 3 और 3 से 6 नि:शुल्क 500 मातृशक्ति माताओं बहनों जो हिन्दू जागरण मंच के द्वारा जारी की गई वेब पोर्टल में अपना पंजीयन कराई थी उसके अतिरिक्त बहुत लोगों ने यह फिल्म को देखने के लिए पहुंचे और देखा उसके पश्चात जनप्रतिनिधि और समाजसेवियों ने सभी माताओं बहनों को संबोधित करते हुए जागृत किया एवं संकल्प दिलाया,जाती पाती की करो विदाई हम सब हिन्दू भाई भाई ,फिल्म में दिखाई की घटनाओं पर चर्चा करते हुए बताया गया कि किस प्रकार से असमाजिक तत्वों,जिहादी मानसिकता वाले व्यक्तियों द्वारा जिसमें लड़के लड़की दोनों शामिल होकर सनातन संस्कृति को नष्ट करने का कार्य रहे है जब हिन्दू को दुश्मन मानते हो तो हिन्दू समाज के लोगो से उन्हें कोई सरोकार नहीं रखना चाहिए और न ही सनातन के देवी देवताओं के नाम का उपयोग करना चाहिए, लवजिहाद जिसका मुकाबला समाजिक जागरुकता के माध्यम किया जा सकता साथ ही साथ कार्यपालिका न्याय पालिका को भी इस प्रकार कार्य में संलिप्त व्यक्तियों की सम्पत्ति जप्त करके नागरिकता खत्म करना चाहिए जो भारत माता की जय नहीं बोल सकते ,जो हिन्दू समाज को नष्ट करने का सोच रखते है, उसको हमें समझना चाहिए इस फिल्म को प्रत्येक हिन्दू समाज को दिखाना चाहिए इस अवसर पर समाज सेवी मोहन लाल साहू, दीपक सिंह ठाकुर, जिला संयोजक पुरूषोतम निषाद, सहसंयोजक चित्रेश साहू,प्रतीक सोनी डाकेश्वर साहू,सनत साहू, जिला युवा आयाम सत्यम सिन्हा, संपर्क प्रमुख अनिमेष राजपूत,प्रचार आयाम तुषार साहू, गौरव साहू आदि उपस्थित थे।

कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन

नगरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीयआह्वान पर कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर 18 मार्च को प्रदेश के सभी जिला एवं ब्लॉक मुख्यालय में प्रदर्शन किया जाएगा। इसी कड़ी में नगरी ब्लॉक के कर्मचारी-अधिकारी भी 18 मार्च को दोपहर भोजन अवकाश के दौरान ब्लॉक मुख्यालय में प्रदर्शन कर अपनी आवाज बुलंद करेंगे।

फेडरेशन ब्लॉक संयोजक डोमार सिंह ध्रुव ने बताया कि कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांगों के निराकरण हेतु यह

चौथे चरण प्रदर्शन है। डोमार सिंह ध्रुव ने बताया कि प्रमुख मांगों में जुलाई 2016 से लंबित महंगाई भत्ता एरियर्स की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित करना, चार स्तरीय पदोन्नति समयमान वेतनमान तथा अर्जित अवकाश नगदीकरण 300 दिन तक करने की मांग शामिल है।

इसके अलावा लिपिक, शिक्षक, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियों को दूर करने के लिए गठित पिंगुआ समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग भी कर्मचारियों द्वारा की जा रही है। साथ ही सहायक शिक्षकों एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान प्रदान करने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई है। फेडरेशन ने अनुकंपा नियुक्ति को बिना शर्त लागू करने, 10 प्रतिशत की सीमा समाप्त कर सीधे भर्ती के सभी पदों पर अनुकंपा नियुक्ति देने, पंचायत सचिवों का शासकीयकरण करने तथा नगरीय निकाय कर्मचारियों को नियमित मासिक वेतन एवं समयबद्ध पदोन्नति देने की भी मांग की है।

शादी में गए युवक की बाइक चोरी

महासमुंद/नवप्रदेश। कोमाखान पुलिस ने बाइक चोरी की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। कोमाखान निवासी रीवन ठाकुर ने थाने में शिकायत की है कि 11 मार्च को वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 06 एचई 4024 से अपने दोस्त देवानंद ठाकुर के घर ग्राम भोथा शादी समारोह में शामिल होने गया था। रात करीब 11 बजे उसने बाइक तालाब के पास सड़क किनारे खड़ी कर दी थी। कुछ समय बाद लौटा तो बाइक वहां नहीं थी। मामले में पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

श्रीराम कथा में पहुंचे तुषार

महासमुंद/नवप्रदेश। राष्ट्रीय तेलीकर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशवंत तुषार साहू ग्राम लाफिनखुर्द में आयोजित भक्त माता कर्मा जयंती व तीन दिवसीय श्रीराम कथा के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए। आयोजन सामिति ने फूल माला, चंदन, गुलाल लगाकर उनका स्वागत किया।

बेलरगांव में भक्त माता कर्मा की 1010वीं जयंती धूमधाम से मनाई

बेलरगाँव/नवप्रदेश। राष्ट्रीय आदर्श गौरव ग्राम बेलरगाँव में साहू समाज द्वारा भक्त माता कर्मा की 1010वीं जयंती मनाई गई। जिसमे इस अवसर पर समाज के लोगों के साथ-साथ ग्राम के जनप्रतिनिधियों की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। सुबह 9 बजे युवा प्रकोष्ठ के साथियों द्वारा मोटरसाइकिल रेली निकल गई। तत्पश्चात महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भव्य कलश शोभायात्रा निकालकर पूरे गांव का वातावरण भक्ति माता कर्मा की जयकारा, व संगीत के साथ भक्तिमय बना दिया।कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा भक्त माता कर्मा की विधिवत पूजा-अर्चना से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती रीता नेताम सरपंच ग्राम पंचायत बेलरगांव ,अध्यक्षता खेमू साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज बेलर गांव विशेष अतिथि सुभाष चंद्र साहू जिला संगठन सचिव धमतरी, लिलांबर साहू

उपाध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज बेलरगांव, टिकेश्वर साहू उपाध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ धमतरी नंदनी साहू सदस्य जनपद पंचायत नगरी ,मोहनी साहू उपसरपंच ग्राम पंचायत बेलरगांव, डोमार सिंह साहू पूर्व उपाध्यक्ष तहसील साहू समाज नगरी ,हरिराम साहू पूर्व अध्यक्ष परिक्षेत्र बेलरगांव, बृजलाल साहू पूर्व अध्यक्ष परिक्षेत्र बेलरगाँव. महेश्वरी साहू महासभा सदस्य,सनतान साहू संरक्षक, पवन कुमार साहू अध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ परिक्षेत्र बेलरगाँव, भुवन दास मानिकपुरीअध्यक्ष मानिकपुरी समाज,उमेश साहू अध्यक्ष संचलाक मंडल, चमरू राम साहू,नरेंद्र देवांगन अध्यक्ष देवागन समाज, यतेंद्र साहू सचिव संचलाक मडल,शिव साहू वार्ड पंच ग्राम पंचायत बेलरगाँव, सुरेश कोर्राम अध्यक्ष आदिवासी समाज, तीरथ साहूबेलरगाँव सचिव कर्मचारी प्रकोष्ठ परिक्षेत्र सभी अतिथियों का पुष्प हार बैच श्रीफल व माँ कर्मा की छायाचित्र भेटकर स्वागत सम्मान किया गया । तत्पश्चात वही कुमारी महिमा साहू द्वारा मां कर्मा की जीवन गाथा पर प्रकाश डाला ।और मुख्य अतिथि के हाथों प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के साथ साथ साहू समाज का गौरव बी एस एफ के जवान भूपेंद्र साहू का भी तिलक लगाकर व मां कर्मा की छायाचित्र सम्मान राशि के साथ सम्मान किया गया।वहीं मुख्य अतिथि रीता नेताम संरपच ने अपने संबोधन में कहा कि भक्त माता कर्मा ने समाज को सेवा, त्याग और समर्पण का संदेश दिया है। और उन्होंने कहा कि साहू समाज मे शिक्षा दीक्षा संस्कार से परिपूर्ण है ।सभी लोग मिलजुलकर काम करते हो ।विशिष्ट अतिथि सुभाष चंद साहू जिला संगठन सचिव ने कहा की सामाजिक एकता संगठन को हमें मजबूत करने की जरूरत है ताकी समाज मे फैल रही अराजकता और धर्म विरोधियों को पछाड़ा जा सके,उन्होने कहा की युवाओं की समाज मे भागीदारी सुनिशचित कर आगे आना चाहिए। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को अब बेटी बचाओ बेटा पढ़ाओ पर जोर देते हुए बेटों की रोजगार और पढ़ाई पर हमें ज्यादा ध्यान देना चाहिए, आज हमारे युवा वर्ग असंस्कारित नशा पान , जैसे बुराइयोंकी ओर बढ़ते जा रहे हैं। इस ओर हमें ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है।

कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में उपस्थित आदेश्वर साहू उपाध्यक्ष ग्रामीण समाज, प्रदीप साहू कोषाध्यक्ष, धनंजय साहू अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ ,नंदलाल साहू अध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ ,किरण साहू व्यापारी प्रकोष्ठ ,चुन्नू लाल साहू वरिष्ठ नागरिक,शेखर साहू, फागुराम साहू ,गेंद लाल साहू , रामू साहू, हिराऊ राम साहू,राधेशकर साहू, दिनेश साहू,बंशीलाल साहू, दीपक साहू ,भागचंद साहू, टीकम साहू ,संत राम साहू ,भानु साहू ,लोमस साहू,भोला साहू ,योगेश साहू, देवेंद्र साहू,पीलादाऊ साहू,मोहनलाल साहू, इन्दल राम साहू, पीतम साहू,बंसन्त साहू,कमला देवी साहू पूर्व सचिव महिला प्रकोष्ठ तहसील नगरी आदि है।

न्यूज गैलरी

चैत्र नवरात्रि: देवी मंदिरों मे जगमगाएंगे आस्था के मनोकामना ज्योत, तैयारियां पूरी

खैरागढ़/नवप्रदेश। कल से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्रि पर शहर सहित इलाकें मे नवरात्रि की तैयारियां पूरी कर ली गई है । शहर के देवी मंदिरों को नवरात्रि पर्व के लिए आकर्षक रंगरोगन कर आकर्षक ढंग से सजाया गया है । नवरात्रि के लिए अंचल मे उत्साह का माहौल है । नवरात्रि पर्व को लेकर शहर के बाजार मे भी भीड़ भाड़ नजर आने लगा है । शहर के देवी मंदिरों की सजावट कार्य पूर्ण किया गया है । शहर के रियासत कालीन दंतेश्वरी मंदिर,ईतवारीबाजार के महामाया और शीतला मंदिर, पूराना बस स्टैण्ड स्थित बम्लेश्वरी मंदिर, धरमपूरा के शनिधाम स्थित दुर्गा मंदिर, दाउचौरा स्थित शीतला धाम में नवरात्रि की तैयारी पूरी हो चुकी है । इन मंदिरों में रंगरोगन के साथ आकर्षक साज सज्जा और लाइटिंग की गई है। इन देवी मंदिरों मे नौ दिनों तक भक्तों का तांता लगेगा । मंदिरों मे साज सज्जा के साथ साथ मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाने की तैयारी है । कल विधिविधान से देवी मंदिरों मे आस्था के ज्योत प्रज्वलित किए जाएगे । इसके लिए शहर सहित छग , अन्य प्रदेशो और विदेशो मे भी रहने वाले भक्तों ने अपने नाम से ज्योति प्रज्वलित कराए है ।

शासकीय उचित मूल्य दुकान पाण्डेटोला में मिली अनियमितता

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के सुचारू संचालन एवं राशन की कालाबाजारी रोकने के लिए खाद्य विभाग द्वारा सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज छुरिया विकासखंड के ग्राम पाण्डेटोला में मां शीतला स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान में गंभीर अनियमितता पाए जाने पर बड़ी मात्रा में चावल जप्ती की कार्रवाई की गई। खाद्य विभाग की टीम द्वारा जनपद सदस्य, पंचों एवं ग्राम पटेल की उपस्थिति में ग्राम पाण्डेटोला के शासकीय उचित मूल्य दुकान का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि दुकान के विक्रेता वीरेन्द्र साहू द्वारा माह फरवरी 2026 का 28 कट्टा चावल अवैध रूप से ग्राम के ही टीकेश्वर साहू के घर में छिपाकर रखा गया था। जांच के दौरान पाया गया कि नियमों का उल्लंघन करते हुए विक्रेता वीरेन्द्र साहू द्वारा टीकेश्वर साहू के घर से 4 कट्टा चावल का वितरण किया गया है। साथ ही दुकान के भौतिक सत्यापन के दौरान ऑनलाइन रिकॉर्ड और मौके पर उपलब्ध स्टॉक में बड़ी मात्रा में अंतर पाया गया। ऑनलाइन रिकॉर्ड में 30 किलो चावल, 39 किलो शक्कर एवं 20 किलो नमक शेष दिख रहा था, जबकि मौके पर स्टॉक का मिलान करने पर विसंगती पाई गयी। इसके अतिरिक्त विक्रेता द्वारा संबंधित स्टॉक का डीओ भी जांच दल के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया। पंचों की उपस्थिति में टीकेश्वर साहू के घर से शेष बचे 24 कट्टा (11.70 क्विंटल) चावल को जप्त किया गया। इस गंभीर अनियमितता एवं राशन की हेराफेरी के प्रकरण में संबंधितों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के प्रावधानों के तहत वैधानिक कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

चेटी चंद झुलेलाल जयंती 20 मार्च को

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राज्य शासन के निर्देशानुसार चेटी चंद झुलेलाल जयंती के उपलक्ष्य में 20 मार्च दिन शुक्रवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने, 5000 रूपये अर्थदण्ड वसूलने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों से कहा है कि उपरोक्त आदेश का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करे एवं अपने संबंधित क्षेत्रों में पर्यवेक्षण रखे।

आयुक्त ने की राजस्व वसूली की समीक्षा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में वार्डवार वसूली की जानकारी लेकर कम वसूली पर नराजगी व्यक्त करते हुये वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति को देखते हुये वसूली बढ़ाने एवं बड़े बकायादारों से करों की वसूली कड़ाई से करने के निर्देश दिये। आयुक्त विश्वकर्मा ने राजस्व वसूली के संबंध में वार्ड वार वसूली एवं डिमाण्ड की जानकारी लेकर वर्तमान डिमांड के विरूद्ध वसूली करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी राजस्व उप निरीक्षकों से नये करदाताओं की संख्या, डिमाण्ड के विरूद्ध मकान की संख्या एवं सम्पत्तिकरदाता के संबंध में जानकारी लेकर मांग पंजी से मिलान कर वसूली के लिये निर्देशित किये। उन्होंने राजस्व अधिकारी राजेश तिवारी से कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है इसके बावजूद शासन लक्ष्य के अनुरूप वसूली नहीं है, कुछ वार्ड प्रभारियों के द्वारा वसूली ठीक से नही की जा रही है, वे कर्मचारी नियमित रूप से डिमाण्ड के विरूद्ध वसूली करे तथा बड़े बकायादारों जिन्हें नोटिस दिया गया है, उनसे कड़ाई से वसूली करना सुनिश्चित करेंगे, करो का भुगतान नही करने पर संबधित का नल विच्छेदन करे तथा समाचार पत्रों मे नाम प्रकाशित करे। आयुक्त विश्वकर्मा ने प्रभारियो से वसूली में आ रही परेशानी के संबंध में जानकारी लिए। प्रभारियो ने बताया कि श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र में आशा के अनुरूप वसूली नही हो पा रही है। इसके अलावा जनगणना कार्य के कारण भी वसूली में परेशानी आ रही है। आयुक्त ने कहा कि करो का भुगतान नही करने पर वार्ड पार्षद से सहयोग ले तथा जनगणना के कार्य अपने ही वार्ड में करना है, इस आधार पर वसूली प्रभावित नही होगी दोनो काम साथ साथ करे।

ठेठवार पारा में नाली निर्माण के लिए महापौर ने किया स्थल निरीक्षण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। महापौर मधुसूदन यादव साफ सफाई एवं निर्माण कार्यो का जायजा लेने तथा वार्डवासियों से भेट मुलाकात करने वार्डो में जाने की कडी में आज वार्ड नं. 37 पहुॅच वार्ड पार्षद जैनम बैद के साथ वार्ड भ्रमण कर वार्डवासियों से रूबरू हो साफसफाई एवं निर्माण कार्य के लिए स्थल निरीक्षण किए। महापौर यादव वार्ड नं. 37 के आजाद चौक, ठेठवार पारा, बसंतपुर थाना रोड में पैदल घुमकर वार्डवासियो से साफसफाई के संबंध में चर्चा किए। उन्होंने कहा कि यह वार्ड शहर के मध्य का व्यवसायिक क्षेत्र है। जहॉ मकान के अलावा दुकाने भी है। उन्होंने व्यापारियो से कहा कि अपने दुकान में डस्टबिन रखे तथा निगम के डोर टू डोर कचरा संग्रहण गाडी में ही कचरा डाले, अपने प्रतिष्ठान व घर के आस पास साफसफाई रखे स्वच्छता अपनाए। महापौर यादव ठेठवार पारा में नाली निर्माण के लिए स्थल निरीक्षण कर क्षेत्रवासियो से कहा कि नाली निर्माण में सहयोग करे। अपने घर व दुकान के पास नाली निर्माण में किसी प्रकार की कठिनाई न हो इसका ध्यान रखे और सीधा नाली निर्माण में कोई अवरोध न हो इसका ध्यान रखे, क्योकि आपके घरो के पानी निकासी के लिए ही नाली बनाया जायेगा।

स्कूल के बच्चे बने हेल्थ इंस्पेक्टर, पानी और मध्यान्ह भोजन की खुद की जांच

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पीएमसी सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम स्कूल में स्वस्थ आहार, स्वस्थ जीवन कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने एक अनोखी और शिक्षाप्रद पहल करते हुए स्कूल में उपलब्ध पानी और मध्यान्ह भोजन एमडीएम की गुणवत्ता की जांच की। इस गतिविधि का उद्देश्य बच्चों में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने स्कूल में लगे तीनों वाटर फिल्टर का टीडीएस ञ्ञष्टस्न मीटर की सहायता से परीक्षण किया। इस प्रक्रिया के माध्यम से बच्चों को यह समझाया गया कि पीने के पानी की शुद्धता कितनी महत्वपूर्ण होती है और इसे वैज्ञानिक तरीके से कैसे जांचा जाता है। विद्यार्थियों ने स्कूल में बनाए गए मध्यान्ह भोजन एमडीएम की भी जांच की। इसमें भोजन की गुणवत्ता, पोषण तत्वों की उपस्थिति और संतुलित आहार के मानकों पर विशेष ध्यान दिया गया। बच्चों को यह भी बताया गया कि खाद्य पदार्थों में लिखे पोषण तत्वों को कैसे पढ़ें और समझें। स्वस्थ आहार, स्वस्थ जीवन भारत सरकार की एक महत्वाकां योजना है जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों को पोषण संबंधी जानकारी देना है। इस योजना के तहत पोषण आहार की पहचान

खाद्य पदार्थों में मौजूद तत्वों की जांच संतुलित एवं मोटे अनाज मिलेट्स के महत्व की जानकारी दी जाती है ताकि सभी स्वस्थ आहार की सही पहचान कर सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एसएमडीसी के अध्यक्ष कमलेश सूर्यवंशी ने कहा कि इस तरह के रोचक और ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाएंगे जिससे विद्यार्थियों में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़े और वे संतुलित आहार अपनाएं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. अमित घोष ने विद्यार्थियों को टीडीएस मीटर और पीएच मीटर के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उनके महत्व को समझाया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने बच्चों को न केवल सीखने का अवसर दिया बल्कि उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग बनने की प्रेरणा भी दी। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए एक व्यावहारिक सीख साबित हुआ जिसमें उन्होंने खुद जांच कर यह समझा कि स्वस्थ जीवन के लिए शुद्ध पानी और संतुलित आहार कितना जरूरी है।

अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज की टीम ने किया चमत्कार

कोमा में आए लावारिस बुजुर्ग को मिला नवजीवन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पेंड्री स्थित भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेई स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय ने चिकित्सा सेवा और मानवता की अद्भुत मिसाल पेश की है। गहरे कोमा और मौत के करीब पहुंचे एक अज्ञात बुजुर्ग मरीज को यहां के डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ ने अपने अथक प्रयासों से नया जीवन दिया। लगभग 20 दिनों तक चले गहन उपचार, लगातार निगरानी और मानवीय संवेदनाओं से भरी सेवा के बाद मरीज पूरी तरह स्वस्थ होकर अस्पताल से डिस्चार्ज हो गया।

पेंड्री स्थित शासकीय चिकित्सालय में डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की समर्पित सेवा ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि चिकित्सा केवल पेशा नहीं बल्कि मानवता की सेवा का

माध्यम है। भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेई स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध इस अस्पताल में एक अज्ञात और लावारिस बुजुर्ग मरीज को मौत के मुंह से बाहर निकालकर चिकित्सकों ने नई जिंदगी दी है। इस सराहनीय कार्य में मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. पी. एम. लुका तथा मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. देशकर के कुशल नेतृत्व और मेडिसीन विभागाध्यक्ष डॉ. एन. के. तिरकी के मार्गदर्शन में चिकित्सकों की पूरी टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जानकारी के अनुसार 24 फरवरी 2026 को 108 एम्बुलेंस के माध्यम से एक अज्ञात बुजुर्ग मरीज को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया। अस्पताल पहुंचने के समय मरीज गहरे कोमा में था और गैस्पिंग की स्थिति में अंतिम सांसें ले रहा था। प्राथमिक जांच में पता चला कि मरीज लीवर की गंभीर बीमारी से पीड़ित है जिसके कारण वह हेपेटिक एन्सेफैलोपैथी जैसी जानलेवा स्थिति में पहुंच चुका था। हाइपोप्रोटीनीमिया के कारण पूरे शरीर में गंभीर सूजन थी। संक्रमण फैलने से मरीज सेप्टिक शॉक की स्थिति में था जिससे उसकी जान बचने की संभावना बेहद कम मानी जा रही थी। मरीज के अज्ञात और लावारिस होने के बावजूद अस्पताल प्रबंधन ने संवेदनशीलता दिखाते हुए उसके इलाज में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी। मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. देशकर के निर्देश पर मरीज के सभी आवश्यक टेस्ट, जांचें और दवाइयां पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं।मरीज के उपचार की जिम्मेदारी डॉ. प्रकाश खुंटे के नेतृत्व में डॉ. आशीष दुलानी, डॉ. भूपेंद्र जंघेल, डॉ. आकाश चंद्राकर और डॉ. विकास जैन की टीम ने संभाली। डॉक्टरों ने लगातार मरीज की निगरानी की और दिन-रात मेहनत कर उसकी स्थिति में सुधार लाने का प्रयास किया। इस चुनौतीपूर्ण उपचार प्रक्रिया में अस्पताल के इंटर्न डॉक्टरों ने भी शिफ्ट के आधार पर सक्रिय भूमिका निभाई और मरीज की निरंतर मॉनिटरिंग सुनिश्चित की। मरीज के उपचार में डॉक्टरों के साथ-साथ नर्सिंग स्टाफ की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण रही।

चैत्र नवरात्रि के लिये निगम ने किये व्यापक प्रबंध

- **आयुक्त ने अधिकारियों व कर्मचारियों को सौपा दायित्व**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा बैठक में दिये गये निर्देश के परिपालन में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने चैत्र नवरात्रि पर्व को दृष्टिगत रखते हुये तकनीकी व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को मूलभूत सेवा कार्यो के सुचारू संपादन के लिये तीन पालियो में दायित्व सौपा है। उन्होंने चैत्र नवरात्रि पर्व में पदयात्रियों की सेवा एवं सुविधा के लिये नगर निगम सीमा के सेवा पंडालो में मूलभूत एवं स्वास्थ्य सेवाओं के लिये तीन पालियों में तकनीकी एवं स्वास्थ्य अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। उक्त कर्मचारी सेवा पंडालो में 24 घण्टे कार्यो का संपादन करेंगे।

निगम आयुक्त विश्वकर्मा ने बताया कि उपरोक्त कार्यो के क्रियान्वयन के लिये नोडल अधिकारी प्र.कार्यपालन अभियंता प्रणय मेश्राम मो.नं. 83197 26288 को एवं प्र.सहायक अभियंता गरिमा वर्मा मो.नं. 97705 19619 एवं सु सुषमा साहू मो. नं. 78285 23391 को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। शहर के स्टालो में टैंकरो से पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था के लिये प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक उप अभियंता रितू वास्तव मो.नं. 74158 34453 को इनके सहयोगी उप अभियंता मोनेन्द्र साठिया मो.नं. 89826 24140 को, दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक उप अभियंता रोमाली शेण्डे मो.नं. 89823 38285 को इनके सहयोगी उप अभियंता तिलक राज ध्रुव मो.नं. 99070 02411 को एवं रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक उप अभियंता अनुप पाण्डे मो.नं. 74705 47099 को व्यवस्था प्रभारी बनाया गया है। साथ ही शहर के स्टालो में टैंकरो से पेयजल व्यवस्था के लिये प्र.मोटर प्रतिपालन सुरेन्द्र साव मो.नं. 94255 64327 को व परिचालक रविकांत साहू मो.नं. 88151 90668 को दायित्व सौपा गया है।

कर्मठता की मिसाल बना साहू समाज, अन्य समाजों को लेनी चाहिए प्रेरणा: हेमा देशमुख

राजनांदगांव/नवप्रदेश। लखोली क्षेत्र में साहू समाज द्वारा माता कर्मा जयंती का आयोजन पूरे उत्साह, श्रद्धा और सामाजिक एकता के साथ किया गया। इस अवसर पर पूर्व महापौर हेमा सुदेश देशमुख ने समाज की कर्मठता की सराहना करते हुए कहा कि साहू समाज से अन्य समाजों को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

लखोली वार्ड क्रमांक 32, 33, 35 एवं 36 में साहू समाज द्वारा रविवार को माता कर्मा देवी जयंती बड़े ही भव्य और पारंपरिक अंदाज में मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन मोहल्ला गत्रिति लखोली के सौजन्य से किया गया, जिसमें समाज के लोगों के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य नागरिकों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9:30 बजे माता कर्मा मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुई जो 11:30 बजे तक चली। इसके पश्चात दोपहर 12:00 बजे से 3:00 बजे तक अतिथियों एवं समाज के प्रमुखों का स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शाम 4:00 बजे से माता कर्मा देवी की भव्य रथयात्रा, कलश यात्रा एवं भजन-कीर्तन ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का समापन रात्रि 7:00 बजे से 10:00 बजे तक महाप्रसादी वितरण एवं भंडारे के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

कलेक्टर के अनुमोदित आदेश का पालन एक वर्ष बाद भी नहीं, मनमानी पर उतरे स्वास्थ्य अधिकारी

कवर्धा/नवप्रदेश। स्वास्थ्य विभाग में किसी न किसी आदेश को लेकर विवाद की स्थिति बनी रहती है । वर्तमान में जो आदेश वायरल हो रहा है उसके अनुसार कलेक्टर के अनुमोदित आदेश के बावजूद चारों विकास खंड के बीपीएम एक वर्ष बाद भी खंड चिकित्सा अधिकारियों के द्वारा मूल स्थान के लिए कार्य मुक्त नहीं किए गए हैं। या खड़ी बोली में यह कहा जाए की कलेक्टर के द्वारा अनुमोदित आदेश को भी ठेंगा दिखाने में जिले के प्रभारी खंड चिकित्सा अधिकारी भी गुरेज नहीं करते।

दरअसल मामला कुछ यूं है कि पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मुखर्जी के कार्यकाल में चारों विकास खंड के बीपीएम लोगों के एक दूसरे के स्थान में संलग्न कर दिया गया था। कालांतर में जनवरी 2025 में कलेक्टर के अनुमोदन के बाद बीपीएम लोगों को उनके मूल स्थान के लिए कार्यमुक्त किए जाने हेतु बीएमओ लोगों को आदेशित किया गया।

यहां उल्लेखनीय बात यह है कि आदेश जारी होने के कुछ ही दिनों के बाद नगरीय निकाय चुनाव के लिए आचार संहिता लागू हो गया। आचार संहिता लागू होने के कारण इन लोगों को रिलीव नहीं किया जा सका। बहरहाल चुनाव हुए भी 1 वर्ष बीत चुके हैं उसके बावजूद बीपीएम लोगों को उनके मूल स्थान के लिए रिलीव नहीं किया गया है। खबर योद्धा के पास जो उड़ती जानकारी मिली है उसके अनुसार दो बीपीएम अपने मूल स्थान के लिए लौटना नहीं चाहते और यही से सारा खेल खेला जा रहा है। इस खेल में खंड चिकित्सा अधिकारियों के शामिल होने से इनकार नहीं किया जा सकता। राजधानी के रिपोर्टर ने इस संबंध में जब अधिकारियों से बात की तो उन सभी से अलग अलग जवाब मिला।

खंड चिकित्सा अधिकारियों से सीधी बात

कलेक्टर के अनुमोदित आदेश के बाद भी बीपीएम लोगों को कार्यमुक्त क्यों नहीं किया गया है ?

बीपीएम लोगों को मूल स्थान के लिए कार्यमुक्त करने संबंधित आदेश का पालन चारों विकासखंड के खंड चिकित्सा अधिकारियों के द्वारा नहीं किया गया है । उस आदेश पर आगे मैं क्या कार्रवाई कर सकता हूं देखता हूं।

- बीएमओ एस लोहारा

सीएमएचओ सर से बात कर लिए होते।

- बीएमओ - बोड़ला

आदेश जारी होने के तत्काल बाद नगरी निकाय चुनाव के लिए आचार संहिता लागू हो गया था जिसके कारण बीपीएम लोगों को कार्य मुक्त नहीं किया जा सका। आदेश पुराना है सीएमएचओ बदल गए हैं, इसलिए इस संबंध में नए सीएमएचओ से मार्गदर्शन लेकर कुछ बता सकूंगा।

- बीएमओ कवर्धा

बीपीएम लोगों को उनके मूल सदस्य स्थान में भेजे जाने का आदेश सीएमएचओ कार्यालय से जारी हुआ है इसकी जानकारी मुझे नहीं है । एक बार आप

सीएमएचओ कार्यालय से आदेश तो मिला है परंतु मार्च में कार्यमुक्त करना संभव नहीं है। अप्रेल में रिलीव किया जा सकता है।

- बीएमओ पंडरिया

38 आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन किराये के भवन में, 89 केंद्र भवन विहीन, सरकार ने विधानसभा में दी जानकारी

विधानसभा क्षेत्र में नौनिहालों की व्यवस्था में रूकावट

खैरागढ़/नवप्रदेश। खैरागढ़ विधानसभा मे छत्तीसगढ़ निर्माण के 26 साल बाद भी नौनिहालो को प्रारंभिक रूप से देखभाल के लिए संचालित होने वाले आंगनबाड़ी केन्द्रों मे 89 आंगनबाड़ी केन्द्र भवनविहीन है । विधानसभा के जारी सत्र मे विधायक यशोदा वर्मा के सवाल पर सरकार की ओर से महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े ने उक्त जानकारी सदन मे दी है । खैरागढ़ विधानसभा मे कुल 482 आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है । इसमे 38 आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन किराए के भवनो मे हो रहा है तो दूसरी ओर 89 आंगनबाड़ी केन्द्रों के पास भवन ही नही है । विधायक ने विधानसभा क्षेत्र मे संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों की जानकारी मांगी थी ।

शहर सहित ग्रामीण इलाको मे किराए मे हो रहा संचालनः विधानसभा क्षेत्र मे ग्रामीण इलाको ही नही बल्कि शहरी क्षेत्रो मे भी वर्षो से आंगनगबाड़ी केन्द्रो का संचालन निजी किराए के भवनों मे किया जा रहा है । इसमे खैरागढ़ नगरपालिका क्षेत्र मे ही कई वार्डो मे आंगनबाड़ी केन्द्रो के लिए खुद का भवन नही है । ग्रामीण इलाको मे भी कई जगहो पर निजी भवनो को किराए पर लेकर इसका संचालन जारी है । पिछले कई सालो से आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए भवनों की मांग लगातार होने के बाद कोई भी सरकार इसमें गंभीरता नही दिखा रही है । इसका खामियाजा केन्द्र तक पहुँचने वाले नौनिहालो को भुगतना पड़ रहा है । बताया गया कि कई किराए के भवनो का समय पर किराया नही मिल रहा है । तो कई भवन बारिश मे छतो के टपकने से संचालन बाधित करते है । इसकी सूचना हर बार विभाग को देने पर मरम्मत और अन्य कार्यवाही तो दूर संचालन व्यवस्था सुधारने का प्रयास भी नही किया जाता । ग्रामीण इलाको मे भी व्यवस्था ऐसी है कि बारिश और अन्य दिक्कतों मे केन्द्रों मे समय से पहले अवकाश दिया जाता है ।

सालभर पहले 17 स्वीकृत अब तक छह ही बने

सरकार की ओर से दिए गए जवाब मे मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े ने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष मे विधानसभा मे कुल 17 आंगनबाड़ी भवनो के निर्माण के लिए 2 करोड़ रू से अधिक की राशि स्वीकृत की गई थी । लेकिन सालभर बाद भी दुर्भाज्य है कि इसमे से केवल 6 केन्द्रों का ही निर्माण अब तक हो सका है । बाकी 11 आंगनबाड़ी केन्द्रो का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है । ऐसे मे आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन बेहतर स्थिति मे होना खटाई मे पड़ा है।

> विधानसभा मे आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन किराए और अन्य भवनो मे होना दुर्भाज्यपूर्ण है । सरकार से भवनविहीन और किराए के भवनो की जगह नए केन्द्रों का निर्माण स्वीकृत किए जाने का आग्रह किया गया है।
>
> **यशोदा वर्मा,** विधायक खैरागढ़

ममता नगर से मोतीपुर तक चला अतिक्रमण हटाव अभियान

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शहर को अतिक्रमण मुक्त करने एवं सुगम आवागमन के लिए नगर निगम द्वारा समय समय पर निरीक्षण कर अवैध रूप से कब्जा करने तथा अतिक्रमण कर ठेला खोमचा व पसरा लगाने, नाली के उपर अतिक्रमण करने तथा मलमा रखने वालो को समझाईस देने व हटाने की कार्यवाही निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा गठित दस्ता सुनियोजित अभियान चलाकर कार्यवाही कर रही है। अतिक्रमण दस्ता ममता नगर से मोतीपुर तक अभियान चलाकर ठेला व गुमटी हटाये तथा अतिरिक्त लगे शेड, सिड़ी व चबुतरा जेसीबी से तोडा गया। यातायात बाधित होने से दुर्घटना की संभावना को ध्यान में रखकर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने अतिक्रमण दस्ता को अनाधिकृत निर्माण हटाने व समझाईस देने के निर्देश दिये थे?

न्यूज गैलरी

मवेशियों की तस्करी करते दो गिरफ्तार, एक फरार

महासमुंद/नवप्रदेश। बसना पुलिस ने दो अलग-अलग वाहनों से मवेशियों का अवैध परिवहन करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है, वहीं एक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने वाहनों से कुल 9 नग मवेशी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार रविवार को मुखबिर की सूचना पर ग्राम खटखटी की ओर से आ रही पिकअप क्रमांक ओडी 03 एसी 6670 को रोककर जांच की गई। वाहन में सवार दो व्यक्तियों ने अपना नाम-पता पटनागढ़, जिला बालांगीर ओडिशा निवासी भक्तान मेहेर उर्फ पिंटू (46) तथा चालक सिंगामुंडा, जिला बालांगीर ओडिशा निवासी जोगा कालिया (23) बताया। तलाशी में वाहन से 6 नग भैंसे कीमत करीब 1 लाख 27 हजार रुपये बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे मवेशियों को ओडिशा स्थित कत्लखाने ले जा रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफछत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 10, 4 और 6 के तहत मामला दर्ज किया है। इसी तरह एक अन्य कार्रवाई में पुलिस ग्राम खटखटी से बसना आ रही पिकअप क्रमांक सीजी 06 जीजी 5574 से 3 नग मवेशी बरामद किया। वाहन चालक पुलिस को देखकर वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस तलाश में जुटी है।

अज्ञात वाहन की ठोकर से एक व्यक्ति की मौत

महासमुंद/नवप्रदेश। बम्हनी में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक चालक की मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि परसट्ठी निवासी घनश्याम साहू (49) 14 मार्च को अपनी बाइक होंडा शाईन क्रमांक सीजी 04 एमएन 9242 में ग्राम चिंगरौद से अपनी सास चमेली बाई साहू निवासी कुशालपुर रायपुर को बिठाकर वापस अपने घर परसट्ठी जा रहा था। रास्ते में सेत गंगा मंदिर के सामने बम्हनी में अज्ञात बाइक चालक ने ठोकर मार दी। घटना में घनश्याम साहू घायल हो गया। घायल घनश्याम साहू को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। बाद रेफर करने पर परिजनों ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां घनश्याम साहू की 15 मार्च को मौत हो गई। मामले में अज्ञात बाइक चालक के खिलाफबीएनएस की धारा 106(1) के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

घर घुसकर मारपीट करने वाले पर अपराध दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। खल्लारी पुलिस ने पचेड़ा में घर घुसकर मारपीट के मामले में आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस को पचेड़ा निवासी साहस राम देवांगन (60) ने बताया कि 15 मार्च की सुबह करीब 7 बजे गांव का खिलावन उसके घर के दरवाजा को धक्का देकर अंदर घुस गया और घरेलू उपयोगी सामान को तोड़फोड़ करने लगा, मना करने पर गाली-गलौज कर पीटा । बीच बचाव करने आए गीता दुबे, केशव साहनी, जितेंद्र टंडन, सेवकराम साहू के साथ भी उसने गाली-गलौज की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 333, 296, 115(2), 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

टीम चयन के लिए ट्रायल 22 को

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ ने सभी जिला क्रिकेट संघों को महिलाओं के अंडर-23 एवं सीनियर वर्ग के लिए सत्र 2026-27 के ट्रायल्स संबंधी दिशा-निर्देश जारी किया है। जिले की टीम के चयन हेतु ट्रायल का आयोजन 22 मार्च को प्रातः 8: बजे से मिनी स्टेडियम में किया जाएगा। ट्रायल्स में भाग लेने सत्र 2026-27 के लिए निर्धारित कट-ऑफ तिथि के अनुसारः अंडर-23 वर्ग में 01 सितंबर 2003 से 31 अगस्त 2007 के बीच जन्मे खिलाड़ी ही पात्र होंगे। ट्रायल्स में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है। बिना पंजीकरण के कोई भी खिलाड़ी ट्रायल्स में भाग नहीं ले सकेगा।

कर्मा जयंती में शामिल हुए नपा उपाध्यक्ष

महासमुंद/नवप्रदेश। साहू समाज द्वारा लोहिया चौक में आयोजित भक्त माता शिरोमणि माता कर्मा जयंती कार्यक्रम में नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने शामिल होकर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उनकी मक्ति भगवान श्री कृष्ण के प्रति इतनी निःस्वार्थ थी कि भगवान उनके हाथों से खिचड़ी का भोग ग्रहण करते थे, जिससे माता को शिरोमणि की उपाधि प्राप्त हुई। भक्ति, सेवा, त्याग एवं समर्पण की प्रतिमूर्ति के रूप में माता कर्मा को पूरा संसार जानता है।

आनंद साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष बने

भाटापारा/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ द्वारा जिला



बलौदा बाजार भाटापारा में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के लिए प्रदेश के वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा एवं भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष द्वारका प्रसाद वर्मा भाजपा के जिला अध्यक्ष आनंद यादव एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की अनुशंसा पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के भाटापारा शहर मंडल अध्यक्ष के लिए आनंद साहू को मनोनीत किया गया है ,उनकी नियुक्ति पर उनके अनेक शुभचिंतकों ने बधाई एवं शुभकामना दी है।

चेट्रीचन्ड्र महोत्सव का आगाज

भाटापारा/नवप्रदेश। भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव चेट्रीचन्ड्र (सिंधीयत दिवस) के पाँच दिवसीय आयोजन का आगाज 16 मार्च से हुआ।पूज्य सेन्ट्रल सिंधी पंचायत के महासचिव राजेश छाबड़िया व पूज्य बिरादरी पंचायत के सचिव महेश चंदानी द्वारा जानकारी दी गई कि पाँच दिवसीय आयोजन के अन्तर्गत प्रथम आयोजन सिंधी भाषा संस्कृति को बढावा व पारवारिक एकता को प्रदर्षित करती सिंधी फिल्म वरदान 3 का 4 शो का आयोजन स्थानीय सिटी सेंटर माल में रखा गया।कार्यक्रम का प्रारंम्भ भगवान झूलेलाल की आरती व पल्लव पहनकर किया गया।कार्यक्रम का संचालन समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैलाश बालानी द्वारा किया,इस अवसर पर डाँ.श्री वासुदेव ठाकुर, परसराम मंधान व रायपुर से विशेष रूप से आए श्री मोनू आहूजा का सम्मान किया गया।इस अवसर पर समाज के मुखिया इंदरलाल थारानी, भीषम गुरयानी एवं रूपचंद थारानी, रहंदा गेहाणी,जयराम काछेला, राजाराम बजाज,जयराम बजाज सहित बड़ी संख्या मे समाजजन उपस्थित रहे इस कार्यक्रम को सम्पन्न करने हेतु कैलाश बालानी, नंदलाल तनवानी, राजेश छाबड़िया, महेश चंदानी,गिरीश सचदेव,विक्की छाबडिया,दिनेश सचदेव,रोहित तनवानी,शंकर ठाकुर,श्री मंगलानी आदि उपस्थित रहे।

माता कर्मा जयंती पर हुआ सामूहिक विवाह, सांसद ने की भवन निर्माण की घोषणा

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने 10 लाख देने की घोषणा की

भाटापारा/नवप्रदेश। तहसील साहू संघ भाटापारा के तत्वाधान में रविवार को माता कर्मा जयंती के अवसर पर आदर्श सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया,इस अवसर पर

मुख्य अतिथि के रूप में सांसद बृजमोहन अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य कलश यात्रा एवं सतनारायण कथा पूजन के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरुषों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने तहसील साहू संघ के अतिरिक्त भवन निर्माण हेतु 10 लाख रुपये की घोषणा कर समाज को बड़ी सौगात प्रदान की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक इन्द्र साव ने की।

प्रमुख अतिथि के रूप में सत्यप्रकाश साहू उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ एवं धनंजय साहू कार्यकारिणी सदस्य, छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ की गरिमामयी उपस्थिति रही।

विशिष्ट अतिथि के रूप में पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा , स्वतंत्र अग्रवाल (दाऊजी), ग्राम तरेंगा, मोनू (महेंद्र) साहू (जिला पंचायत सदस्य), अशोक साहू (अध्यक्ष, लवन तहसील साहू संघ), जगदीश साहू (अध्यक्ष, पलारी तहसील साहू संघ), गनपत साहू (अध्यक्ष, दातान परिक्षेत्र), बलदाऊ साहू (अध्यक्ष, बलौदा बाजार परिक्षेत्र) एवं रामविलास साहू (बनसाकरा) की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया।

उक्त आयोजन की जानकारी देते हुए नारायण साहु ने बताया कि समारोह का मुख्य आकर्षण आदर्श सामूहिक विवाह रहा, जिसमें सिंगारपुर स्थित माता मौली प्रांगण में कुल 9 नवयुगलों ने विधि-विधान से सात फेरे लेकर अपने नए वैवाहिक जीवन की शुभ शुरुआत की।

इस आयोजन का उद्देश्य समाज में बढ़ती विवाह की खर्चीली परंपराओं को कम करते हुए सादगीपूर्ण एवं सामूहिक विवाह को बढ़ावा देना रहा, जिसे समाज के सभी वर्गों का भरपूर सहयोग एवं समर्थन प्राप्त हुआ।

समय-सीमा बैठक में योजनाओं की समीक्षा, धान उठाव और कुपोषण मुक्ति पर जोर

टेक होम राशन का 100% वितरण सुनिश्चित करें: लंगेह

महासमुंद/नवप्रदेश। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मंगलवार सुबह कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में जिले में संचालित शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी, जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ तथा ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े रहे। बैठक में कलेक्टर ने टेक होम राशन योजना के तहत जिले के सभी बच्चों, गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को शत-प्रतिशत राशन वितरण सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

कुपोषण खत्म करने की पहल

कुपोषण उन्मूलन को प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को कुपोषित बच्चों को गोद लेकर उनके स्वास्थ्य और पोषण में सुधार लाने के निर्देश दिए। साथ ही आंगनवाड़ी के बच्चों के आधार कार्ड बनाने के लिए पोस्ट मास्टर के साथ समन्वय करने को कहा।

रोजगार और स्वच्छता पर जोर

मनरेगा के तहत अधिक से अधिक मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए मानव दिवस बढ़ाने के निर्देश दिए गए। वर्तमान में 545 पंचायतों में 45 हजार मजदूर कार्यरत हैं। साथ ही गांव-गांव में कचरा संग्रहण शुरू करने और राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे गांवों को मॉडल विलेज के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए गए।

कार्यालयों में समय पर उपस्थिति अनिवार्य

कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अधिकारी-कर्मचारी मंगलवार और बुधवार को अनिवार्य रूप से कार्यालय में उपस्थित रहें और प्रतिदिन सुबह 10 बजे समय पर पहुंचें। आधार बेस्ड उपस्थिति प्रणाली का कड़ाई से पालन करने को कहा गया। लापरवाही बरतने वालों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

जल संरक्षण और अन्य योजनाओं पर फोकस

कलेक्टर ने जल संचयन भागीदारी 2.0 के तहत शासकीय कार्यालयों, स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में सोख्ता गड्ढा निर्माण और जल संरक्षण कार्यों को प्राथमिकता देने को कहा। इसके अलावा पीएम जनमन आवास योजना के सर्वे, लोक सेवा गारंटी, राजस्व प्रकरणों और जनदर्शन की शिकायतों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में संपूर्णता अभियान के तहत सभी संकेतकों को पूरा करने और शिविरों में अधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति पर भी जोर दिया गया। वर्तमान में 6 में से 5 संकेतक पूरे हो चुके हैं।

धान उठाव में तेजी के निर्देश

कलेक्टर ने धान उठाव की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को प्रतिदिन 15 हजार क्विंटल धान उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शेष 1.48 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव 25 मार्च तक हर हाल में पूरा किया जाए।

शिक्षा और स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा

स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा में सभी छात्रों के अपार कार्ड बनाने के निर्देश दिए गए। वहीं आयुष्मान कार्ड और वय वंदन योजना की प्रगति पर असंतोष जताते हुए स्वास्थ्य विभाग को लक्ष्य प्राप्ति में तेजी लाने के निर्देश दिए।

साढ़े 16 लाख रुपए का दाल व शक्कर छिपाने वाले चालक-परिचालक गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। रायपुर से झारखंड के लिए रवाना हुई दाल और शक्कर की लाखों रुपए की खेप को रास्ते में ही ठिकाने लगाने वाले ट्रक ड्राइवर और कंडक्टर को कोमाखान पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से ट्रक में लदा सामान एक सूनसान मकान में छिपा दिया था और खाली ट्रक छोड़कर फरार हो गए थे। पुलिस ने चोरी किए गए पूरे माल के साथ ट्रक भी बरामद कर लिया है। मामले में गुढियारी रायपुर निवासी गौतम चंद सेठिया ने 14 मार्च को कोमाखान थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि मां लक्ष्मी ट्रांसपोर्ट के ट्रक सीजी 04 एम ई 8671 में करीब 30 मीट्रिक टन दाल और शक्कर (कुल कीमत 16.50 लाख रुपए) चाईबासा के लिए रवाना किया गया था। ट्रक को ड्राइवर झनक नायक और परिचालक संतोष आदिवासी लेकर निकले थे। तय समय पर ट्रक के गंतव्य तक न पहुंचने और दोनों के मोबाइल बंद मिलने पर संदेह गहराया। जांच में सामने आया कि आरोपी ट्रक को ग्राम सिंघोड़ा के पास खाली छोड़कर फरार हो गए थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच तेज की और टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की। 16 मार्च को पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि लालच में आकर उन्होंने माल को पटपरपाली स्थित नेशनल हाईवे 353 के पास एक सूनसान मकान में छिपा दिया था।

हिन्दू नववर्ष :19 को निकलेगी प्रभातफेरी

भाटापारा/नवप्रदेश। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नव संवत्सर 2083 हिन्दू नववर्ष 19 मार्च से प्रारम्भ होने जा रहा है । जिसके आगमन को लेकर भाटापारा क्षेत्र के सभी सनातनियो के बीच मे बहुत उत्साह है और उसी उपलक्ष्य में भव्य प्रभातफेरी का आयोजन धर्म संघ पीठपरिसद ,आदित्यवाहिनी, आनदवाहिनी एवं अन्य धार्मिक संगठनों के द्वारा किया जा रहा है।

9 को सुबह 6 बजे रामनाम सप्ताह से निकाली जाएगी प्रभातफेरी : आदित्यवाहिनी के राष्ट्रीय महामंत्री विजय शर्मा ने बताया की 19 तारीख के सुबह 6 बजे रामनामसप्ताह मंडप से प्रभातफेरी प्रारम्भ होगी और सदर बाजार ,रॉयल इन होटल,हटरी बाजार ,गोविन्द चौक, मल गली,नगरपालिका, हथनीपारा, नवधा रामायण चौक, महारानी चौक से होते हुवे जय स्तम्भ चौक पहुच कर समाप्त होगी। इस अवसर पर जय स्तम्भ चौक में ध्वज परिवर्तन,भारत माता की पूजा अर्चना और सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन होगा। हिन्दू धर्म मे हिन्दू नववर्ष प्रारम्भ होने पर घरो में मंदिरो में ध्वज लगाने की पौराणिक परम्परा है जिसके उपलक्ष्य में संस्था के द्वारा 1000 ध्वज वितरण किया जा रहा है एवं जय स्तम्भ चौक में लगे सनातनी हिन्दू धर्म के प्रतीकों से चिन्हित ध्वज को भी विधिवत पूजा अर्चना कर नया लगाया जाएगा ,भारत माता की पूजा अर्चना कर भारत जल्द हिन्दू राष्ट्र घोषित हो ऐसी प्रार्थना की जाएगी एवं अंत मे सभी के द्वारा वहा सभी के कल्याण की भावना से सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा ।

धर्म संघ पीठपरिसद, आदित्यवाहिनी, आनंदवाहिनी एवं सभी धार्मिक संगठनों ने क्षेत्र के सभी सनातन धर्मियो से उक्त अवसर पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।

कलेक्टर उइके ने जनदर्शन में सुनी नागरिकों की समस्याएं

■ **जनदर्शन में मिले 32 आवेदन**

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज जनदर्शन आयोजित की गई। जिसमें जिले के अलग-अलग क्षेत्र के लोग अपनी-अपनी मांग, समस्याएं एवं शिकायतें लेकर आवेदन करने आये। इस दौरान जनदर्शन मे आने वाले सभी लोगों की समस्या और उनके समाधान का निराकरण भी किया गया। कलेक्टर श्री उइके ने आज जनदर्शन में 32 लोगों की समस्याओं को ध्यान से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

जनदर्शन में ग्राम गाड़ाघाट की दुजबाई ध्रुव ने आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने के लिए आवेदन सौंपा। इसी प्रकार ग्राम उरमाल के बाबूलाल ध्रुव ने बंदोबस्त में त्रुटि सुधार कराने के लिए, ग्राम सेंदर के गुल्फुराम कलार ने उचित न्याय दिलाने के लिए, ग्राम नहानबिरी की मीना बाई मरकाम ने पट्टा प्रदान कराने के लिए, ग्राम देवरी के चंद्रप्रकाश घृतलहरे ने श्रम कार्ड में सुधार कराने के लिए, ग्राम मड़ेली की कुंती बाई एवं तुलसी बाई साहू ने पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए, ग्राम लोहरसी की भगवती साहू ने पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए, ग्राम मोहतरा के हरिशचंद्र ने पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए, नगर पंचायत कोपरा के चमनलाल साहू ने आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए आवेदन सौंपा।

नंदी प्राण-प्रतिष्ठा में हादसा, टेंट में करंट से कर्मचारी झुलसा

नगरी/नवप्रदेश। विकासखंड के ग्राम सांकरा स्थित नंदी चौक में नंदी भगवान की मूर्ति के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान एक हादसा हो गया। कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए टेंट में अचानक विद्युत प्रवाह होने से वहां कार्यरत एक कर्मचारी करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। टेंट में कार्य कर रहे हेमंत ध्रुव को अचानक करंट लग गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। उपस्थित लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल को तत्काल सांकरा के स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, जहां

उसका उपचार जारी है और स्थिति गंभीर बताई जा रही है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, ग्राम सांकरा के नंदी चौक में पूर्व में भी नंदी भगवान की मूर्ति स्थापित थी। समय के साथ क्षेत्र में अतिक्रमण एवं साफ-सफाई को लेकर शिकायतें सामने आती रही थीं। बाद में संबंधित प्रयासों के तहत अतिक्रमण हटाकर नई मूर्ति स्थापित कर प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया।

रिश्तेदार ही निकले चोर, डौंडीलोहारा पुलिस ने 6 आरोपियों को दबोचा

■ **लाखों के जेवर और नकदी बरामद**

बालोद/नवप्रदेश। ग्राम कसही में हुए चोरी के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। खास बात यह रही कि चोरी की वारदात को प्रार्थी के ही रिश्तेदार भाइयों ने अंजाम दिया था, जिससे पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है।

रिश्तेदारों ने ही रची थी चोरी की साजिश

मामले में खुलासा हुआ कि आरोपी खिलेन्द्र साहू उर्फ बंटी और महेश साहू उर्फ महेशू, जो प्रार्थी के रिश्तेदार हैं, घर की पूरी जानकारी होने के कारण सुनियोजित तरीके से चोरी की योजना बनाई। 20-21 जून 2025 की दरम्यानी रात पीछे के रास्ते घर में घुसकर ताला तोड़ा और अलमारी से जेवर-नकदी पार कर दी।

छिपाकर रखा था सामान : चोरी के बाद सामान को ग्राम तिलईरवार स्थित घर में छिपाकर रखा गया था और कुछ सामान को टप्पा क्षेत्र के आरोपियों को बेचने की कोशिश की गई।

पुलिस ने मुखबिर सूचना और सायबर सेल की मदद से सभी आरोपियों को पकड़कर चोरी का माल बरामद किया।

पहले भी चोरी के मामलों में जा चुके हैं जेल : मुख्य आरोपी खिलेन्द्र साहू और महेश साहू पहले भी चोरी के मामलों में जेल जा चुके हैं, जिससे उनकी आपराधिक पृष्ठभूमि भी सामने आई है।

जेवरात और नकदी को पुलिस ने किया बरामद

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सोने का लॉकेट, 2 जोड़ी झुमका, 1 मंगलसूत्र, 1 छोटा हार, 5 जोड़ी चांदी की पायल, 5 चांदी के सिक्के, मोबाइल फोन और 28,500 रुपये नगद बरामद किए हैं। कुल मिलाकर लगभग 2,21,000 रुपये के जेवरात और नगदी जब्त की गई है।

पेज 1 का शेष...

ऐसा कोई सगा नहीं, जिसे...

इनका एटीएम था। जिसका पैसा कहां-कहां जाता था सबको मालूम है।

हमने 76 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार किया: मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि कांग्रेस के नेता बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, उनसे पूछ लीजिए कि किसान भाइयों की इतनी ही चिंता थी तो बंद पड़ी सिंचाई योजनाओं पर उनकी नजर क्यों नहीं गई। हमें इस बात की खुशी है कि बंद पड़ी सिंचाई योजनाओं को अटल सिंचाई योजना के माध्यम से पुनः आरंभ किया। इन 115 परियोजनाओं के पूर्ण होने से 76 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार होगा। सीएम साय ने कहा कि हमने लिकेज को रोका, राजस्व बढ़ाया और विकास को रफ्तार दी।

विधानसभा में अवैध ...

है। 67 लोगों को नोटिस दिया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल- कितने लोगों के ऊपर अब तक प्रदेश भर में कार्रवाई हुई। इस पर मंत्री संतोष पूर्ण जवाब नहीं दे पाए, जिसे लेकर कांग्रेस ने हंगामा किया।

नर्सरी और वृक्षारोपण को लेकर सवाल: कांग्रेस विधायक चातुरी नंद ने महासमुंद वनमंडल के सरायपाली वन परिक्षेत्र के जंगलबेड़ा गांव में नर्सरी और वृक्षारोपण को लेकर सवाल पूछा। चातुरी नंद ने मूल प्रश्न बदलने का आरोप लगाया। इस पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मामला बेहद गंभीर है, मूल प्रश्न बदला गया है, ऐसे में जांच कर दोषी विभागीय अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। वन मंत्री केदार कश्यप- 2025 को लेकर प्रश्न पूछा गया है, जिसका उत्तर हम दे रहे हैं। विधायक चातुरी नंद- मेरा मूल प्रश्न 2025 को लेकर था ही नहीं। आसंदी से सभापति ने कहा- प्रश्न अनिश्चितकाल के संदर्भ में था, क्योंकि अवधि उल्लेखित नहीं थी, इसलिए अवधि तय की गई, वरना प्रश्न नहीं लिया जा सकता था।

सदन की कार्यवाही का बहिष्कार: नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि जनता के मुद्दे पर राजनीति करनी हो तो हम करेंगे। स्थगन प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया गया, जिसके विरोध में विपक्ष ने सदन की कार्यवाही का बहिष्कार कर दिया।

लंबे समय से फरार तत्कालीन...

बाद वास्तविक मुआवजे से कई गुना अधिक राशि का भुगतान किया गया।इतना ही नहीं, नायकबांधा जलाशय की पहले से अधिग्रहित भूमि को भी भारतमाला परियोजना के नाम पर दोबारा अधिग्रहित दिखाकर मुआवजा दिया गया, जिससे शासन को करोड़ों रुपये की आर्थिक क्षति पहुंची।

बच्चा गोद लेने वाली महिलाओं...

उसका दो साल का भाई। जब उन्होंने अपने नियोक्ता से मातृत्व अवकाश मांगा, तो उन्हें बताया गया कि उन्हें प्रत्येक बच्चे के लिए केवल छह सप्ताह की छुट्टी मिलेगी, क्योंकि बच्चे तीन महीने की उम्र की सीमा पूरी नहीं करते। नंदूरी ने याचिका में कहा कि कानून गोद लेने वाली माताओं और बच्चों के साथ भेदभाव करता है। उन्होंने तर्क दिया कि यह अन्यायपूर्ण, मनमाना और असंवैधानिक है।

भिलाई में बवाल: दो पक्षों...

इस मामले में एक पक्ष का आरोप है कि कुछ दिन पहले मोहल्ले का युवक एक युवती को लेकर भाग गया था। बाद में दोनों को वापस बुलाया गया और युवती को उसके घर भेजा गया। लेकिन बाद में युवक के खिलाफकेस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया। आरोप है कि उसी रंजिश में यह विवाद हुआ। पत्थरबाजी में मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों को भी चोटें आईं, जिनमें छावनी ष्टस्क्कसमेत 5 लोग शामिल हैं। स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए पूरे क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

लोकसभा से आठ ...

मर्यादा में सत्ता पक्ष को भी मान रखना होगा। उन्होंने कहा कि खासकर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे इसका ख्याल रखें। इसके बाद सदन में सत्ता पक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान स्पीकर ओम बिरला ने सदस्यों से कहा,'प्लेकार्ट और एआई से बनाई गई तस्वीरें प्रदर्शित न करें।'

2028 में छत्तीसगढ़ में बनेगी...

कही। उन्होंने कहा कि 2028 में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनेगी और 2029 में राहुल गांधी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे, तब हम डेढ़ गुना मनरेगा की राशि देंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि 56 इंच की बात करने वाली सरकार आज किसानों को डीएपी खाद तक उपलब्ध नहीं करा पा रही है। उन्होंने गैस सिलेंडर की कीमतों और उपलब्धता को लेकर भी सवाल उठाए और कहा कि आज देश में आम आदमी को गैस सिलेंडर तक नहीं मिल रहा है।

कृषि भूमि, जीपीएफ, किसान सम्मान निधि राशि दिलाने कलेक्टर जनदर्शन में मिले आवेदन

कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में आम नागरिकों सहित ग्रामीण क्षेत्रों से आए किसानों एवं ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

जनदर्शन में राजस्व एवं प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित आवेदन अधिक मिले। जनदर्शन में नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे एवं जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने भी लोगों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। जनदर्शन में आज धुरीपारा मंगला निवासी पुरूषोत्तम पटेल ने कलेक्टर से मुलाकात कर बताया कि कृषि भूमि में उनके पिताजी के नाम की जगह अन्य व्यक्ति का नाम ऑनलाईन दिख रहा है। जिससे उन्हें भविष्य में जमीन से जुड़े कार्यों में परेशानी आ सकती है। कलेक्टर ने एसडीओ बिलासपुर को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने कहा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलगहना के सेवानिवृत्त पुरूष पर्यवेक्षक ने कलेक्टर से सेवानिवृत्ति के पश्चात जीपीएफ राशि का अंतिम भुगतान दिलाने की गुहार लगाई।

श्री राम केयर अस्पताल के खिलाफ शिकायत

आजाद नगर निवासी शैलेन्द्र सिंह ठाकुर ने नेहरू नगर स्थित श्री राम केयर अस्पताल के विरूद्ध शिकायत करते हुए कलेक्टर को बताया कि अस्पताल में आयुष्मान योजना के तहत इलाज करा रहे मरीजों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। वार्ड एवं परिसर मे गंदगी एवं अव्यवस्था तथा साफ-सफाई की कमी के कारण मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। निगम से पास नक्शे के विपरीत निर्माण किया गया है एवं अस्पताल की बिल्डिंग के उपर अवैध रूप से छत पर टीन का शेड बनाकर अतिरिक्त निर्माण किया गया है। कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त एवं सीएमएचओ को मामले की जांच के निर्देश दिए।

महतारी वंदन योजना की नहीं मिली राशि

तिफरा निवासी अमरिका बाई ने कलेक्टर से मुलाकात कर आवेदन दिया कि महतारी वंदन योजना की भुगतान राशि मिलना बंद हो गया है। उन्होंने बताया कि किसी त्रुटिवश मेरे आवेदन में मुझे मृत दर्शा दिया गया है जिससे उन्हें योजना की राशि नहीं मिल पा रही है। अब तक केवल 5 किस्तों की राशि ही मिली है। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी को मामले का निराकरण करने का निर्देश दिया। बिटकुली तहसील के पत्थरखान निवासी मनोज पाण्डेय ने उनके गांव में गौधाम योजना शुरू करने की मांग की। रामा लाईफ सिटी सकरी निवासी श्री अशोक कुमार धुरी ने कलेक्टर से शिकायत करते हुए आवेदन दिया कि उनके नाम से किसी ने फर्जी लोन निकाल लिया है। उन्होंने एसबीआई मस्तुरी के ब्रांच मैनेजर, स्टॉफ एवं अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध उचित कार्रवाई करते हुए केसीसी फर्जी लोन को समाप्त करने निवेदन किया। कलेक्टर ने मामले की जांच लीड बैंक मैनेजर को करने के निर्देश दिए है। तखतपुर के ग्राम विजयपुर निवासी घनाराम सहित अन्य लोगों ने प्राथमिक शाला के शिक्षक अभिमन्यु मरकाम एवं भरत ध्रुव के विरूद्ध शिकायत करते हुए बताया कि प्रायः स्कूल में शराब पीकर आते है। हुल्लड़ करते है और अध्यापन कार्य नहीं करते है। इनके ऐसे कृत्य से छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण काफी परेशान हो चुके है। कलेक्टर ने डीईओ को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए है।

न्यूज गैलरी

अवैध उत्खनन और परिवहन पर एक जेसीबी, 4 हाईवा, 2 ट्रैक्टर ट्राली सहित 7 वाहन जब्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं उप संचालक खनिज विभाग के मार्गदर्शन मे जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। खनिज अमला बिलासपुर द्वारा 17 मार्च को कोटा, बेलगहना, कोनचरा, बिरकोना, सरकंडा, सिरगिट्टी, सिलपहरी, चकरभाठा, मुढ़िपार, रहँगी क्षेत्र की जाँच की गयी। जाँच के दौरान कोनचरा क्षेत्र से खनिज रेत का अवैध परिवहन करते 02 ट्रेक्टर ट्राली को जप्त किया गया। सिलपहरी क्षेत्र से खनिज साधारण पत्थर का अवैध उत्खनन करते पाये गए 01 जेसीबी वाहन तथा 01 हाइवा वाहन को जप्त किया गया। चकरभाठा क्षेत्र से खनिज मुरुम का अवैध परिवहन करते पाये गए 3 हाइवा वाहनों को जप्त किया गया। इस प्रकार जप्त कुल 7 वाहनों को पुलिस थाना सिरगिट्टी व चकरभाठा में अभिरक्षा मे रखा गया है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही जारी है।

शोभ टाह फाउंडेशन ने दी अंजली को ट्राई साइकिल बैटरी

बिलासपुर/नवप्रदेश। शोभा टाह फाउंडेशन एवं हरिहर ऑक्सीजोन के संयुक्त तत्वावधान में आज सुश्री अंजली यादव दिव्यांग कामकाजी महिला को ट्राइसिकल बैटरी उपलब्ध कराई गई। शोभा टॉह फाउंडेशन के संस्थापक अनिल टाह ने अंजली को शुभकामनाएं देते हुए। अपनी निरंतर जीविका के कार्य में गति आए इन भावनाओं के साथ उन्होंने ट्राइसिकल बैटरी उपलब्ध कराये हैं। अंजली यादव ने बताई की वह कुदुदंड की निवासी है अपने मां के साथ रहती है। सिलाई कढ़ाई का कार्य कर अपनी जीविका संचालित करती है। सिलाई कढ़ाई ही उसकी आय का स्त्रोत है, उन्हें नगर में एक से दूसरे स्थान जाने के लिए ट्राईसाईकिल बैटरी की अति आवश्यक थी। आज की उपलब्धता से वह बेहद खुशी जाहिर करते हुए कही अब अपने कार्यों को पुन: गति से करने को समर्थ हो जाऊँगी। उक्त अवसर पर रेखा मदन मोहन गुल्ला, संजय वर्मा, भुवन वर्मा, शिव सारथी, अजय रजक विनय, पंकज सहित शोभा टाह फाउंडेशन के अनेक सदस्यों उपस्थित थे।

विशेषज्ञों को शामिल करें, शासन का जवाब-15 दिन में चिह्नित होंगे उद्गम-स्थल, डिस्प्ले बोर्ड भी लगेंगे

नदियों के संरक्षण वाली कमेटी से हटाए जाएंगे सेक्रेटरी: हाईकोर्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की अरपा समेत 11 प्रमुख नदियों के संरक्षण-संवर्धन के लिए राज्य सरकार की उच्च स्तरीय कमेटी में अब सचिवों को जगह नहीं मिलेगी। उनकी जगह कमेटी में विशेषज्ञों को शामिल किया जाएगा। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल ने कमेटी पर सवाल उठाते हुए सचिवों को हटाकर विशेषज्ञों को शामिल करने के आदेश दिए हैं।

दूसरी तरफ कमेटी गठित होने के बाद शासन ने सोमवार को शपथ पत्र देकर बताया कि, मुख्य सचिव विकास शील खुद इसकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं। सभी जिलों के कलेक्टर्स से कहा गया है कि, 15 दिनों के भीतर नदियों के उद्गम स्थलों का सीमांकन कर वहां डिस्प्ले बोर्ड लगाए जाएं। सभी कलेक्टरों को उद्गम स्थलों के भू-अभिलेख और जियो-टैग्ड तस्वीरें शासन को भेजनी होंगी। दरअसल, अरपा के उद्गम स्थल के साथ नदी के संरक्षण और संवर्धन को लेकर हाईकोर्ट में अलग-अलग जनहित याचिकाओं पर सुनवाई चल रही है। इसमें नदियों के प्राकृतिक प्रवाह क्षेत्र के संरक्षण और संवर्धन को लेकर हाईकोर्ट ने भी समय-समय पर दिशानिर्देश जारी किए।

8 सदस्यीय समिति में सीएस सहित 7 सचिव

समिति के अध्यक्ष मुख्य सचिव होंगे, इसके साथ ही वित्त, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जल संसाधन, वन एवं जलवायु परिवर्तन, नगरीय प्रशासन एवं विकास और खनिज संसाधन विभाग के सचिव सदस्य होंगे। वहीं, छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, दुर्ग के पूर्व कुलपति प्रो. एमके. वर्मा को विशेषज्ञ सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है।

हाईकोर्ट ने कमेटी में सचिवों को शामिल करने पर उठाए सवाल

इस मामले की सुनवाई के दौरान शासन ने शपथ पत्र में बताया कि, कमेटी का गठन कर दिया गया है, जिसमें सचिव स्तर के अफसरों को शामिल किया गया है। इस पर हाईकोर्ट ने समिति में विशेषज्ञ शामिल नहीं करने पर सवाल उठाते हुए कहा कि, इतने विभाग के सचिवों की जगह विशेषज्ञों को शामिल करने पर पुनर्विचार किया जाए। राज्य सरकार ने बताया कि अरपा, महानदी, शिवनाथ, हसदेव, तांदुला, पैरी, मांड, केलो, सोन, तिपान और लीलगर नदी के उद्गम को संवारा- सहेजा जाएगा। नदियों पुनरुद्धार के लिए विभाग स्तर पर विशेषज्ञों का एक समर्पित सेल बनाया जाएगा। नदियों के उद्गम स्थलों के संरक्षण के लिए साइंटिफिक सर्वे कराकर डीपीआर तैयार किया जाएगा। इसके साथ ही कहा गया कि, शहरों और औद्योगिक क्षेत्रों का गंदा पानी बिना ट्रीटमेंट के नदियों में नहीं गिरेगा। उद्गम स्थलों को न केवल संरक्षित किया जाएगा, बल्कि उन्हें आस्था और पर्यटन के केंद्र के रूप में भी विकसित किया जाएगा। इस पूरे प्रोजेक्ट के लिए विभाग अपने बजट के अलावा डीएमएफ, मनरेगा और 15वें वित्त आयोग की राशि का उपयोग कर सकेंगे।

ज्वलनशील पदार्थों का अवैध परिवहन, तीन गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल द्वारा यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए 'ऑपरेशन संरक्षा' के तहत रेलगाड़ियों में ज्वलनशील पदार्थों के अवैध परिवहन के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 10 मार्च से 16 मार्च तक सात दिनों के दौरान रेलवे सुरक्षा बल नागपुर मंडल ने विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए ज्वलनशील गैस सिलेंडर के अवैध परिवहन में संलिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। रेलवे यात्रा प्रतिदिन लाखों यात्रियों के लिए सुरक्षित एवं सुगम साधन है, किंतु यात्रा के दौरान गैस सिलेंडर, केरोसीन, डीजल, पेट्रोल एवं पटाखों जैसे ज्वलनशील पदार्थों का साथ में परिवहन करना कानूनन अपराध है।

नवरात्रि दुर्गा सप्तशती अनुष्ठान कल से

बिलासपुर/नवप्रदेश। दुर्गा सप्तशती बीज मंत्र साधना बिलासपुर में लगाता पिछले 12 सालों से हो रही है, चैत्र नवरात्री 19 मार्च से 27 मार्च तक यह साधना का अनुष्ठान मैडिटेशन हॉल, श्री साईं कृपा हॉस्पिटल, सरजू बगीचा रोड, तेलीपारा में पुरे 9 दिन किया जा रहा है। साधना शाम 4.45 पर शुरू होगी और शाम 5.45 पर समाप्त हो जाएगी । यह साधना सामूहिक होती है और पूर्णत: निशुल्क है।

नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं ईश्वरी राम सागरवंशी पिता बिसराम जोबापार मोरिद वार्ड 35 भिलाई चरौदा बीएम वाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूं। यह शपथ करता हूँ कि मेरे आधार कार्ड एवं पेनकार्ड में मेरा नाम ईश्वरी राम सागरवंशी अंकित है, तथा सर्विस रिकार्ड एवं आवश्यक दस्तावेजों पर ईश्वरी राम अंकित है, अत: ईश्वरी राम सागरवंशी एवं ईश्वरी राम दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है। अत: आज से मुझे ईश्वरी राम सागरवंशी के नाम से समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में जानी व पहचानी जाए।

शपथकर्ता
ईश्वरी राम सागरवंशी
पिता बिसराम जोबापार मोरिद
वार्ड 35 भिलाई चरौदा बीएम वाई,
जिला दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 6)
आई.एस.बी.टी., चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone1@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 29468 दिनांक 17.03.2026
वार्ड का नाम- 59 - मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 59 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR651B00045 जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती NIVA SINGH, SHREYANSH RAJVEER पिता / पति श्री/ श्रीमती BIRENDRA SINGH, VIRENDRA SINGH के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती SANDEEP CHHAJED पिता /पति श्री/श्रीमती SUBHASH CHAND CHHAJED ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

"सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (6)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 6)
आई.एस.बी.टी., चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone1@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 29467 दिनांक 17.03.2026
वार्ड का नाम- 59 - मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 59 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR651B0045A जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती NIVA SINGH, SHREYANSH RAJVEER पिता / पति श्री/ श्रीमती BIRENDRA SINGH, VIRENDRA SINGH के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती KANTA JAIN पिता /पति श्री/श्रीमती W/O SANJIV KUMAR JAIN ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

"सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (6)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिका परिषद कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

क्रमांक / 5748 / न.पा.प./ लो.नि.वि. / 2025-26 कवर्धा, दिनांक 16/03/2026

मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में निर्माताओं/अधिकृत विक्रेताओं /फर्मों / सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है -

क्र	कार्य विवरण	अनु. लागत राशि (लाख में)	नि.प्र. प्रदाय करने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि
1	टेंट एवं टेंट से संबंधित सामाग्री किराये पर उपलब्ध कराने।	9.00	27.03.2026
2	सड़क बत्ती / स्ट्रीट लाईट मरम्मत / संधारण हेतु विद्युत सामाग्री क्रय।	9.50	27.03.2026
3	भवनों / उद्यानों में मरम्मत / संधारण हेतु विद्युत सामाग्री क्रय।	9.50	27.03.2026
4	पेयजल व्यवस्था हेतु पाईप लाईन मरम्मत / संधारण हेतु सामाग्री क्रय।	9.50	27.03.2026
5	हैण्ड पम्प एवं नल मरम्मत / संधारण हेतु सामाग्री क्रय।	9.50	27.03.2026
6	मोटर पम्प मरम्मत / संधारण हेतु सामाग्री क्रय।	9.50	27.03.2026
7	विभिन्न क्षमता के सबमर्सिबल एवं अन्य मोटर पम्प मरम्मत / संधारण कार्य।	5.00	27.03.2026
8	स्वास्थ्य शाखा हेतु सफाई / दवाई सामाग्रियां तथा चूना आपुर्ति।	9.00	27.03.2026

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है ।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी,
नगरपालिका परिषद कवर्धा

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग धमतरी संभाग धमतरी (छ.ग.)
Email ID - ee.dhamtari@nic.in

क्रमांक 1327/NIT-24/2025-2026/ व. ले.लि. दिनांक 09/03/2026

// निविदा आमंत्रण सूचना //
प्रथम आमंत्रण

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 02/04/2026 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 09/04/2026 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि - 10/04/2026 पूर्वान्ह 11.30 बजे

एनआईटी क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में)/ बैंक सालवेंसी
24 T0134	जिला धमतरी के विश्राम गृह भखारा एवं विश्राम गृह मगरलोड में बोरवेल खनन का कार्य। प्रथम आमंत्रण	5.99 5000.00 300000.00
24 T0135	संत गुरु दास स्नातकोत्तर महाविद्यालय भवन कुरूद में शौचालय निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण	9.99 7500.00 300000.00
24 T0136	जिला धमतरी विकास खंड मगरलोड अंतर्गत शा आई टी आई भवन मेघा का मरम्मत कार्य। प्रथम आमंत्रण	5.15 5000.00 300000.00
24 T0137	जिला धमतरी विकास खंड कुरूद अंतर्गत शा आई टी आई भवन भखारा का मरम्मत कार्य । प्रथम आमंत्रण	5.22 5000.00 300000.00
24 T0138	कार्यालय प्राचार्य औघोगिक प्रशिक्षण संस्था नगरी देवपुर सिहावा भवन का मरम्मत कार्य। प्रथम आमंत्रण	4.97 5000.00 25000.00
24 T0139	शासकीय कालेज रुद्री के विभिन्न रुमो में वाइट वाशिंग एलुमिनियम की खिड़की एवं वेंटिलेटर का कार्य । प्रथम आमंत्रण	8.91 6700.00 300000.00
24 T0140	शासकीय पालीटेक्निक रुद्री के विभिन्न रुमो में टाईल्स एवं पेनलिंग का कार्य प्रथम आमंत्रण	6.71 5100.00 300000.00

1. प्रत्येक निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 750.00 ।
2. प्रत्येक कार्यो का निविदा की श्रेणी द से अ श्रेणी के लिये है
3. एनआईटी क्र. T0134 समयावधि 1 माह वर्षा ऋतु सहित एवं T0135 से T0140 समयावधि 2 माह वर्षा ऋतु सहित।
4. टीप EMD के साथ क्लास C D हेतु अनेक्जर 2, 3 में प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
5. निविदा संबंधी शर्ते विभाग वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अन्तर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। जिसका अवलोकन कार्यालयीन समय में संभागीय कार्यालय में देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
जी- 252607219/3 लोक निर्माण विभाग धमतरी , संभाग धमतरी (छ.ग.)

OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL), CSPGCL,
Shed No. 11, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2574562,
website www.cspc.co.in E-mail:- civilprojectcmg@gmail.com

No.04-04/W/2564 Raipur, date 13.03.2026

E-TENDER NOTICE

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from contractors registered in appropriate class in CSPGCL. The unregistered contractor having work experience in Govt./Public Sector Undertaking/Local bodies/Power Generating Companies in India only may be considered on submission of experience certificate for following works as mentioned below:-

Tender Specifi. No.	Name of Work	NIT value
CEC/ABVTPS-MRW/W/2025/207	Annual work of sweeping & cleaning of Roads & Drains in power house premises and cleaning, collection and removal of water hyacinth, kai, floating materials etc from Raw Water Reservoir (Both compartment) channel & forebay of CW pump house & intake pump house of 2x500MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa **E-Comp. No. 274615**	12.62 Lacs
CEC/ABVTPS-MRW/W/2025/208	Annual maintenance of lawn & garden inside power house premises of 2x500MW,ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa **E-Comp. No. 272121**	17.08 Lacs
CEC/ABVTPS-MRW/W/2025/209	Water Proofing Treatment of Roof of all D type Staff Quarters, inside colony premises 2x500 MW, ABVTPS, Janjgir -Champa **E-Comp. No. 274094**	18.60 Lacs
CEC/ABVTPS-MRW/W/2025/210	Providing fencing along both side of direct road to prevent encroachment over CSPGCL land at ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. **E-Comp. No. 274431**	5.86 Lacs
CEC/ABVTPS-MRW/W/2025/211	Providing MS grill at both side & raising height of main entrance MS gate of staff quarters at residential colony of 2x500MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. **E-Comp. No. 264950**	16.10 Lacs
CEC/HTPS-KW/W/2025/212	Upgradation of plinth drainage system in premises of old A type quarters (11 units) at HTPS, CSPGCL, Korba West **E-Comp. No. 259659**	12.07 Lacs
CEC/DSPM-KE/W/2025/213	Providing bore wells for installing of piezometer at various locations inside of DSPM-TPS, CSPGCL, Korba East **E-Comp. No. 166280**	6.95 Lacs
CEC/DSPM-KE/W/2025/214	Miscellaneous civil works on as and when required basis at AB type and CDEF type at DSPM-TPS, CSPGCL, Korba East. **E-Comp. No.- 258853**	33.92 Lacs
CEC/ABVTPS-MRW/W/2025/215	Civil maintenance works on as and when required basis for maintenance of Power House in plant premises of 2x500MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir Champa. **E-Comp. No.- 241567**	33.21 Lacs

Note:- (i) The detailed NIT, Eligibility Criteria, Tender document & other details can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal.(ii) NIT value is inclusive of GST @ 18%.

Chief Engineer (Civil)
SAVE ELECTRICITY S - 47203/2 CSPGCL, Raipur

CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION CO. LTD.
(A GOVERNMENT OF CHHATTISGARH UNDERTAKING) (A SUCCESSOR COMPANY OF CSEB)
OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, CITY CIRCLE-I, RAIPUR
Website - www.cseb.gov.in Office Mail ID – secc.raipur@cspc.co.in Phone No. 0771-2574800, 2574801 Fax No. 0771-2574805

NOTICE INVITING TENDER THROGU E-BIDDING

Online bids are invited through CSPDCL e-bidding system (SAP SRM) from eligible Electrical contractors. Registered in the O/o E.D. (Project) CSPDCL, Gudhiyari, Raipur for following- work under jurisdiction of S.E. City Circle-I, CSPDCL, Raipur. **Please note that rates quoted shall be exclusive of GST (in both Material and service portions)** The due date for submission/ Opening of the tender is indicated here under: -

S. N	Tender No.	Name of work	Value of contract (Without GST)	Last date & Time of submission of bids	Due date of Opening
1.	TR-2025_142 Dt.17.03.2026 RFX No. 8100050177	**Estimate for shifting of 11/.044 KV Yard X-mer 11 KV Mining feeder VCB and 33 KV civil line feeder at 33/11 KV purena under City Dn. South Raipur. 76-032-5156-25-0013 dt. 02.12.25. R56032250795, 796 (ND-61-I) Estt. Amt. 488821.00**	4,47,352/-	Dt. 06.04.2026 upto 02:30 PM	Dt. 06.04.2026 upto 03:00 PM
2.	TR-2025_143 Dt.06.04.2026 RFX No. 8100050178	**Estt. For replacement of incoming cable of DT's distribution box, left for Smart metering under Civil line Zone of City Dn. East Raipur. 46-028-5145-2025-009 dt. 07.01.26. R45028250581. (O&M-179-I) Estt. Amt. 1755013.00**	13,32,186/-	Dt. 06.04.2026 upto 02:30 PM	Dt. 06.04.2026 upto 03:00 PM
3.	TR-2025_144 Dt.17.03.2026 RFX No. 8100050179	**Estimate for Erection of new 11KV Addl. Bay with VCB with panel for load bifurcation of 11 KV Jail Road And 11 KV Station Road feeder at 33/11 KV Medical College S/s. under City Central Dn. Raipur. 46-032-5160-2025-0012 dt. 05.02.26. R60032250514. (ND-84-I) Estt. Amt. 1031721.00**	6,63,368/-	Dt. 06.04.2026 upto 02:30 PM	Dt. 06.04.2026 upto 03:00 PM

Details of Tender, Technical Specifications, Terms and Conditions etc are available on our website www.cseb.gov.in, www.cspdcl.co.in and **ebidding http:/eijsrp.cspdcl.co.in.** The Tender document can also be downloaded from CSPDCL's official website mentioned above. The cost of required Tender fee (which is not refundable) of **Rs. 2000/-** including GST and EMD for each tender may be deposited by online through e-bidding.

Superintending Engineer
SAVE ELECTRICITY S - 47220/3 City Circle-I, CSPDCL: Raipur

अंबेडकर अस्पताल में 11 साल के बच्चे के दिल से चिपका दुर्लभ कैंसर निकाला

■ स्टेज-3 इनवेसिव थायमिक कैंसर का सफल ऑपरेशन, अब तक मेडिकल जर्नल में 12 वर्ष के सबसे कम उम्र का मरीज है दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। पं. नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े शासकीय अस्पताल डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के हार्ट, चेस्ट एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए जटिल और असंभव माने जाने वाले ऑपरेशन को सफलतापूर्वक संभव बनाया है। विभाग की टीम ने 11 वर्ष के एक बच्चे के हृदय से चिपके अत्यंत दुर्लभ स्टेज-3 इनवेसिव थायमिक कैंसर का सफल ऑपरेशन कर विश्व स्तर पर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इसमें खास बात यह है कि अब तक मेडिकल जर्नल में इस प्रकार के कैंसर का सबसे कम उम्र का मरीज 12 वर्ष का दर्ज है, जबकि राज्य में 11 साल के बच्चे में यह बीमारी पाई गई और उसका सफल ऑपरेशन भी किया गया। अम्बेडकर अस्पताल के हार्ट, चेस्ट एवं वैस्कुलर सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत साहू एवं उनकी टीम द्वारा यह जटिल सर्जरी की गई। ऑपरेशन के छह माह बाद बच्चा पूरी तरह स्वस्थ है और इस वर्ष उसने पुनः स्कूल जाना शुरू कर कक्षा छठवीं की परीक्षा भी दी है। ॅक्टरों के अनुसार यह ट्यूमर सामान्यतः 40 से 60 वर्ष के लोगों में पाया जाता है और बच्चों में इसका मिलना अत्यंत दुर्लभ है। यह ट्यूमर हृदय, पेरिकार्डियम, फ्रेनिक नर्व महाधमनी, मुख्य पल्मोनरी आर्टरी, लेफ्ट एट्रियम और फेफड़े से चिपका हुआ था। ऐसे मामलों में ट्यूमर को पूरी तरह निकाल पाना लगभग असंभव माना जाता है, लेकिन अस्पताल में उपलब्ध हार्ट-लंग मशीन की मदद से यह संभव हो पाया। चांपा निवासी कक्षा छठवीं में पढ़ने वाले इस बच्चे को करीब छह महीने से छाती में दर्द, भारीपन और सांस फूलने की शिकायत थी। जांच में पता चला कि उसके सीने में बड़ा ट्यूमर है, जो हृदय और मुख्य धमनियों से चिपका हुआ है। प्रदेश के कई अस्पतालों में ऑपरेशन से मना किए जाने के बाद मरीज को अम्बेडकर अस्पताल भेजा गया।

ड्यूल एप्रोच तकनीक से हुआ ऑपरेशन

ट्यूमर का आकार बहुत बड़ा और कई अंगों से चिपका हुआ होने के कारण इसे निकालने के लिए ड्यूल एप्रोच तकनीक का उपयोग किया गया। इसके तहत मरीज के स्टर्नम (छाती की हड्डी) और पसली- दोनों स्थानों पर चीरा लगाया गया, जिसे मेडिकल भाषा में स्टर्नोटॉमी और थोरेक्टोमी कहा जाता है। मुख्य ट्यूमर के अलावा फेफड़े की प्लूरल कैविटी में फैले तीन अन्य सैटेलाइट ट्यूमर को भी सावधानीपूर्वक निकाला गया, ताकि भविष्य में कैंसर दोबारा फैलने की संभावना न रहे।

न्यूज गैलरी

होनहार कलाकारों के लिए छात्रवृत्ति योजना के तहत प्रविष्टियां आमंत्रित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक एवं सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और प्रतिभाशाली युवाओं को प्रोत्साहन देने की दिशा में संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ ने अर्थाभावग्रस्त होनहार युवा कलाकारों एवं विद्यार्थियों के लिए वर्ष 2026-27 की छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत प्रविष्टियां आमंत्रित की हैं। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली युवाओं को कला के क्षेत्र में प्रशिक्षण एवं उच्च शिक्षा के लिए आवश्यक आर्थिक सहयोग प्रदान करना है। प्रविष्टियां निर्धारित प्रारूप में पूर्ण दस्तावेजों सहित पंजीकृत डाक के माध्यम से 20 मार्च 2026 तक आमंत्रित की गई हैं। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि आर्थिक अभाव किसी भी प्रतिभाशाली युवा की प्रगति में बाधा न बने। छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक एवं जनजातीय सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और संवर्धित करने की दिशा में यह छात्रवृत्ति योजना एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल न केवल युवा कलाकारों को आर्थिक संबल प्रदान करेगी, बल्कि प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में भी सहायक सिद्ध होगी। विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार छात्रवृत्ति प्रोत्साहन हेतु विभिन्न विद्याएं एवं उपविद्याएं निर्धारित की गई हैं। लोक एवं पारंपरिक जनजातीय कलाओं के अंतर्गत छत्तीसगढ़ की समस्त पारंपरिक जनजातीय एवं लोक नृत्य, नृत्य-गीत, लोकसंगीत, पारंपरिक खेल, वाद्य, पंडवानी, ददरिया, करमा, सुवा, राउत नाचा, गोंडी सहित अन्य जनजातीय गायन-वादन एवं लोक परंपराएं सम्मिलित हैं। शास्त्रीय संगीत में हिंदुस्तानी एवं कर्नाटक (गायन/वादन) मान्य हैं। शास्त्रीय नृत्य में भरतनाट्यम, कथक, कुचिपुड़ी, मोहिनीअट्टम, ओडिसी, मणिपुरी, कथकली आदि विधाएं शामिल हैं। रंगमंच के अंतर्गत हिंदी एवं छत्तीसगढ़ी नाटक तथा अन्य लोक-जनजातीय नाट्य विधाएं सम्मिलित की गई हैं। दृश्य कला में ग्राफिक्स, मूर्तिकला, पेंटिंग, फोटोग्राफी, मृद्भांड (सेरामिक्स) एवं लोक-जनजातीय चित्रांकन परंपराएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त सुगम शास्त्रीय संगीत की विधाएं जैसे ठुमरी, दादरा, टप्पा, भजन, ग़ज़ल एवं कव्वाली भी मान्य हैं।

राजनीतिक वजूद बचाने जनता को भ्रमित कर रहे हैं दीपक बैज

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता डॉ. किरण बघेल ने पीसीसी चीफदीपक बैज के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बैज अपने राजनीतिक वजूद को बचाने के लिए जनता को भ्रमित कर रहे हैं। प्रदेश का हर वर्ग भाजपा की साय सरकार के कार्यों से खुशहाल हैं वहीं कांग्रेसी परेशान हो रहे है। श्रीमती बघेल ने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार हर वर्ग के साथ उनके विकास के लिए कार्य कर रही है। 2018 से 2023 तक आततायी सरकार के संरक्षण में अपराधियों ने प्रदेश की जनता में खौफका वातावरण बनाकर रखा था। आज वही कांग्रेसी अपनी कांग्रेस पार्टी में अपने वजूद की लड़ाई लड़ रहे हैं। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. (श्रीमती) बघेल ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की छवि को वैश्विक पहचान दिलाई है। आज प्रदेश के किसान खुशहाल है, युवा कौशल विकास के साथ सरकार के साथ चल रहे हैं। महतारी वंदन योजना की लाभार्थी महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। इसके साथ ही भूमिहीन श्रमिक व तेंदूपत्ता संग्राहक सहित सरकार की सभी योजनाओं का लाभ ले रहे है। प्रदेश में लखपति दीदियों का सम्मान किया जा रहा है। श्रीमती बघेल ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में किसानों को आत्महत्या करने के लिए विवश होना पड़ता था। पेंशन के नाम पर महिलाओं एवं बुजुर्गों को छला गया, शराबबंदी का सबसे बड़ा धोखा कांग्रेस पार्टी ने महिलाओं को दिया। प्रदेश के युवाओं को बेरोजगारी भत्ता के नाम पर 4 साल तक धोखे में रखा और चुनावी वर्ष में दिखावे के लिए कुछ महीनों तक दिया। किसानों को धान की अंतर राशि चार किश्तों में दी जाती थी।

सफाई व उद्यान सौंदर्यीकरण के लिए ग्रीन आर्मी रायपुरा जोन ने सौंपा ज्ञापन

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुरा स्थित गदही तालाब में लंबे समय से फैली भारी गंदगी एवं कचरे की समस्या को लेकर ग्रीन आर्मी रायपुरा जोन के प्रतिनिधिमंडल द्वारा आज नगर निगम जोनङ्क8 की कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल जी को ज्ञापन सौंपा गया। प्रतिनिधिमंडल ने अवगत कराया कि तालाब एवं उसके आसपास बड़ी मात्रा में कचरा जमा होने के कारण क्षेत्र में अस्वच्छता का माहौल बना हुआ है तथा इससे संभावित महामारी फैलने की आशंका भी बनी हुई है। प्रतिनिधिमंडल की मांग पर कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल जी ने आश्वासन दिया कि आगामी रविवार 22 मार्च 2026 को नगर निगम की टीम भेजकर तालाब की सफाई कराई जाएगी तथा आसपास के उद्यान के सौंदर्यीकरण एवं स्वच्छता के लिए भी आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए नगर निगम द्वारा आवश्यक संसाधन जैसे छ्वष्टक्च ट्रैक्टर आदि उपलब्ध कराए जाएंगे। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी से भी मुलाकात कर क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही उद्यान विभाग के श्री राजेश चौहान जी से भेंट कर तालाब के आसपास स्थित गार्डन के सौंदर्यीकरण एवं नियमित सफाई को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर ग्रीन आर्मी रायपुरा जोन प्रभारी श्री शशिकांत यदु, जोन सचिव श्री मनीष शर्मा जी, जोन उपाध्यक्ष श्री मेघराज हरिनखेड़े जी, श्री रघुनाथ राय जी, श्री श्याम बघेल जी सहित रायपुरा जोन के अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का त्याग और बलिदान देश की अमूल्य धरोहर : सीएम

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय कक्ष में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था के प्रतिनिधि मंडल ने सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री को 23 मार्च को बेमेतरा जिले में आयोजित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार सम्मान समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री साय ने आमंत्रण के लिए संस्था के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का योगदान देश के इतिहास में अमूल्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारों का सम्मान करना हम सभी का दायित्व है। यह केवल कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को देशभक्ति, समर्पण और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देने का भी सशक्त माध्यम है।उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में राष्ट्रीय मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं और स्वतंत्रता संग्राम के गौरवशाली इतिहास को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक, संस्था के अध्यक्ष डॉ. शिरीष शर्मा, डॉ. शिवेन्द्र त्रिपाठी, ललित मिश्रा, विनायक दीवान सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री साय ने विधानसभा परिसर में तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का किया शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर में आयोजित तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सहित स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शिविर में स्वयं स्वास्थ्य जांच कराकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का सशक्त संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान जीवनशैली में शारीरिक गतिविधियों में कमी आने के कारण विभिन्न प्रकार की बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, ऐसे में नियमित स्वास्थ्य जांच अत्यंत आवश्यक हो गई है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने से व्यक्ति समय रहते जागरूक रहकर आवश्यक सावधानी अपनाते हुए गंभीर बीमारियों से बचाव कर सकता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही सशक्त समाज और समृद्ध राज्य की नींव होते हैं। मुख्यमंत्री साय ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा की गई इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर न केवल लोगों को जागरूक करते हैं, बल्कि उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदार बनने के लिए प्रेरित भी करते हैं।

श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कर्मचारी हुए सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्य सचिव विकासशील ने आज यहां मंत्रालय, महानदी भवन में आयोजित ई-ऑफिस सम्मान समारोह में जनवरी एवं फरवरी माह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभागों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से नस्तियों के त्वरित निस्तारण और समयबद्ध उपस्थिति सुनिश्चित करने में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जनवरी माह की विभागीय रैंकिंग में गृह विभाग ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। समाज कल्याण विभाग ने 86.76 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि धर्मस्व विभाग ने 86.58 प्रतिशत अंक अर्जित कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि ई-ऑफिस के प्रभावी उपयोग से शासन की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, गति और जवाबदेही सुनिश्चित हो रही है। उन्होंने सभी विभागों से इसी प्रकार दक्षता के साथ कार्य करने और निरंतर बेहतर प्रदर्शन बनाए रखने की अपेक्षा की। समारोह में विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। जनवरी माह में ई-ऑफिस में उल्लेखनीय कार्य करने वाले में संयुक्त सचिव श्रेणी में प्रथम स्थान में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की जय जैन, द्वितीय स्थान में अनुसूचित जाति विकास विभाग के संयुक्त सचिव अनुपम त्रिवेदी, उप सचिव श्रेणी में प्रथम स्थान में सामान्य प्रशासन-एक के उप सचिव किशोर कुमार भुआर्य, द्वितीय स्थान में सामान्य प्रशासन-6 के उप सचिव ऋतु वर्मा, तृतीय स्थान में समाज कल्याण विभाग के उप सचिव स्वर्गीय रामलाल खैरवार शामिल है।

स्व-सहायता समूह से बदली जिंदगी, डेयरी और खेती से 'लखपति दीदी' बनीं माधुरी

■ डेयरी, पशु आहार और खेती से सालाना 5.50 लाख की आय

रायपुर/नवप्रदेश। माधुरी जंघेलखैरागढ़ छुईखदान, गंडई जिले के ग्राम पंचायत संडी, विकासखंड छुईखदान की निवासी माधुरी जंघेल आज स्व-सहायता समूह की बदौलत एक सफल महिला उद्यमी के रूप में पहचान बना चुकी हैं। पतंजली महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने डेयरी, कृषि और पशु आहार व्यवसाय के माध्यम से अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है और आज उनकी सालाना आय लगभग 5.50 लाख रुपये तक पहुंच गई है। माधुरी जंघेल वर्ष 2017 में पतंजली महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ीं। समूह से जुड़ने से पहले वह केवल पारंपरिक कृषि कार्य करती थीं और सीमित आय के कारण परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं थी। बच्चों की शिक्षा और परिवार की जरूरतों को पूरा करना भी कठिन था। समूह से जुड़ने के बाद उन्हें बैंक लिंकेज और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कुल 9.50 लाख रुपये का ऋण प्राप्त हुआ, जिससे उन्होंने अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने की शुरुआत की। समूह से प्रेरणा लेकर माधुरी जंघेल ने सबसे पहले 50 हजार रुपये की सहायता से पशुपालन विभाग के सहयोग से गाय पालन शुरू किया। शुरुआत में एक गाय से डेयरी व्यवसाय प्रारंभ किया, जिसे धीरे-धीरे बढ़ाकर आज पांच गायों तक पहुंचा दिया है। वर्तमान में उनके यहां से प्रतिदिन लगभग 40 लीटर दूध का उत्पादन होता है। वह दूध को देवभोग द्वारा संचालित मां बम्लेश्वरी महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति, संडी में 35 रुपये प्रति लीटर की दर से बेचती हैं।

शहर के ट्रांसपोर्ट क्षेत्र में शाम 5 से रात 9 बजे तक मालवाहक ऑटो, रिक्शा पर लगे प्रतिबंध

रायपुर/नवप्रदेश। देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य श्री अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेंद्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, राम मंधान, वासु मखीजा, भरत जैन, राकेश ओचवानी, शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि आज कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के प्रतिनिधिमंडल सहित विभिन्न व्यापारी संगठनों के पदाधिकारियों ने अमर पारवानी जी के नेतृत्व में रायपुर के कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला जी से भेंट कर शहर के ट्रांसपोर्ट क्षेत्र में शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक मालवाहक ऑटो, रिक्शा आदि के प्रवेश पर लगाए गए प्रतिबंध से उत्पन्न हो रही समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि विगत दिनों शहर में ट्रैफिक की समस्या के समाधान के उद्देश्य से तेलघानी नाका, भैंसस्थान, गुढियारी, अग्रसेन चौक सहित उन क्षेत्रों में, जहां से प्रदेश के विभिन्न स्थानों के लिए माल बुकिंग और ट्रांसपोर्ट संचालन होता है, वहां शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक मालवाहक ऑटो व रिक्शों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाया गया है। व्यापारियों ने बताया कि इन स्थानों पर बड़ी संख्या में ट्रांसपोर्ट कार्यालय, गोदाम और माल बुकिंग केंद्र संचालित होते हैं। ऐसे में निर्धारित समय में प्रतिबंध लागू होने से माल बुकिंग, लोडिंग-अनलोडिंग और परिवहन कार्य प्रभावित हो रहा है, जिससे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

विधि के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका

रायपुर/नवप्रदेश। इस कार्यक्रम में जिला बार एसोसिएशन के कई पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें अधिवक्ता विक्रम टंडन (अध्यक्ष, बार एसोसिएशन), अधिवक्ता अमन मयेकर (उपाध्यक्ष), अधिवक्ता अभिजीत किंहिकार (सचिव) तथा अधिवक्ता मुनीधर बावंकर (कोषाध्यक्ष) शामिल थे। उनकी उपस्थिति और सहयोग से संगोष्ठी का सफलतापूर्वक आयोजन संभव हो सका। इस संगोष्ठी में प्रैक्टिस कर रहे अधिवक्ताओं तथा विधि क्षेत्र से जुड़े सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विधि व्यवसाय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की बढ़ती भूमिका को समझने में गहरी रुचि दिखाई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य यह बताना था कि तकनीकी प्रगति किस प्रकार विधिक अनुसंधान, केस प्रबंधन, साक्ष्य विश्लेषण तथा न्यायिक प्रक्रियाओं को प्रभावित और परिवर्तित कर रही है। विशेषज्ञ सत्र डॉ. पलक शर्मा, सहायक प्राध्यापक, विधि संकाय, कलिंगा विश्वविद्यालय तथा सुश्री विशाखा साखरकर, सहायक प्राध्यापक, विधि संकाय, कलिंगा विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने विधि और प्रौद्योगिकी के बीच विकसित हो रहे संबंधों पर विस्तार से प्रकाश डाला। सत्र के दौरान विधिक अनुसंधान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग, वाद-विवाद में प्रेडिक्टिव एनालिटिक्स, विधिक ड्राफ्टिंग में ऑटोमेशन तथा न्याय वितरण प्रणाली में एआई के उपयोग से जुड़े नैतिक और नियामक चुनौतियों पर चर्चा की गई।

चेंबर के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण का शंखनाद

रायपुर/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं जन शिक्षण संस्थान और भावसर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 18 मार्च 2026 को एक विशेष कार्यशाला व सम्मान समारोह उदया का आयोजन किया जा रहा है। She Leads, She Ceats, She Inspies की थीम पर आधारित यह कार्यक्रम विमतारा, रायपुर में प्रात 9.30 बजे से सायं 4.30 बजे तक संपन्न होगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला उद्यमियों को नवाचार, नेतृत्व और आर्थिक स्वावलंबन के प्रति प्रेरित करना है। इस अवसर पर विषय विशेषज्ञों द्वारा महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किए जाएंगे जिसमें आर्थिक संपन्नता विषय पर डॉ. रश्मि शुक्ला द्वारा वित्तीय प्रबंधन पर मार्गदर्शन देंगी।

छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड: देशभर के टूर ऑपरेटरों ने देखी छत्तीसगढ़ की अनोखी झलक

छत्तीसगढ़ के पर्यटन को राष्ट्रीय पहचान दिलाने की पहल

■ छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड की फेम ट्रिप से प्रभावित हुए देश के प्रतिनिधि, प्राकृतिक सौंदर्य, संस्कृति और आतिथ्य की सराहना

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों के व्यापक प्रचार-प्रसार और राज्य की प्राकृतिक तथा सांस्कृतिक धरोहर को देश-दुनिया तक पहुंचाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड द्वारा आयोजित फेम (स्न्नरू) ट्रिप के अंतर्गत देश के विभिन्न राज्यों से आए टूर ऑपरेटरों और ट्रैवल एजेंट्स ने बस्तर, मैनपाट और जशपुर के प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया। इस दौरान प्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक सुंदरता, जनजातीय संस्कृति और ऐतिहासिक धरोहर को करीब से देखा और उसकी भूरी-भूरी प्रशंसा की। फेम ट्रिप के दौरान प्रतिनिधियों को बस्तर जिले के विश्व प्रसिद्ध चित्रकोट जलप्रपात का भ्रमण कराया गया, जहां उन्होंने प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया साथ ही बोटिंग भी कराई गई, जिसने उनके अनुभव को और रोमांचक बना दिया। इसके साथ ही प्रतिनिधियों ने चित्रकोट स्थित प्राचीन शिव मंदिर के दर्शन भी किए। बस्तर की जीवंत लोक संस्कृति से परिचित कराने के लिए प्रतिनिधियों को यहां के प्रसिद्ध हाट-बाजार भी ले जाया गया, जहां उन्होंने पारंपरिक मुर्गा लड़ाई जैसे स्थानीय सांस्कृतिक आयोजनों को देखा और बस्तर की विशिष्ट जनजातीय परंपराओं को समझा। इस भ्रमण के दौरान प्रतिनिधियों को ऐतिहासिक नगरी बारसूर भी ले जाया गया, जहां उन्होंने प्रसिद्ध बत्तीसा मंदिर और भगवान गणेश की अद्भुत एवं प्राचीन मूर्तियों का अवलोकन किया। इन ऐतिहासिक धरोहरों ने प्रतिनिधियों को छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराया। फेम ट्रिप के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने बस्तर संभाग के प्रशासनिक अधिकारियों से भी मुलाकात की। प्रतिनिधियों ने बस्तर के कमिश्नर, आईजी और एसपी से भेंट कर क्षेत्र में पर्यटन विकास, सुरक्षा व्यवस्था और पर्यटन सुविधाओं पर चर्चा की। अधिकारियों ने उन्हें आश्वस्त किया कि बस्तर क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

छग डायोसिस बोर्ड की डिप्टी कलेक्टर प्रशासक नियुक्त

रायपुर। छत्तीसगढ़ डायोसिस बोर्ड ऑफ एजुकेशन चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया, रायपुर का चुनाव कराने के लिए कार्यालय रजिस्ट्रार, फर्म्स एवं संस्थाएं छत्तीसगढ़ के द्वारा जिला कलेक्टर रायपुर को संस्था का कार्यकारिणी का चुनाव तथा चुनाव अवधि तक संस्था के संचालन के लिए प्रशासक की नियुक्ति के लिए अधिकृत किया है। इस कार्य के लिए कलेक्टर रायपुर ने डिप्टी कलेक्टर श्रीमती तुलसी राठौर को कलेक्टर प्रतिनिधि के रूप में प्रशासक नियुक्त किया है। प्रशासक द्वारा कार्यकारिणी चुनाव 30 दिन के भीतर सम्पन्न कराया जाना है। इसके लिए 20 मार्च तक दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जाना है।

न्यूज गैलरी

ईरान के सुरक्षा प्रमुख लारीजानी पर हमला

नई दिल्ली/ए.। ईरान के सुरक्षा प्रमुख लारीजानी पर सैन्य कार्रवाई किए जाने का दावा किया गया है। इस्राइली मीडिया के हवाले से समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने बताया कि इस्राइल की सेना ने ईरान के सुरक्षा प्रमुख अली लारीजानी को निशाना बनाया है। मीडिया रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि हमले के बाद लारीजानी की स्थिति कैसी है, इसे लेकर हालात तुरंत साफ नहीं हो सके हैं। सेना ने कहा कि लारीजानी मारे गए हैं या घायल हुए हैं, इसकी पुष्टि होनी बाकी है। ये भी महत्वपूर्ण है कि ईरान ने अभी तक लारीजानी पर हमले की इस रिपोर्ट पर कोई टिप्पणी नहीं की है। इस्राइली अधिकारियों ने बताया कि उनकी सेना ने तेहरान में अली लारीजानी को निशाना बनाया। लारीजानी ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव हैं। वह ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के बहुत करीबी माने जाते थे। खामेनेई की मौत के बाद से लारीजानी को ईरान के शासन में एक बहुत बड़े चेहरे के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, इस हमले में लारीजानी की क्या स्थिति है, यह अभी साफ नहीं हो पाया है। इजरायली सेना अभी इस बात की जांच कर रही है कि वह इस हमले में मारे गए हैं या घायल हुए हैं। ईरान ने अभी तक इस खबर पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

गुजरात में भी यूसीसी की पहल

गांधीनगर। उत्तराखंड के बाद अब गुजरात में भी यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) लागू करने की तैयारी शुरू हो गई है। इसी क्रम में राज्य सरकार की ओर से बनाई गई विशेषज्ञ समिति ने अपनी अंतिम रिपोर्ट मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को सौंप दी है। इससे पहले सरकार ने 4 फरवरी 2025 को एक 5 सदस्यीय समिति बनाई थी। इस समिति की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट की पूर्व जज रंजना देसाई कर रही थीं। समिति ने राज्यभर में अलग-अलग समाज, धर्म और राजनीतिक लोगों से बातचीत की और उनकी राय लेने के बाद यह रिपोर्ट तैयार की। सूत्रों के अनुसार 23 मार्च को यह रिपोर्ट विधानसभा में रखी जा सकती है। इसके बाद 24 मार्च को यानी बजट सत्र के आखिरी दिन यूसीसी बिल पेश करने की तैयारी है। ऐसे में अगर यह बिल पास हो जाता है, तो गुजरात, उत्तराखंड के बाद यूसीसी लागू करने वाला देश का दूसरा राज्य बन जाएगा।

सबरीमाला मंदिर मामले में पुजारी को राहत नहीं

कोच्चि। सबरीमाला मंदिर के सोना चोरी मामले में केरल हाई कोर्ट ने मंगलवार को एक बड़ा फैसला सुनाया। कोर्ट ने निचली अदालत की उस टिप्पणी पर रोक लगा दी है जिसमें कहा गया था कि मंदिर के मुख्य पुजारी (तांत्री) कंतारार राजीवर के खिलाफ कोई सबूत नहीं है। यह फैसला पुजारी के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है और इससे मामले की कानूनी जांच फिर से शुरू हो गई है। पुजारी कंतारार राजीवर 41 दिनों तक जेल में रहने के बाद पिछले महीने ही जमानत पर बाहर आए थे। कोल्लम की निचली अदालत ने उन्हें जमानत देते समय कहा था कि उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं मिले हैं। इसके बाद विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने इस टिप्पणी को हाई कोर्ट में चुनौती दी।

UCO BANK अंचल कार्यालय, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.)

शुद्धिपत्र

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 12/03/2025 को नवप्रदेश रायपुर संस्करण में प्रकाशित नीलामी सूचना में संपत्ति निरीक्षण तिथि भूलवश 27/02/2026 हो गया है जिसे 27/03/2026 के सही रूप में पढ़ा जाए। बाकी सभी नियम एवं शर्तें यथावत रहेगी।

प्राधिकृत अधिकारी, यूको बैंक

अफगानिस्तान में पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक, 400 से ज्यादा लोगों की मौत

एयरस्ट्राइक में निशाना बने रिहायशी इलाके और अस्पताल

जानकारी के अनुसार बीती रात साढ़े 9 बजे पाकिस्तानी वायुसेना ने अपने JF-17 और F-16 विमानों से काबुल में हमला किया. इसमें अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय के पास रिहायशी इलाके, खुफिया एजेंसी GDI के हेडक्वार्टर के पास रिहायशी इलाके, राष्ट्रपति भवन के पास रिहायशी इलाके और काबुल एयरपोर्ट के पास पुराने नाटो बेस में स्थित 2 हजार बेड वाला सरकारी अस्पताल शामिल था।

नई दिल्ली/ए.। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच पिछले 20 दिनों से चल रही जंग में बीती रात पाकिस्तानी वायुसेना ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में पांच जगहों पर बड़ी एयरस्ट्राइक की. इस हमले में पाकिस्तानी सेना ने भारी विस्फोटक का प्रयोग किया, जिससे इन पांचों जगहों पर आसमान आग के गुब्बारों से भर गया। पाकिस्तानी वायुसेना के भारी पेलोड के इस्तेमाल से रक्षा मंत्रालय और GDI के हेडक्वार्टर के पास पूरा आसमान आग से भर गया, वहीं राष्ट्रपति भवन के पास के रिहायशी इलाके में भी आग की लपटें उठीं. काबुल के पार्की सनाई कोचक इलाके में नशे के आदी मरीजों के इलाज वाले 2 हजार बेड वाले अस्पताल पर बमबारी के बाद पूरा अस्पताल आग के गोले की तरह धधकने लगा। कुल 23 मिनट में काबुल की पांच जगहों पर पाकिस्तानी सेना द्वारा की गई बमबारी में रात 2 बजे तक की जानकारी के अनुसार 400 लोगों की मौत हो गई और 250 से अधिक लोग घायल हुए। काबुल के अलावा पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान के नंगरहार प्रांत में भी बमबारी की, जिसमें फिलहाल किसी के मारे जाने या घायल होने की सूचना नहीं मिली है. काबुल में फिलहाल रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है और अस्पताल समेत रिहायशी इलाकों से लाशों और दबे लोगों को निकालने का काम जारी है। पिछले साल जुलाई से लेकर 17 मार्च 2026 तक पाकिस्तान की सेना और वायुसेना ने आतंकवाद विरोधी अभियान के नाम पर अपने देश में 74 आम लोगों की जान ले ली। कल की स्ट्राइक से पहले पाकिस्तानी सेना ने सितंबर से 15 मार्च तक 131 अफगानी नागरिकों को मार दिया. इस तरह इस बमबारी के बाद अब तक कम से कम 531 निर्दोष अफगानी नागरिक पाकिस्तान की सेना की कार्रवाई में मारे जा चुके हैं। अफगानिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई ने काबुल में रिहायशी इलाकों और गैर-सैन्य ठिकानों पर हुए हमलों की कड़ी निंदा की. करजई ने कहा कि हमलों के कारण आम नागरिकों को भारी जान-माल का नुकसान हुआ. उन्होंने पाकिस्तान की सैन्य सत्ता को चेतावनी दी कि ऐसे हमले जारी रखने से पाकिस्तान अपने उद्देश्य हासिल नहीं कर पाएगा, बल्कि हालात और बिगड़ेंगे और इसका नुकसान खुद पाकिस्तान को ही भुगतना पड़ेगा।

अफगानिस्तान ने किया विरोध

पाकिस्तानी वायुसेना की काबुल के रिहायशी इलाकों में भारी विस्फोटक के साथ बमबारी पर अफगानिस्तान सरकार के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने निंदा की और इसे मानवता के खिलाफ अपराध बताया। जवाब में पाकिस्तान की सरकार ने दावा किया कि हमला रिहायशी इलाकों या अस्पताल में नहीं बल्कि अफगान सेना के हथियारों के ठिकानों पर किया गया. पाकिस्तान ने यह भी कहा कि हमला करते समय आम लोगों की जान बचाने का ध्यान रखा गया।

चुनाव आयोग का बड़ा फैसला, एक साथ बदले जाएंगे 13 जिलों के एसपी

कुल 19 अफसरों का तबादला

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव का एलान होने के बाद से बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल हो चुका है। चुनाव आयोग ने मंगलवार को भी 19 वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के तबादले का आदेश जारी किया है। तबादला किए गए अधिकारियों में उत्तर, दक्षिण बंगाल के एडीजी भी शामिल हैं। इससे पहले राज्य के मुख्य सचिव का भी तबादला किया जा चुका है।

कई जिलों में प्रशासनिक फेरबदल: आईपीएस अधिकारी राजेश कुमार सिंह को दक्षिण बंगाल का नया एडीजी नियुक्त किया गया है। वहीं के जयरामन को उत्तर बंगाल के एडीजी पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दोनों 1997 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी हैं। आसनसोल-दुर्गापुर, हावड़ा, बराकपोर और चंदननगर जिलों में भी नए कमिश्नर ऑफ पुलिस की नियुक्ति की गई है। 13 जिलों के पुलिस अधीक्षक भी ताजा फेरबदल में बदले गए हैं।

बंगाल में ममता ने 74 विधायकों के टिकट काटे

कोलकाता/तिरुवनंतपुरम/चेन्नई। तृणमूल कांग्रेस पार्टी ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की कुल 294 सीटों में से 291 सीटों पर अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया। बाकी 3 सीटें सहयोगी बीजीपीएम को दी हैं। ममता ने 74 विधायकों (करीब एक तिहाई) के टिकट काट दिए हैं। 15 विधायकों की सीटें बदली गई हैं। ममता बनर्जी भबानीपुर से चुनाव लड़ेंगी। उनका मुकाबला भाजपा नेता सुवेंद्र अधिकारी से होगा। 2021 के चुनाव में सुवेंदु ने ममता को नंदीग्राम सीट पर हरा दिया था। लिस्ट जारी करते हुए ममता ने कहा कि मैं BJP से कहना चाहती हूं कि आप डर क्यों रहे हैं। अगर लड़ना है तो गैस संकट पैदा मत कीजिए। मैदान में आकर सही तरीके से मुकाबला कीजिए।

पांचवें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी टूर्नामेंट का दमदार आगाज

नई दिल्ली। पांचवें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी टूर्नामेंट का आगाज़ मंगलवार को मेजबान श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज के मैदान पर शानदार मुकाबलों के साथ हुआ। पहले दिन पुरुष वर्ग में खालसा कॉलेज और किरोड़ी मल कॉलेज, जबकि महिला वर्ग में विवेकानंद कॉलेज ने प्रभावशाली जीत दर्ज की। पुरुष वर्ग के मुकाबले में श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज ने इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान संस्थान को 6-0 के बड़े अंतर से पराजित किया। खालसा कॉलेज की जीत के नायक रहे विपिन, जिन्होंने चार गोल दागे, जबकि मनीष और तनुज ने एक-एक गोल का योगदान दिया। शानदार प्रदर्शन के लिए विपिन को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। किरोड़ी मल कॉलेज ने सेंट स्टीफंस कॉलेज पर 11-2 की एकतरफा जीत दर्ज की एक अन्य मुकाबले में किरोड़ी मल कॉलेज ने सेंट स्टीफंस कॉलेज पर 11-2 की एकतरफा जीत दर्ज की।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00042 कातुलबोर्ड ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430103500028

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00042 के अंतर्गत ग्राम कातुलबोर्ड के वर्तमान भूमिस्वामी जसवंत सिंह जुवला पिता/पति साधू सिंह पता भिलाईनगर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 157/42 (0,0220) में प्रस्तावित भूमिस्वामी केता अरविंदर सिंह चाना पिता/पति स्व. जसवंत सिंह पता स्टील कालोनी कातुलबोर्ड, हरदीप कौर पिता/पति स्व. गुरमेल सिंह पता स्टील कालोनी कातुलबोर्ड, तेजिंदर कौर पिता/पति स्व. जसवंत सिंह पता स्टील कालोनी कातुलबोर्ड, मनप्रीत कौर पिता/पति स्व. गुरमेल सिंह पता स्टील कालोनी कातुलबोर्ड, श्रीमती सुरविंदर कौर पिता/पति स्व. जसवंत सिंह पता स्टील कालोनी कातुलबोर्ड, अमरप्रीत सिंह पिता/पति स्व गुरमेल सिंह पता स्टील कालोनी, कातुलबोर्ड के नाम पर पंजीयन फौती होने के उपरॉत नामांतरण अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 27.03.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09.03.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं श्रीमती रजनी गोली पति श्री डिट्टो, उम्र 39 वर्ष, निवासी- ब्लाक-7, ए.सी.सी. जामुल तह. भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. की निवासी हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूं :- यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरा पुत्र रॉयस मिखेल (ROYCE MIKHEL) आ. डिट्टो की जन्मतिथि-03/06/2019 है। यह कि मेरे पुत्र के स्कूल दाखिला, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड में मेरे पुत्र का नाम रॉयस डिट्टो (ROYCE DITTO) दर्ज है। यह कि मैं अपने पुत्र का नाम रॉयस डिट्टो (ROYCE DITTO) के स्थान पर रॉयस मिखेल (ROYCE MIKHEL) दर्ज करवाना चाहती हूं। यह कि रॉयस् डिट्टो (ROYCE DITTO) एवं रॉयस मिखेल (ROYCE MIKHEL) दोनो नाम एक ही व्यक्ति का है अर्थात् मेरे पुत्र का ही नाम है। यह कि मैं अपने पुत्र के स्कूल दाखिला, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं अन्य समस्त शासकीस, अर्द्धशासकीय अभिलेखो में अपने पुत्र का सही नाम रॉयस मिखेल (ROYCE MIKHEL) दर्ज कराना चाहती हूं। जिस संबंध में यह शपथपत्र प्रस्तुत है। अत: यह शपथपत्र उपरोक्त कथन की सत्यता में गजट प्रकाशन हेतु सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ती — रजनी गोली पति श्री डिट्टो, निवासी- ब्लाक-7, ए.सी.सी. जामुल तह. भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.202603100400018 /अ-02/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री/श्रीमती मधु दानंन पिता/पति मनीष दानन निवासी कातुलबोड ईस्ट साकेत कालोनी दुर्ग द्वारा नीचे वर्णित ÷अनुसूची÷में उल्लेखित ग्राम, खसरा, रकबा भूमि के दर्शित प्रयोजन अनुसार छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटलनगर के द्वारा जारी अधीसूचना दिनांक 22.12.2025 के अनुसार छत्तीसगढ़ भू- राजस्व संहिता (व्यपवर्तित भूमि के लिए भू-राजस्व का निर्धारण तथा पुनर्निर्धारण) नियम 2025 में दिये गये निर्धारित प्ररूप-एक में भूमिस्वामी द्वारा भूमि उपयोग के व्यपवर्तन तथा स्वनिर्धारण की सूचना व घोषणा पत्र छ.ग. भू.रा. संहिता 1959 यथासंशोधित 2022 की धारा 59/172 के तहत् इस न्यायालय में अन्य दस्तावेजों सहित प्रस्तुत किया गया है :-

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	आवेदि.भू. खसरा नं.	रकबा हे. वर्गमीटर	प्रयोजन
ग्राम समोदा प.ह.न. 07 तह. व जिला दुर्ग	772/66	0.0271	कृषि गोदाम

अतएव उपरोक्त उपर वर्णित भूमि के व्यपर्वतन / पुर्ननिर्धरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा जारी होने की तिथि से 07 दिवस के भीतर लिखित आपत्ति अथवा दावा स्वयं अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति/अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि में दावा आपत्ति के पश्चात् दावा आपत्ति प्राप्त होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202602103000044 /अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकः- मनीष कुमार सिंह पिता सुरेन्द्र प्रसाद सिंह निवासी शॉप नं 516 बी मार्केट, सेक्टर 6 सिविक सेन्टर भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा आवेदक के पत्नि प्रीति सिंह पति मनीष सिंह के नाम पर मौजा- बोरीगारका प.ह.नं.- 56 रा.नि.मं. उतई स्थित भूमि ख.नं. 80/7, 709/50 रकबा 0.0500 हे. भूमि रजिस्टर्ड बयनामा के माध्यम से दिनांक 29/10/2013 को कय किया गया जो राजस्व अभिलेख में दर्ज है। वर्तमान में मौजा ग्राम करगाडीह प.ह.न 56 ख.नं. 25 रकबा 0.0500 हे. प्रीति सिंह पति मनीष के नाम पर दर्ज है। प्रीति सिंह पति मनीष सिंह की मृत्यु दिनांक 26/08/2023 को हो गया है, मृत्यु के बाद उनके विधिक वारिसान आवेदकः मनीष कुमार सिंह पिता सुरेन्द्र प्रसाद सिंह है। आवेदक की पत्नि प्रीति सिंह का नाम विलोपित कर विधिक वारिसान का नाम अभिलेख में फौती / नामांतरण दर्ज किये जाने आवेदन पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 18.03.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.02.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202603100700065 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक विजय ठाकुर पिता स्व. कमल ठाकुर निवासी सेक्टर-6 भिलाई तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 930/1 रकबा 0.1500 हे भूमि जो कि आवेदक एवं सहखातेदार के नाम पर शामिलात रुप से वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि का सभी खातेदारों के मध्य रजिस्टर्ड बंटवारानामा दिनांक 28.11.2025 को किया गया है। उक्त रजिस्टर्ड बंटवारानामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 06.04.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.03.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202602100800052 /अ-06/वर्ष 2025-26
ग्राम बिरोदा, प.ह.न. 23

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक सीताराम पिता स्व. भागवली निवासी ग्राम बिरोदा तहसील धमधा जिला दुर्ग के द्वारा फौती नामांतरण आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम बिरोदा प.ह.नं. 23 स्थित भूमि खसरा नंबर 963/4, 963/5, 963/6 रकबा 0.24, 0.23, 0.05 कुल ख.नं. 03 कुल रकबा 0.52 हे. भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में भागवली पिता सुखीराम के नाम पर दर्ज है, उक्त खातेदार भागवली पिता सुखीराम का मृत्यु दिनांक 09.04. 2025 को हो जाने के कारण उनके विधिक वारिसानों द्वारा फौती दर्ज किये जाने निवेदन किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में यदि जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा /आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी पेशी दिनांक 25.03.2026 तक न्यायालयीन अवधि में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार, धमधा जिला दुर्ग(छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ती शालिनी महलवार (SHALINI MAHALWAR) पति श्री सरस कुमार महलवार, आयु 33 वर्ष, वर्तमान निवासी वार्ड नं.-07, महावीर स्कूल के सामने, शिक्षक नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) की हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। मेरा विवाह दिनांक 06/12/2024 को सरस कुमार महलवार पिता श्री भुवनेश्वर सिंह महलवार, निवासी वार्ड नं.-07, महावीर स्कूल के सामने, शिक्षक नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के साथ संपन्न हुआ है। तब से मैं अपने पति के साथ निवासरत् हूं। यह कि विवाह पूर्व समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पासबुक, मतदाता परिचय पत्र मेरा नाम शीलवती ताम्रकार (SHEELWATEE TAMRAKAR) है एवं जाति प्रमाण पत्र व निवासी प्रमाण पत्र में मेरा नाम शीलबती (SHEELBATEE) दर्ज है। यह कि मेरे द्वारा विवाहोपरान्त अपना नाम परिवर्तित करके शालिनी महलवार (SHALINI MAHALWAR) कर ली हूं। यह कि शीलबती (SHEELBATEE) शीलवती ताम्रकार (SHEELWATEE TAMRAKAR) एवं शालिनी महलवार (SHALINI MAHALWAR) तीनो नाम एक ही व्यक्ति का है अर्थात् मेरे स्वयं का नाम है। यह कि मैं अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पासबुक, मतदाता परिचय पत्र, जाति व निवासी प्रमाण पत्र एवं भविष्य के समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय दस्तावेजो में अपना विवाहोपरान्त परिवर्तित नाम शालिनी महलवार (SHALINI MAHALWAR) दर्ज करवाना चाहती हूं जिसके समर्थन में यह शपथपत्र प्रस्तुत है। अत: यह शपथपत्र उपरोक्त कथन की सत्यता में गजट प्रकाशन हेतु सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ती — शालिनी महलवार पति श्री सरस कुमार महलवार, वर्तमान निवासी वार्ड नं.-07, महावीर स्कूल के सामने, शिक्षक नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202603100700047 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक धीरेन्द्र कुमार जैन पिता मणीचंद जैन निवासी प्रगति नगर रिसाली तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 349/6 एवं 349/10 रकबा 1760 वर्गफुट 165 वर्गफुट हे भूमि को दानदाता मणीचंद जैन पिता भैय्यालाल जैन निवासी प्रगति नगर रिसाली तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) से रजिस्टर्ड दानपत्र दिनांक 23.01.2026 को दान में प्राप्त किया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड दानपत्र के आधार पर स्वयं के नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 06.04.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 12.03.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं फजलुर रहमान सुलेमानी (FAZLUR RAHMAN SULEMANI) पिता मो. मोईनुद्दीन (MO.MOINUDDIN) उम्र 46 वर्ष, स्थायी निवासी-वार्ड नंबर-34, सादपुरा, बांकेर्स, कालोनी, खाजेपुर, मुजफ्फरपुर, मुसहरी, मुजफ्फरपुर बिहार 842002, वर्तमान निवासी 187/1, गुलशन रोड, सुपेला, भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) का हूं। मेरे पुत्री वर्तमान में नाबालिग है जिसका सहीं वास्तविक नाम आयजा रहमान (AYEZA RAHMAN) आत्मज फजलुर रहमान सुलेमानी (FAZLUR RAHMAN SULEMANI) माता-नासरीन अख्तर (ANNA RAHMAN) की जन्मतिथि 21.08.2015 जन्म प्रमाण पत्र में अंकित है। मेरे पुत्री के समस्त शैक्षणिक दस्तावेज, अंकसूची सहित आधार कार्ड क्रमांक में त्रुटिवश नाम अन्ना रहमान (ANNA RAHMAN) आत्मज फजलुर रहमान सुलेमानी (FAZLUR RAHMAN SULEMANI) एवं मेरे पुत्री का सहीं व वास्तविक नाम जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर आयजा रहमान (AYEZA RAHMAN) आत्मज फजलुर रहमान सुलेमानी (FAZLUR RAHMAN SULEMANI) माता-नासरीन अख्तर (NASREEN AKHTAR) दोनों नाम मेरे पुत्री का नाम है जो सत्य व सहीं है लोग मेरे पुत्री पिता एवं माता को इसी नाम व जन्म तिथि से जानते पहचानते व पुकारते है। यह कि, शैक्षणिक दस्तावेज, अंकसूची व आधार कार्ड में आगे भविष्य में सहीं वास्तविक व परिवर्तित / संशोधित नाम जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर आयजा रहमान (AYEZA RAHMAN) आत्मज फजलुर रहमान सुलेमानी (FAZLUR RAHMAN SULEMANI) माता-नासरीन अख्तर (NASREEN AKHTAR) लिखना चाहता हूं।

शपथकर्ता — फजलुर रहमान सुलेमानी पिता मो. मोईनुद्दीन, स्थायी निवासी वार्ड 34, सादपुरा, बांकेर्स, कालोनी, खाजेपुर, मुजफ्फरपुर, मुसहरी, मुजफ्फरपुर बिहार 842002, वर्तमान निवासी 187/1, गुलशन रोड, सुपेला, भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं बट्टेकाट मोहन दास (VATTEKATT MOHAN DAS) आत्मज कल्लुंगल परंबिल वेनुगोपालन थम्पी (KALLUNGAL PARAMBIL VENUGOPALAN THAMPI) उम्र 59 वर्ष, स्थायी निवासी (KALLUNGA PARAMBIL HOUSE IRINJALAKUDA, TIRCHUR, KERLA VENUGOPALAN) वर्तमान निवासी मकान नंबर एचआईजी-2/277 एम.पी.ई.बी. कॉलोनी शिव मंदिर के पास बोरसी दुर्ग, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) का हूं। मेरा जन्मतिथि 28.06.1966 है। पूर्व में मेरा नाम वी मोहन दास (V. MOHAN DAS) आत्मज के.वी. थम्पी (K. V.THAMPI) के नाम से पहचाना एवं पुकारा जाता था जो कि मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों सहित भिलाई इस्पात संयंत्र भिलाई के पर्सनल रिकार्ड में है जिसे मैं अपना संपूर्ण नाम बट्टेकाट मोहन दास (VATTEKATT MOHAN DAS) आत्मज कल्लुंगल परंबिल वेनुगोपालन थम्पी (KALLUNGAL PARAMBIL VENUGOPALAN THAMPI) है तथा अब मैं अपने संपूर्ण नाम से जाना पहचाना एवं पुकारा जाता हूं जो कि मेरे पेन कार्ड, आधार कार्ड में अंकित है। अत: शैक्षणिक दस्तावेजों सहित भिलाई इस्पात संयंत्र भिलाई के पर्सनल रिकार्ड के अभिलेखों / दस्तावेजों में त्रुटिपूर्ण अंग्रेजी में शार्टकट दर्ज नाम वी मोहन दास (V. MOHAN DAS) आत्मज के.वी. थम्पी (K. V. THAMPI) के स्थान पर आगे भविष्य में समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय, पर्सनल रिकार्ड एवं अन्य अभिलेखों / दस्तावेजों में अपना संपूर्ण अभिलेखों में परिवर्तित / संपूर्ण नाम बट्टेकाट मोहन दास (VATTEKATT MOHAN DAS) आ. कल्लुंगल परंबिल वेनुगोपालन थम्पी (KALLUNGAL PARAMBIL VENUGOPALAN THAMPI) लिखना चाहता हूं।

शपथकर्ता — बट्टेकाट मोहन दास आत्मज कल्लुंगल परंबिल वेनुगोपालन थम्पी उम्र 59 वर्ष, स्थायी निवासी (KALLUNGA PARAMBIL HOUSE IRINJALAKUDA, TIRCHUR, KERLA VENUGOPALAN) वर्तमान निवासी मकान नंबर एचआईजी-2/277 एम.पी.ई.बी. कॉलोनी शिव मंदिर के पास बोरसी दुर्ग, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202511103800008 /अ-20(3)/ वर्ष 2025-26

आवेदिका रेखा चन्द्राकर पति सी0के0चन्द्राकर निवासी जवाहर नगर दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट क्रं. 86 व 87 भूखण्ड क्रं. 4/2 व 1/3 रकबा 1750 वर्गफीट भूमि धारक चन्द्र कुमार चन्द्राकर पिता स्व. छबिलाल चन्द्राकर के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक की मृत्यु दिनांक 26.03.2025 को हो चकी है। मृतक धारक के वारिसान उनकी पत्नी रेखा चन्द्राकर पति सी.के. चन्द्राकर है। उक्त आधार पर आवेदिका व्दारा स्वयं के नाम पर फौती नामातंरण दर्ज किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय मे विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19.03.2026 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19.02.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मै शपथकर्ता खूबलाल साहू पिता पंचराम साहू, उम्र-75 वर्ष, निवासी ग्राम व पोस्ट मुरमुन्दा, थाना नंदनी, तह. अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ यह कि, मेरा नाम व पता. उपरोक्तानुसार है। यह कि, मेरे पेन कार्ड एवं बैंक पासबुक में मेरा नाम खूबलाल साहू (KHUBLAL SAHU) पिता पंचुराम साहू (PANCHU RAM SAHU) दर्ज है जो कि यह मेरा पुराना नाम है। यह कि, मैने अपना नया नामी खूबलाल साहू, (KHUBLAL SAHU) पिता पंचराम साहू (PANCHRAM SAHU) रख लिया हूँ। यह कि, मैं अपने आधार कार्ड पेनकार्ड एवं बैंक पासबुक तथा भविष्य में मेरे समस्त दस्तावेज, सरकारी, गैर-सरकारी, संस्था में मैं अपना नाम खूबलाल साहू (KHUBLAL SAHU) पिता पंचराम साहू (PANCHRAM SAHU) नाम दर्ज कराना चाहता हूँ एवं इसी नाम से जाना व पहचाना जाऊंगा। इस संबंध में मेरे द्वारा नाम परिवर्तित बाबत् छ.ग. राजपत्र में प्रकाशन कराना चाहता हूँ।

शपथकर्ता — खूबलाल साहू पिता पंचराम साहू, निवासी ग्राम व पोस्ट मुरमुन्दा, थाना नंदनी, तह. अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.)

IN THE HONOURABLE COURT OF THE IV ADDL DISTRICT AND SESSIONS CUM S.C.S.T. COURT JUDGE AT VIJAYANAGARAM
M.O.P. 27/2026

Between
Gangada Harish — **Petitioner**
And
Rithana Kumar Patel etc — **Respondants.**

To, R1. Rithana Kumar patel s/o late Maheswara Rao, Hindu, aged 26 years, driver of lorry CG 04 J 6726, c/o MFC Transport, Harapur, Raipur District, Chattisgarh state.
R2. MRS Gurmeet Kaur w/o Kattar Singh, Hindu, aged 35 years, owner of lorry CG 04 J 6726, c/o Majha Freight, Tati Bandh, Raipur, Chattisgarh state.

NOTICE

Please take notice that the above M.O.P. 27/2026 stands posted to 15.04.2026 for notice to the above respondant No 1 and 2. You should appear in person or through an Advocate at 10.30 A.M on the above said date in the above Honourable Court.
If you fail to appear on the said date the above matter will be decided exparte.

B.SANJEEVA RAO
Advocate for petitioner

नाम-परिवर्तन

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती महेश्वरी पति मनीष कुमार साहू, उम्र 20 वर्ष, निवासी-ग्राम पुरई, पोष्ट-पुरई, थाना-उतई, तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.) की हूं। मेरी (1) पुत्री साधना साहू की जन्मतिथि 14.03.2020 (2) पुत्री जया साहू की जन्मतिथि 17.06.2022 एवं (3) पुत्र खेमराज साहू की जन्मतिथि 25.06.2024 है जो मेरे पुत्र एवं पुत्रीगण के जन्म प्रमाण पत्र में माता का नाम त्रुटिपूर्ण वर्षा साहू दर्ज किया गया है उसे सुधार कर महेश्वरी पति मनीष कुमार साहू अंकित करवाना चाहती हूं। जो कि मेरे आधार कार्ड एवं परिचय पत्र में दर्ज है।

यह कि, मेरे पुत्र एवं पुत्रीगण के जन्म प्रमाण पत्र में आगे भविष्य में मैं अपने पुत्री के आधार कार्ड सहित संपूर्ण अंकसूची, शैक्षणिक अभिलेखों में सहीं वास्तविक व परिवर्तित /संशोधित नाम महेश्वरी पति मनीष कुमार साहू दर्ज करवाना चाहती हूं।

शपथकर्ती — श्रीमती महेश्वरी पति मनीष कुमार साहू, निवासी-ग्राम पुरई, पोष्ट-पुरई, थाना-उतई, तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव-02
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला राजनांदगांव तहसील राजनांदगांव प.ह.न. 00062 अंजोरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण सीटी 202526420511600024

तहसील राजनांदगांव के प.ह.न. 00062 के अंतर्गत ग्राम अंजोरा के वर्तमान भूमिस्वामी शेर सिंह निषाद पिता/पति तीरथराम निषाद पता धौलापुर चौक अंजोरा थनौद जिला दुर्ग, घनश्याम सिंह निषाद पिता/पति तीरथ निषाद पता कृष्णानगर सुपेला भिलाई तह व जिला दुर्ग, भीखम सिंह निषाद पिता/पति तीरथ निषाद पता धौलापुर चौक अंजोरा थनौद जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 147/3 (0.1850), 154/1(0.5090) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता शेर सिंह निषाद पिता/पति तीरथराम निषाद पता धौलापारा जोरा थनौद जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06/04/2026 को समय 2 पर की सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव 02 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12.03.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, राजनांदगांव (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता जानकी बाई (JANKI BAI) पति श्री आत्मा राम साहू, आयु 49 वर्ष निवासी- म.नं.- 421, ग्राम बोरई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) की हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ :- यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरे दाखिला खारिज व चिकित्सा पर्ची में मेरा नाम जानकी बाई (JANKI BAI) दर्ज है, जो कि सत्य व सही है। यह कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड में मेरा नाम राधा साहू (RADHA SAHU) दर्ज है। जो कि मेरे विवाहोपरान्त का नाम है। यह कि राधा साहू (RADHA SAHU) एवं जानकी बाई (JANKI BAI) दोनो नाम एक ही व्यक्ति का है, जो कि सत्य व सही है। यह कि भविष्य में आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं अन्य समस्त शासकीस, अर्द्धशासकीय दस्तावेजा में अपना सही नाम जानकी बाई (JANKI BAI) दर्ज किये जाने के समर्थन में यह शपथपत्र प्रस्तुत है। अतः यह शपथपत्र उपरोक्त कथन की सत्यता में गजट प्रकाशन हेतु सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ता — जानकी बाई पति श्री आत्मा राम साहू, निवासी- म.नं.- 421, ग्राम बोरई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202602103000053 /अ-27/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण नरोत्तम साहू पिता स्व. रतीराम साहू अन्य 01 निवासी ग्राम व पोस्ट मचान्दुर तह. व जिला दुर्ग विरूद्ध भूषण साहू पिता रतीराम साहू निवासी ग्राम व पोस्ट मचान्दुर तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा मौजा - मचान्दुर प.ह.न.-58 स्थित भूमि ख.नं. 1247, 1323/2, 1324, 491, 590 रकबा क्रमशः - 0.32, 0.32, 0.90, 0.47, 2.20 हे. कुल ख.नं. 05 व कुल रकबा 4.2100 हे. भूषण पिता रतीराम व अन्य 02 के हक भूमिस्वामी भूमि राजस्व अभिलेख मे दर्ज है। उपरोक्त वर्णित भूमि का आवेदकगण व अनावेदक की भूमि का दो हिस्सो में फर्द अनुसार खाता विभाजन किये जाने आवेदन पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 20.03.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.02.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ती श्रीमती नेहा दुबे (NEHA DUBEY) पति श्री आनंद दुबे (ANAND DUBEY) उम्र 29 वर्ष पता-मकान नंबर- 10/ए, बिहाईन्ड लोहिया रोड, नियर एक्ता चौक, कैलाश नगर, इंडस्ट्रीयल एरिया, भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) की निवासी हूं जो कि निम्न कथन करती हूं कि :- यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करती हूं। यह कि मेरे कक्षा 10वीं, कक्षा 12वीं अंकसूची, बी.ई. अंकसूची, एम.ए. अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, एवं समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा विवाह पूर्व नाम नेहा साहू (NEHA SAHU) पिता रविन्द्र कुमार साहू (RAVINDRA KUMAR SAHU) दर्ज है। यह कि मेरे विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र, ड्रायविंग लायसेंस, पेन कार्ड, आधार कार्ड एवं पासपोर्ट व मतदाता परिचय पत्र एवं निवासी प्रमाण पत्र में मेरा विवाह पश्चात वाला नाम नेहा दुबे (NEHA DUBEY) पति श्री आनंद दुबे (ANAND DUBEY) दर्ज है। यह कि, मेरा नाम नेहा साहू (NEHA SAHU) एवं नेहा दुबे (NEHA DUBEY) दोनो नाम एक ही महिला का नाम है, जो मेरा ही नाम है। जो कि मैं अब नेहा दुबे (NEHA DUBEY) पति श्री आनंद दुबे (ANAND DUBEY) के नाम से जानी, पहचानी व पुकारी जाती हूं। यह कि मैं अपने भविष्य के समस्त दस्तावेजों में अपना विवाह पश्चात वाला नाम नेहा दुबे (NEHA DUBEY) पति श्री आनंद दुबे (ANAND DUBEY) को दर्ज करवाना चाहती हूं जिसके सत्यता के समर्थन में यह शपथपत्र गजट प्रकाशन हेतु श्रीमान सक्षम प्राधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ती — श्रीमती नेहा दुबे पति श्री आनंद दुबे, पता-मकान नंबर- 10/ए, बिहाईन्ड लोहिया रोड, नियर एक्ता चौक, कैलाश नगर, इंडस्ट्रीयल एरिया, भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104800075

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी डॉ. ओमप्रकाश सिंह पिता/पति उमाचरण सिंह पता एफ 27बी मरोदा सेक्टर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 314/8(0,0300) में प्रस्तावित भूमिस्वामी केता पवन तनय सिंह पिता/पति स्व. ओमप्रकाश सिंह पता प्लाट नं. 314/8 प्रगति नगर रोड रिसाली वार्ड 63 भिलाई, अंजना सिंह पिता/पति स्व. ओमप्रकाश सिंह पता प्लाट नं. 314/8 प्रगति नगर रोड रिसाली वार्ड 63 भिलाई, प्रज्ञा सिंह पिता/पति स्व. ओमप्रकाश सिंह पता प्लाट नं. 314/8 प्रगति नगर रोड रिसाली वार्ड 63 भिलाई के नाम पर पंजीयन फौती होने के उपरॉत नामांतरण अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30.03.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14.02.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लो.नि.वि., संभाग क्र.-3,
डी-1/17, सेक्टर-17, नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

ज्ञाप क्र. 1682 / व.ले.लि./2025-26 — रायपुर दिनांक 13/03/2026

संशोधित भाव पत्र

वित्तीय वर्ष 2026-27 एवं 2027-28 में अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग मंडल क्रमांक-1 रायपुर के कार्यक्षेत्र अंतर्गत व्ही.आई.पी. आगमन एवं शासकीय कार्यक्रमों के आयोजन हेतु किराया भंडार सामग्री के भाव पत्र (कोटेशन) रजिस्टर्ड / स्पीड पोस्ट के द्वारा बंद लिफाफे में आमंत्रित की जाती है। इच्छुक योग्य टेंट हाउस प्रतिष्ठान निम्नानुसार तिथि में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है, विवरण निम्नानुसार है -

1. आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि - 24.03.2026
2. कोटेशन प्रस्तुत करने की तिथि - 01.04.2026
3. कोटेशन खोलने की तिथि - 02.04.2026

आवेदन पत्र के साथ निम्नानुसार दस्तावेज / प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रति प्रस्तुत करना आवश्यक होगा, दस्तावेज के अभाव में आवेदन स्वीकार्य नही होगा।

आवश्यक अर्हताएं -
(1) पिछले 3 वर्षो में 1 करोड़ रूपये का एकल कार्य का कार्यानुभव होना चाहिए।
(2) पिछले 3 वर्षो में प्रति वर्ष 1 करोड़ का टर्नओव्हर होना चाहिए।
(3) निविदा में भाग लेने के लिए रू. 20,000/- का Vendor Empanelment Fees (जो वापसी योग्य नहीं होगी) राशि जमा करना पड़ेगा।
(4) निविदा मे फर्म का गुमास्ता पंजीयन, आयकर चुकता प्रमाण पत्र या विगत 3 वर्षो का आयकर रिटर्न (फार्म 16), जी.एस.टी. की पंजीयन प्रमाण पत्र, ISO प्रमाण-पत्र तथा पैन कार्ड की स्व प्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत करना होगा।
(5) उपलब्ध सामग्री की सूची invoice सहित प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
(6) निविदा संबंधी अन्य शर्तें विभागीय वेबसाईट छ.ग. शासन लो.नि.वि. की वेबसाईट https://pwd.cg.nic.in/ के नोटिस बोर्ड मे उपलब्ध है।

कार्यपालन अभियंता
लो. नि. वि., संभाग क्र. 3
नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)

जी- 252607228/3

8 हजार से ज्यादा ज्योति कलशों से जगमगाएगा डोंगरगढ़ का मां बम्लेश्वरी मंदिर

रेलवे और पुलिस ने की चाक-चौबंद व्यवस्था

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। 19 मार्च से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्रि पर्व को लेकर मां बम्लेश्वरी मंदिर में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस बार नवरात्रि में जहां एक ओर हजारों ज्योति कलशों से बम्लेश्वरी धाम जगमगाएगा, वहीं दूसरी ओर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन, पुलिस और रेलवे ने व्यापक इंतजाम किए हैं। इस वर्ष नीचे स्थित मंदिर में 901 और पहाड़ी पर स्थित मुख्य मंदिर में लगभग 7,500 ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाएंगे। सभी दीप तेल से जलाए जाएंगे, जिससे पूरे धाम में भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का विशेष वातावरण निर्मित होगा। नवरात्रि के नौ दिनों तक डोंगरगढ़ में आस्था का सैलाब उमड़ता है और लाखों श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इसे देखते हुए इस बार व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ किया गया है।

आस्था और परंपराओं से जुड़ा है मंदिर का इतिहास: मां बम्लेश्वरी मंदिर का इतिहास आस्था और परंपराओं से जुड़ा हुआ है। मंदिर को लेकर कई किंवदंतियां प्रचलित हैं, जिनमें एक कथा विक्रमादित्य से भी जुड़ी मानी जाती है, हालांकि ऐतिहासिक प्रमाण सीमित हैं। ऐतिहासिक दस्तावेजों के अनुसार यह मंदिर लगभग 200 वर्ष पूर्व खैरागढ़ रियासत के राजा कमलनारायण सिंह द्वारा बनवाया गया था। आज़ादी के बाद राजा बीरेन्द्र बहादुर सिंह ने मंदिर के संचालन के लिए ट्रस्ट का गठन कराया, जो आज तक व्यवस्थाओं का संचालन कर रहा है। इस बार नवरात्रि में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने भी विशेष पहल की है। डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए कई अतिरिक्त ट्रेनों का संचालन शुरू किया गया है, वहीं कई प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों का अस्थायी ठहराव भी डोंगरगढ़ में दिया गया है। इससे छत्तीसगढ़ के साथ-साथ महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और अन्य राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं को सीधा लाभ मिलेगा और यात्रा अधिक सुगम होगी।

सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी इस बार व्यापक इंतजाम किए गए हैं। लगभग एक हजार पुलिस जवानों की तैनाती की जा रही है, जो मंदिर परिसर, पदयात्री मार्ग, रेलवे स्टेशन और शहर के प्रमुख स्थानों पर निगरानी रखेंगे। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश पर विशेष क्विक रिस्पांस टीम का गठन किया गया है, जो किसी भी आपात स्थिति में तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत और सुरक्षा व्यवस्था संभालेगी। प्रशासन, पुलिस और रेलवे के संयुक्त प्रयासों से इस बार डोंगरगढ़ में नवरात्रि महोत्सव भव्य होने के साथ-साथ सुरक्षित और सुव्यवस्थित भी नजर आएगा। हजारों ज्योति कलशों की रोशनी, मजबूत व्यवस्थाएं और श्रद्धालुओं की आस्था इस नवरात्रि को विशेष बना रही हैं। डोंगरगढ़ का मां बम्लेश्वरी धाम एक बार फिर आस्था, परंपरा और आधुनिक व्यवस्थाओं के संगम के रूप में सामने आने जा रहा है, जहां हर श्रद्धालु को सहज, सुरक्षित और दिव्य अनुभव देने की पूरी तैयारी कर ली गई है।

न्यूज गैलरी

अबूझमाड़ की बेटी वनिता नेताम ने 'आदि पर्व-2026' में रचा इतिहास

रायपुर/नवप्रदेश। नवा रायपुर स्थित आदिवासी संग्रहालय में 13 एवं 14 मार्च 2026 को आयोजित 'आदि पर्व 2026' में छत्तीसगढ़ की समृद्ध आदिवासी संस्कृति और परंपराओं की भव्य झलक देखने को मिली। इस आयोजन में प्रदेश की विभिन्न जनजातियों के प्रतिभागियों ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा, लोक नृत्य, गीत और सांस्कृतिक परंपराओं की आकर्षक प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम में नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र से शामिल हुई प्रतिभागी वनिता नेताम ने पारंपरिक जनजातीय वेशभूषा में मंच पर अपनी संस्कृति की शानदार प्रस्तुति दी। उनकी पारंपरिक पोशाक और आभूषणों ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण पैदा किया और उपस्थित दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचा। कार्यक्रम के दौरान आयोजित ट्राइबल अटायर शो को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि में भाग लेकर वनिता नेताम ने भी अपना नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराया, जो नारायणपुर जिले और अबूझमाड़ क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। आदि पर्व 2026 का आयोजन आदिवासी संस्कृति, परंपरा और विरासत को संरक्षित करने तथा उसे देश-दुनिया तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया। इस मंच के माध्यम से जनजातीय समाज की समृद्ध परंपराओं और सांस्कृतिक पहचान को व्यापक पहचान मिल रही है।

छुईखदान विकासखंड शिक्षा विभाग में समन्वयकों की कार्यप्रणाली पर सवाल

छुईखदान/नवप्रदेश। विकासखंड शिक्षा कार्यालय छुईखदान के अंतर्गत लगभग 40 स्कूल संकुल केंद्र संचालित हैं, जिनमें करीब 40 शिक्षक समन्वयक की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। शासन स्तर पर यह स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि समन्वयक सप्ताह में चार दिन अपने विद्यालय में अध्यापन कार्य करेंगे तथा दो दिन संकुल निरीक्षण का कार्य करेंगे। लेकिन स्थानीय स्तर पर कई समन्वयक नियमित रूप से अपने विद्यालयों में उपस्थित नहीं रहते और बाहरी कार्यों का बहाना बनाकर स्कूलों से नदारद रहते हैं। इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई पर सीधा असर पड़ रहा है। वर्तमान में परीक्षा का समय चल रहा है, ऐसे में विद्यार्थियों को शिक्षकों की अधिक आवश्यकता होती है। बावजूद इसके कई स्कूलों में समन्वयकों की अनुपस्थिति देखी जा रही है, जिससे शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। जब अधिकारियों द्वारा समन्वयकों को विद्यालय में नियमित अध्यापन करने के लिए कहा जाता है, तो वे संगठित होकर विरोध या हड़ताल की चेतावनी देने लगते हैं। ऐसी स्थिति में विभागीय नियंत्रण भी कमजोर पड़ता दिखाई दे रहा है। लोगों का कहना है कि वर्तमान बीईओ (ब्लॉक शिक्षा अधिकारी) भी इस व्यवस्था को नियंत्रित करने में असहाय नजर आ रहे हैं, जिसके कारण स्कूलों में अनुशासन और नियमित अध्यापन प्रभावित हो रहा है। यदि यही स्थिति बनी रही तो विद्यार्थियों की पढ़ाई गंभीर रूप से प्रभावित होगी।

पूरा हुआ मनीषा का सपना मिला सुरक्षित आशियाना

रायपुर/नवप्रदेश। एक सुरक्षित और पक्का घर हर परिवार के जीवन में स्थिरता, सम्मान और सुकून लेकर आता है। जब वर्षों का सपना हकीकत बनता है, तो वह केवल एक मकान नहीं बल्कि खुशियों और आत्मविश्वास की नई शुरुआत भी होता है। ऐसा ही सुखद बदलाव कोरबा नगर निगम के बुधवारी बाजार की श्रीमती मनीषा शुक्ला के जीवन में आया, जब प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के माध्यम से उनका पक्के घर का सपना साकार हुआ। श्रीमती मनीषा शुक्ला एक निजी स्कूल में शिक्षिका है। उनके पति श्री विपिन कुमार शुक्ला और वे लंबे समय से अपने परिवार के लिए एक पक्का मकान बनवाने का विचार कर रहे थे, लेकिन सीमित आय के कारण एक साथ बड़ी राशि जुटा पाना उनके लिए आसान नहीं था। वे जिस पुराने घर में रहते थे, वह पुराना हो चुका था। बारिश के मौसम में घर में पानी टपकने और अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ता था। घर की स्थिति खराब होने के कारण समय-समय पर मरम्मत करानी पड़ती थी और जगह कम होने से मेहमानों के आने पर भी असुविधा होती थी। वर्ष 2025-26 में हुए सर्वे के दौरान उनका नाम प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 की सूची में शामिल हुआ। आवश्यक दस्तावेजों की प्रक्रिया पूरी करने के बाद उनका आवास स्वीकृत हो गया। जल्दी ही योजना की पहली किस्त उनके बैंक खाते में आ गई, जिससे उन्होंने अपने सपनों के घर का निर्माण कार्य शुरू कर दिया। मनीषा ने योजना से मिली राशि के साथ अपनी वर्षों की जमा पूंजी भी जोड़ी और एक मजबूत तथा सुंदर पक्का मकान बनवाया।

राजधानी स्थित मुख्यालय में सफलतापूर्वक संचालित है ई-ऑफिस

1 अप्रैल से सभी बिजली दफ्तर में लागू होगा ई-ऑफिस सिस्टम

डिजिटल हस्ताक्षर से हो रहा फाइलों का अनुमोदन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के राजधानी स्थित डंगनिया मुख्यालय में ई-ऑफिस का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के बाद अब इसका विस्तार किया जा रहा है। अब प्रदेश के सभी बिजली दफ्तर में 1 अप्रैल 2026 से ई-ऑफिस प्रणाली लागू किया जाएगा। इसके लिए ट्रांसमिशन कंपनी के सभी कक्षा से सभी मैदानी अफसरों को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ में डिजिटल प्रशासन को बढ़ावा देने के साथ फाइलों के त्वरित व पारदर्शी निराकरण के लिए ई-ऑफिस का क्रियान्वयन छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज़ में मुख्यालय स्तर पर 10 नवंबर 2025 से किया जा चुका है। अब इसे प्रदेश के सभी कार्यालयों में लागू करने का निर्णय लिया गया है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) एएम परियल ने इस संबंध में परिपत्र जारी किया है। इसमें कहा गया है कि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज़ के जनरेशन, ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों में अब पेपरलेस काम की तैयारी की जा रही है। इसके तहत 1 अप्रैल से मैदानी स्तर के कार्यालयों में भी ई-ऑफिस प्रणाली को लागू किया जा रहा है। ई-ऑफिस के माध्यम से अब नोटशीट, आदेश, पत्र और परिपत्र जैसे सभी दस्तावेजों का निर्माण, अनुमोदन, प्रेषण तथा संधारण पूरी तरह डिजिटल रूप से किया जाएगा। इससे कार्यों में गति आएगी और कागज के उपयोग में कमी होगी। इस नई व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के केंद्र सूचना एवं प्रौद्योगिकी केंद्र (ईआईटीसी) ने आज से ऑनलाइन ट्रेनिंग आरंभ कर दी है।

बकाया बिजली बिल में राहत पाने 5 दिन में 23,478 पंजीयन

पंजीयन कराने वालों में सबसे ज्यादा 9473 उपभोक्ता बीपीएल के

बड़े बकायादारों के लाखों रुपए सरचार्ज माफ होंगे

रायपुर/नवप्रदेश। बिजली बिल के बकायादारों से बकाया राशि वसूल करने के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना (एमबीबीएस) का लाभलेने 5 दिन में 23,478 बकायादारों ने पंजीयन कराया है। इनमें सबसे ज्यादा बीपीएल उपभोक्ता हैं। पंजीयन के बाद योजना का लाभ उपभोक्ताओं को तभी मिलेगा, जब वे बकाया राशि की 10 फीसदी राशि का भुगतान पहले करेंगे। सरकारी विभागों को छोड़कर 28 लाख 42 हजार घरेलू, कृषि और बीपीएल उपभोक्ताओं पर 1567 करोड़ रुपए बकाया है। इनमें से ज्यादातर 6 से 7 साल पहले के हैं। इस योजना में 31 मार्च 2023 की स्थिति में बकायादार उपभोक्ताओं को शामिल किया गया है। इस योजना के तहत सभी श्रेणियों अर्थात अशासकीय घरेलू, कृषि, बीपीएल तथाि न्करय उपभोक्ताओं का पूरा सरचार्ज माफ होगा। योजना में शामिल होने के लिए बकायादारों को न केवल पहले पंजीयन कराना होगा, बल्कि बकाया बिल की 10 फीसदी राशि का भुगतान करना होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार योजना शुरू होने के बाद 5 दिन में 23,478 बकायादारों ने योजना में शामिल होने के लिए पंजीयन करा लिया है। इनमें कृषि के 1373, घरेलू के 8488 तथा बीपीएल बकायादारों की संख्या 13,617 है। पंजीयन के बाद योजना के तहत छूट का लाभतभी मिलेगा, जब बकायादार बकाया राशि का 10 प्रतिशत पहले जमा करेंगे। सरचार्ज माफकरने के अलावा एकमुश्त अथवा तीन किस्तों तक भुगतान करने पर मूल राशि में भी छूट प्रदान की जाएगी।

एनएमडीसी और जीएमडीसी ने समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

रेअर अर्थ तत्वों की संभावनाओं को तलाशने के लिए संयुक्त प्रयास

हैदराबाद/नवप्रदेश। भारत की प्रमुख खनन कंपनियों - एनएमडीसी लिमिटेड और जीएमडीसी लिमिटेड ने सोमवार को रेअर अर्थ तत्वोंकी संभावनाओं का अन्वेषण में सहयोग करने हेतु एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस सशक्त साझेदारी का उद्देश्य भारत के लिए एक समेकित एवं सतत् महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखला का विकास करना है। यह साझेदारी देश में रेअर अर्थ तत्वों के अन्वेषण के साथ-साथ अनुसंधान एवं विकास (R&D) क्षमताओं के विस्तार तथा इस उप-क्षेत्र में कार्बन-सचेत पहलों को बढ़ावा देने का मार्ग प्रशस्त करती है।

एनएमडीसी मुख्यालय, हैदराबाद में अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी, एनएमडीसी तथा रूपवंत सिंह, आईएएस, प्रबंध निदेशक, जीएमडीसी की उपस्थिति में , दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हस्ताक्षरित किया। 16 मार्च 2026 से प्रभावी यह समझौता दो वर्ष की अवधि के लिए है तथा प्रस्तावित सहयोग का मूल्यांकन एवं सुदृढ़ीकरण करने हेतु एक संचालन समिति एवं कार्य समूह के गठन की अनुशंसा करता है। इस सहयोग से देशभर में रेअर अर्थ तत्वों तथा उससे संबंधित डाउनस्ट्रीम गतिविधियों के विकास को मजबूती मिलने की अपेक्षा है।

इस अवसर पर एनएमडीसी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक अमिताभ मुखर्जी ने कहा, 'रेअर अर्थ तत्वों में भारत की रुचि अब एक रणनीतिक राष्ट्रीय प्राथमिकता बन चुकी है। ये खनिज ऊर्जा सुरक्षा, रक्षा क्षमता तथा वास्तविक आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य के केंद्र में हैं। खनन कंपनियों से इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया है। जीएमडीसी के साथ मिलकर एनएमडीसी देश के लिए शीघ्र ही एक सुदृढ़ महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है।' एनएमडीसी और जीएमडीसी, अपने-अपने महत्वपूर्ण खनिज मिशन एवं रेअर अर्थ कॉरिडोर में प्रगति के साथ, भविष्य में संयुक्त उपक्रम, विशेष प्रयोजन वाहन तथा रणनीतिक व्यावसायिक सहयोग पर भी विचार कर रहे हैं।

राजधानी में फिर गैंगवार: रक्सैल गैंग का मौदहापारा के लड़कों से भिड़ंत

रायपुर/नवप्रदेश। मौदहापारा थाना क्षेत्र में बदमाशों के दो गुट आपसी रंजिश के चलते जमकर हंगामा करते हुए एक-दूसरे पर पथराव किए, साथ ही चाकू और तलवार से हमला कर दिया। घटना में तीन लोगों को चोटें आई हैं। घटना के बाद मरहीमाता मंदिर में पथराव होने से तनाव की स्थिति निर्मित हो गई।

मौके पर पहुंचकर पुलिस ने स्थिति नियंत्रित करते हुए, किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटने पुलिस बल की तैनाती की है। बताया जा रहा है, बलवाइयों ने मंदिर के सामने फूल बेचने वाली महिलाओं एवं बच्चों की पिटाई की है। मौदहापारा थाना क्षेत्र में रवि रक्सेल, अभय रक्सेल तथा उसके अन्य साथियों ने मो. अल्ताफ और राशिद अली के साथ मारपीट कर उन पर चाकू से हमला कर दिया।

घटना के बाद रवि तथा उसके साथी मरहीमाता मंदिर में जाकर छिप गए। चाकूबाजी की जानकारी मिलने के बाद मौदहापारा के रहवासियों ने रवि तथा उसके अन्य साथियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर थाने के सामने प्रदर्शन किया। घटना के बाद रवि रक्सेल तथा उसके साथी फरार हो गए हैं।

सवा करोड़ की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। ठगी के दो अलग-अलग मामलों में रेंज साइबर पुलिस तथा एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम ने दो आरोपियों को हरियाणा तथा पश्चिम बंगाल के गिरफ्तार किया है।

हरियाणा से गिरफ्तार आरोपी ने एक सेवानिवृत्त वेटनरी डॉक्टर को डिजिटल अरेस्ट कर सवा करोड़ रुपए की ठगी की थी डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने के मामले में रेंज साइबर पुलिस ने पहली बार पीड़ित का 58 लाख रुपए कैश रिफंड कराने के साथ ही उनकी शेष रकम को होल्ड कराने में कामयाबी हासिल की है। सेवानिवृत वेटनरी डॉक्टर 74 वर्षीय सपन सेन से ठगी करने के आरोप में रेंज साइबर पुलिस ने हरियाणा, गुड़गांव से सोमनाथ महतो को गिरफ्तार किया है।

मंदिर हसौद पालिका में हंगामा सीएमओ के खिलाफ तालाबंदी

पालिकाध्यक्ष और पार्षदों ने दिया धरना

आरंग/नवप्रदेश। मंदिर हसौद नगर पालिका परिषद में सोमवार को बड़ा विरोध प्रदर्शन देखने को मिला। मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) पूजा पिल्ले की कथित मनमानी और तानाशाही कार्यशैली के खिलाफ पार्षदों, व्यापारी संघ और स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका कार्यालय के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया। साथ ही एक दिवसीय हड़ताल और शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया गया जिसमें पूरा नगर की सभी दुकानें बंद रहीं। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि, सीएमओ श्रीमती पिल्ले लंबे समय से जनप्रतिनिधियों की अनदेखी कर रही हैं और कई प्रशासनिक फैसले नियमों के खिलाफ ले रही हैं। इससे नगरवासियों, व्यापारियों और पार्षदों में गहरा असंतोष फैल गया है। पूर्व में भी कई बार शिकायतें और ज्ञापन दिए जा चुके हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। नगर पालिका अध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी के नेतृत्व में यह आंदोलन किया गया।

गैस संकट: रेलवे स्टेशन से जनता खाना गायब

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर रेलवे स्टेशन पर भी इन दिनों गैस संकट का असर दिखाई देने लगा है। स्टेशन पर मिलने वाला सबसे किफायती भोजन, जिसे जनता खाना कहा जाता है, स्टालों से पूरी तरह गायब कर दिया गया है। उसके न मिलने से जरूरतमंद यात्रियों को 15 रुपए का जनता खाना की जगह वेंडर्स फूड ट्रॉली में 30 रुपए की पूरी-सब्जी खरीदनी पड़ रही है। सिलेंडर की किल्लत का बहाना या मुनाफे का खेल ? - स्टेशन के वेंडरों से जब इस बारे में बात की जाती है, तो वे दबी जुबान में गैस सिलेंडर की किल्लत का हवाला देते हैं। तर्क दिया जा रहा है कि ईंधन की कमी के कारण जनता खाना तैयार करने में दिक्कत आ रही है। हालांकि, यात्रियों का सवाल वाजिब है।

शिक्षक पात्रता परीक्षा: प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के लिए टेट का आयोजन विभागीय स्तर पर किया जाएगा

पहली बार व्यापमं नहीं लेगा टेट, विभागीय स्तर पर परीक्षा, जिलों से मंगाई जानकारी

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के लिए टेट का आयोजन विभागीय स्तर पर किया जाएगा। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और संयुक्त संचालकों को खत लिखकर उनके क्षेत्र में कार्यरत शिक्षकों की टेट अहर्ता संबंधित जानकारी मांगी गई है। सूत्रों के अनुसार, यह परीक्षा केवल शासकीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के लिए ही आयोजित की जाएगी। अब तक प्रदेश में शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा किया जाता रहा है। विभागीत स्तर पर टेट आयोजित होने की स्थिति में यह पहली बार होगा, जब शिक्षक पात्रता परीक्षा व्यापम के स्थान पर विभाग लेगा।

18 मार्च तक देनी होगी जानकारी

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा समस्त शिक्षा संभाग के संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारियों को लिखे गए खत में शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर में कार्यरत शिक्षकों की टीईटी अर्हता संबंधी जानकारी निर्धारित प्रपत्र में मांगी गई है। समस्त जिला शिक्षा अधिकारी अपने संयुक्त संचालक कार्यालय को 17 मार्च तक जानकारी उपलब्ध कराएंगे एवं 18 मार्च तक सभी संयुक्त संचालक जानकारी एकत्र कर संचालनालय को हार्ड एवं साफ्ट कॉपी में ई-मेल में उपलब्ध कराएंगे।

गौरतलब है, सुप्रीम कोर्ट के आदेश पश्चात शिक्षकों की पदोन्नति के लिए टेट अनिवार्य कर दिया गया है। केवल वे ही शिक्षक जो टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट उत्तीर्ण कर चुके हैं, उन्हें ही पदोन्नति प्रदान की जाएगी। व्यापम नियमित रूप से टेट का आयोजन नहीं करता है। सामान्यतः दो अथवा तीन वर्ष के अंतराल में व्यापम यह परीक्षा आयोजित करता है। एक प्रयास में टेट उत्तीर्ण नहीं कर पाने की स्थिति में शिक्षकों को पदोन्नति के लिए लंबा इंतजार करना पड़ेगा, इसलिए विभागीय स्तर पर परीक्षाएं आयोजित करने की तैयारी है, ताकि शिक्षक पदोन्नति से वंचित ना हो।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने शासन को सुझाव प्रस्तुत करते हुए मांग किया है कि शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखते हुए जून एवं जुलाई माह में विभागीय सीमित शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित की जाए, जिससे समय रहते शिक्षकों की पात्रता से संबंधित जटिलताओं का समाधान हो सके। शिक्षकों की सेवा सुरक्षा, पदोन्नति के अवसर एवं शैक्षणिक गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए विभागीय सीमित टेट पात्रता परीक्षा आयोजित करने की मांग संघ द्वारा की गई है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com